सुप्रभात

रांची, बुधवार

02.04.2025

* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | चैत्र, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी/ पंचमी, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 257




पूरे झारखंड में सरहुल की धूम, मांदर की थाप पर थिरके लोग




CELEBRATING 27 YEARS OF TRUST

GOAL®
Educational Services Pvt. Ltd.
Nation's Leading Institute

Ranked
No. 1 Institute
of Eastern India
(By India Today Survey)

हम झारखंड के छात्रों की भावनायें बेहतर समझते हैं
क्योंकि यह सिर्फ संस्थान नहीं, "संपूर्ण परिवार" है ।

Goalians Captured 6 out of Top 10 Ranks in NEET-2024 Jharkhand Medical State Merit List



| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 710/720 | 710/720 | 710/720 | 706/720 | 702/720 | 700/720 |
| JHARKHAND NEET 2024 STATE RANK 1 GEN. | JHARKHAND NEET 2024 STATE RANK 2 GEN. (Cat - Gen.Ews - Rank - 1) | JHARKHAND NEET 2024 STATE RANK 3 GEN. (Cat - BC 1 - Rank - 1) | JHARKHAND NEET 2024 STATE RANK 4 GEN. (Cat - BC 1 - Rank - 2) | JHARKHAND NEET 2024 STATE RANK 6 GEN. (Cat - BC 2 - Rank - 1) | JHARKHAND NEET 2024 STATE RANK 8 GEN. (Cat - BC 2 - Rank - 2) |
| KESHAV S. SAMDARSHI | GAURAV KUMAR | SHUBHAM KUMAR | NIKHIL KR. GUPTA | HEMA MEHTA | SAURAV KUMAR |
| AIIMS-NEW DELHI | MAMC-NEW DELHI | MAMC-NEW DELHI | AIIMS-BHOPAL | AIIMS-BHOPAL | BHU-VARANASI |

झारखंड के छात्र एवं अभिभावकों का सर्वाधिक विश्वसनीय संस्थान गोल ही क्यों ?

- क्योंकि गोल के पास है झारखंड के छात्रों की जरूरतों के अनुसार तैयारी कराने का 27 वर्षों का अनुभव।
- क्योंकि गोल संस्थान गुणवत्ता पूर्ण शिक्षण के साथ करता है पैरेंटल केयर ।
- क्योंकि गोल संस्थान शिक्षा के साथ संस्कार का भी रखता है ख्याल, जहाँ छात्र और छात्राएँ सुरक्षित और सुसंस्कृत तरीके से कर पाते हैं अपनी तैयारी ।
- क्योंकि यहां अनुभवी शिक्षकों और प्रबंधन के सदस्यों द्वारा नई शिक्षा पद्धति के अनुसार नए पैटर्न पर आधारित पूरे पाठ्यक्रम को रोचक तरीके से पढ़ाई जाती है।
- क्योंकि गोल लेता है सर्वाधिक टेस्ट साथ में डाउट क्लास, बैकअप क्लास, रिविजन क्लास, सेमिनार, वेबीनार, पर्सनल केयर इत्यादि ।
- क्योंकि गोल के पास है पूर्वी भारत के कोचिंग क्षेत्र का सर्वाधिक विकसित इन्फ्रास्ट्रक्चर **गोल एजुकेशन विलेज** ।
- क्योंकि गोल संस्थान सिर्फ मेधावी छात्रों को ही नहीं बल्कि साधारण छात्रों का भी केयर और सही दिशा-निर्देश के साथ असाधारण सफलता दिलाती है इसलिए इसका नाम छात्रों और अभिभावकों के बीच **रिजल्ट फैक्ट्री** के रूप में हुआ है प्रसिद्ध ।
- क्योंकि गोल झारखंड का सर्वाधिक रिजल्ट और रैंकर देने के साथ-साथ 100% प्रमाणिक रिजल्ट के लिए जाना जाता है ।

GOAL - The result factory, जहां साधारण छात्र भी पाते हैं असाधारण सफलता



Some of the Selected GOAL Students in NEET - 2024

GOAL Education Village
Modern Gurukul
The maximum result producing campus in India with 85% success rate
A milestone in the field of Coaching Institute for the students of Eastern India
First Preparatory Institute of Eastern India spread over 14 Acres of land with all the essential amenities to provide the best education under one campus.



Huge Early Admission Advantage

| | |
|---|---|
| Till 10th, April 2025 | : Old Fee Benefit + Scholarship in Admission Test + 40% Additional Rebate in Tuition Fee |
| From 11th, April 2025 | : New Fee Applicable |

Scan & Get Registered for Scholarship Test

Scan & Get the Glimpse of Goal through short Video

ADMISSION IS GOING ON

GOAL's Result Oriented Courses

| FOUNDATION PROGRAM | TARGET PROGRAM | FRESHERS PROGRAM | ACHIEVER PROGRAM | PRE-FOUNDATION PROGRAM | TEST & DISCUSSION PROGRAM |
|---|---|---|---|---|---|
| for Engineering & Medical 2027 (for 10th Passed/Appeared) | for Engineering & Medical 2026 (for 12th Passed/Appeared) | for Engineering & Medical 2026 (for 11th Passed/Appeared) | for Medical 2026 (for 12th Passed/Appeared) | for Class 9th & 10th Studying Students | for Engineering / Medical 2025 (for 12th Passed/Appeared) |

Scholarship tests are conducted EVERY DAY

RANCHI (LALPUR) : 504, 5th Floor, R.S. Tower, Near Pantaloons | RANCHI (HINOO) : 302, 303, 3rd Floor, Indira Palace, Main Road,
DHANBAD (Office & Classroom) : GOAL Empire, Memko More, Dhaiya, Dhanbad, Mob.: 9334098595, 9308057050

OTHER GOAL CORPORATE BRANCHES :

DELHI : 7564900045, PATNA : 0612-3508700, BHILAI : 07884013502, 09826943595, RAIPUR : 07714060711, 07415884100

7564900041/ 42 / 43 | www.goalinstitute.org | Follow us on

## सिरमटोली फ्लाईओवर विवाद : पुलिस मुख्यालय ने जारी किया निर्देश

# उग्र प्रदर्शन और पुलिस के साथ उलझने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई पर रोक

- सरकार ने डीजीपी को प्राथमिकी के आधार पर अभियुक्तों के विरुद्ध कार्रवाई पर रोक लगाने का दिया था आदेश



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रांची के सिरम टोली में 30 मार्च को हंगामा करने और पुलिस से झड़प करने वाले लोगों के खिलाफ आगे की पुलिस कार्रवाई फिलहाल रोक दी गई है। पुलिस मुख्यालय ने इस संबंध में रांची पुलिस को निर्देश जारी किया है।

**क्या है पुलिस मुख्यालय का निर्देश :** झारखंड पुलिस मुख्यालय के द्वारा जारी किए गए पत्र में यह लिखा गया है कि 30 मार्च को सिरम टोली फ्लाईओवर के रैंप को हटाने के लिए कुछ लोगों ने जुलूस निकालकर उग्र प्रदर्शन किया था। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेडिंग तोड़ दी और विधि-व्यवस्था को बिगड़ने से रोकने के लिए प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों और पुलिस बल के साथ धक्का-मुक्की एवं छीना झपटी भी की। इस दौरान मौके पर प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी, बल और दंडाधिकारियों ने संयम बरतते हुए विधि-व्यवस्था बनाए रखी। मामले के संबंध में चुटिया थाना, रांची में सुसंगत धाराओं के अंतर्गत कांड संख्या 77/2025 दर्ज की गई।

एफआईआर दर्ज करने की सूचना प्राप्त होने पर सरकार के द्वारा डीजीपी झारखंड को यह निर्देश दिया गया कि चूंकि यह घटना सरहुल पर्व की भावना से जुड़ी हुई है, अतः इस प्राथमिकी के आधार पर अभियुक्तों के विरुद्ध किसी भी कार्रवाई पर रोक लगाई जाए। सरकार से आदेश मिलने के बाद डीजीपी ने वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची को निर्देश दिया कि इस कांड में कोई अग्रेतर कार्रवाई नहीं की जाए।

### सिरमटोली फ्लाईओवर विवाद और प्रदर्शन के मामले में दर्ज की गयी है प्राथमिकी

गौरतलब है कि मामले को लेकर गीताश्री उरांव के अलावा शनि हेंब्रम, मधु रजक, कुंदरसी मुंडा, निरंजना हेरेंज, मनोज कुमार महतो, पवन तिर्की, रवि मुंडा, राहुल तिर्की, आकाश तिर्की, अजय टोप्पो, प्रदीप बेक, राजेश कछाप, बाहा मरांडी, आशीष, राकेश बड़ाईक, विकास मुंडा, नमीत हेंब्रम, चंपा कुजूर, सुनीता मुंडा समेत 21 के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज हुई है। एफआईआर में बैरिकेडिंग तोड़ने के साथ जवान की राइफल छीनने की भी कोशिश की गयी। इसके एलावा पुलिस के साथ धक्का मुक्की और सरकारी काम में बाधा डालने का भी केस दर्ज किया गया है।

### मुकदमा दर्ज करने वाले पुलिसकर्मियों पर कठोर कार्वाई हो : बाबूलाल

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि फ्लाईओवर रैंप निर्माण का विरोध कर रहे आदिवासियों पर मुकदमा कर कार्रवाई नहीं करने का निर्देश देना बढ़िया नौटंकी है। उन्होंने कहा कि पहले तो सरहुल पर्व मनाने वालों को डराने के लिए उनपर एफआइआर करो। फिर सहानुभूति बटोरने के लिए इस एफआइआर पर कोई किसी पर कारवाई नहीं करने का निर्देश दे दो। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को अगर सरहुल पर्व की भावना का एहसास है तो उन पुलिस वालों को निलंबित कर कठोर कार्वाई करिये, जिन्होंने ये एफआइआर किया है।

# राज्यवासियों की भावनाओं को ठेस पहुंचा रही राज्य सरकार: बाबूलाल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सिरमटोली फ्लाइओवर रैंप निर्माण के खिलाफ आदिवासी समाज लंबे समय से चरणबद्ध आंदोलन कर रहा है लेकिन अब तक स्थायी समाधान निकालने की दिशा में ठोस पहल नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि सरना स्थल हमारी आस्था, संस्कृति और परंपरा की पहचान है। इसे संरक्षित रखना हर आदिवासी का कर्तव्य है। राज्य सरकार ने आदिवासियों की आवाज को अनसुना कर दिया। इससे समाज में आक्रोश है। उन्होंने कहा कि आदिवासी होने के नाते मुख्यमंत्री से उम्मीद थी कि वे समाज की पीड़ा समझेंगे और सरना स्थल की रक्षा सुनिश्चित करेंगे, लेकिन सरकार की निष्क्रियता साबित करती है कि वह आदिवासियों की मांगों को पूरा करने की इच्छुक नहीं है। उन्होंने कहा कि सरहुल पर्व के अवसर पर आदिवासी समाज द्वारा मुख्यमंत्री का विरोध स्पष्ट संदेश देता है कि यह सरकार अहंकारी सरकार बन चुकी है। यह सरकार अपने ही लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का काम कर रही है।

### राज्य की अबुआ सरकार के खिलाफ सरना आदिवासी समाज सड़क पर : प्रतुल शाहदेव



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि अबुआ सरकार के खिलाफ अब सड़क पर आदिवासी ही उतर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सिरम टोली फ्लाई ओवर के पास स्थित सरना स्थल की रक्षा को लेकर आदिवासी समाज लंबे समय से आंदोलनरत हैं लेकिन, सरकार इस मुद्दे पर पहल नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार को आंदोलनरत आदिवासियों को वार्ता के लिए बुलाकर गतिरोध दूर करना चाहिये था लेकिन, सरकार इस मुद्दे पर पूरे तरीके से उदासीन है। उन्होंने कहा कि सिरम टोली सरना स्थल में सरहुल पूजा करने गये मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ लोगों ने काला बिल्ला लगाकर प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री को आदिवासियों का आक्रोश नहीं दिख रहा है। मुख्यमंत्री खुद को आदिवासी का बेटा और इस सरकार को आदिवासी मूलवासी की सरकार कहते हैं तो फिर वे आंदोलनकारी सरना आदिवासियों से वार्ता से क्यों भाग रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में वार्ता से ही बड़े से बड़े गतिरोध दूर होते हैं लेकिन मुख्यमंत्री आदिवासियों के एक प्रमुख सरना स्थल में चल रहे विवाद को दूर करने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं।

# रक्षा राज्य मंत्री ने राष्ट्रपति को सरहुल पर्व की बधाई दी



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने मंगलवार को दिल्ली में राष्ट्रपति भवन जाकर प्राकृतिक पर्व सरहुल के पावन अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सरहुल की शुभकामनायें दी। उन्होंने रांची के समस्त सरनावासियों को प्राकृतिक पर्व सरहुल की अपनी शुभकामनायें दीं।


## चुनाव आयोग का राजनीतिक दलों के साथ सबसे बड़ा जुड़ाव अभियान

# देशभर में सीइओ, डीइओ और इआरओ के स्तर पर 4,719 बैठकें की गयीं आयोजित

- बैठक में शामिल हुए 28,000 से अधिक पार्टी प्रतिनिधि

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने देशभर में निर्वाचन पंजीकरण पदाधिकारी (ईआरओ), जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) के स्तर पर राजनीतिक दलों के साथ संरचित जुड़ाव की एक श्रृंखला आयोजित की। कुल 25 दिनों की अवधि में, 31 मार्च 2025 तक, ऐसी कुल 4,719 बैठकें आयोजित की गयीं, जिनमें सीईओ द्वारा 40 बैठकें, डीईओ द्वारा 800 और



ईआरओ द्वारा 3,879 बैठकें शामिल थीं। इन बैठकों में देशभर से राजनीतिक दलों के 28,000 से अधिक प्रतिनिधि शामिल हुए।

यह बैठक मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार द्वारा 4-5 मार्च 2025 को आईआईआईडीईएम, नई दिल्ली में आयोजित मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों के सम्मेलन के दौरान चुनाव आयुक्त डॉ सुखबीर सिंह संधू और डॉ विवेक जोशी के साथ जारी निर्देशों के अनुसार आयोजित




की गयी। इन बैठकों का उद्देश्य संबंधित सक्षम प्राधिकारी यानी ईआरओ या डीईओ या सीईओ द्वारा लोकप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951 के मौजूदा कानूनी ढांचे, मतदाताओं के पंजीकरण नियम, 1960 चुनावों के संचालन नियम, 1961 और ईसीआई द्वारा समय-समय पर जारी किए गए मैनुअल, दिशानिर्देश और निदेशों के भीतर किसी भी लंबित मुद्दे को हल करना है। आगे के आकलन के लिए सभी राज्य/केंद्र शासित प्रदेश के सीईओ से एक कार्रवाई रिपोर्ट मांगी गई है। इसके अलावा किसी भी मुद्दे को, यदि मौजूदा कानूनी ढांचे के भीतर हल नहीं किया जाता है, तो आयोग द्वारा उठाया जाएगा।

# यूपी के मुख्यमंत्री से मिले झारखंड के राज्यपाल



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार मंगलवार को उत्तर प्रदेश के लखनऊ पहुंचे। इस दौरान उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुख्यमंत्री आवास, लखनऊ में शिष्टाचार भेंट की।

# आधुनिकता की अंधी दौड़ से अलग पुरखों की विरासत बचाने की जरूरत : शिल्पी नेहा तिर्की

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** प्रकृति पर्व सरहुल पर एक बार फिर राजधानी रांची की सड़कों पर आदिवासी समाज की संस्कृति और परम्परा का अदभुत नजारा देखने को मिला। पारंपरिक परिधान में ढोल-नगाड़ा और मांदर की धुन पर नाचते-झूमते लोग सरहुल पर्व के रंग में सराबोर दिखे। राज्य की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की भी सरहुल के मौके पर अलग अंदाज में नजर आयीं। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की रांची में कल्याण विभाग द्वारा संचालित भागीरथी आदिवासी छात्रावास के छात्राओं के साथ सरहुल शोभा यात्रा में शामिल हुईं। राजधानी रांची की सड़कों पर तीन घंटे से ज्यादा समय तक मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की कभी आदिवासी नृत्य, तो कभी नगाड़ा बजाती रहीं। पारंपरिक परिधान में एक साथ बड़ी संख्या में शामिल छात्राओं का नृत्य देखते ही बन रहा था।

**आज दो विचारधारा के बीच ही लड़ाई :** कृषि मंत्री शिली नेहा तिर्की ने कहा कि आज रांची की जनता ने फिर एक बार साबित कर दिया की आदिवासी समाज संतुष्ट और सामूहिकता में विश्वास करने वाला समाज है। समाज को बांटने की कोशिश न आज सफल हुई है और न आगे कभी सफल होगी। आज दो विचारधारा के बीच ही लड़ाई है। एक तरफ आदिवासी समाज है जो प्रकृति पर विश्वास करता है, जो सामूहिकता पर विश्वास करता है। जो संतुष्ट समाज की श्रेणी में आता है और दूसरी तरफ पूंजीवाद है। आधुनिकता की अंधी दौड़ से अलग पुरखों की विरासत और संस्कृति को बचाना ही सरहुल पर्व का असल संदेश है। आदिवासी समाज की नई पीढ़ी को अपनी अभ्यता और परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए एक ब्रांड एंबेसडर की भूमिका अदा करनी होगी। इससे पहले मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने सरहुल पर्व पर करमटोली आदिवासी हॉस्टल और हातमा स्थित वीर बुधु भगत आदिवासी छात्रावास परिसर में पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ पूजा अर्चना की।

# सरकारी स्कूलों में आज से नया सत्र

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के सरकारी स्कूलों में दो अप्रैल से नया शैक्षणिक सत्र हो जाएगा। नया शैक्षणिक सत्र एक अप्रैल से ही शुरू होना था, लेकिन सरहुल के अवकाश के कारण स्कूल दो अप्रैल से खुल रहे हैं। सभी सरकारी स्कूलों में वार्षिक परीक्षाएं संपन्न हो चुकी हैं तथा परिणाम भी घोषित कर दिया गया है। इधर, नया शैक्षणिक सत्र शुरू होते ही इस बार भी बच्चों को पाठ्य-पुस्तकें नहीं मिल पाएंगी।

**स्कूलों तक नहीं पहुंची है किताबें**

किसी भी जिले में पाठ्य-पुस्तक स्कूलों तक नहीं पहुंची है। उम्मीद जतयी जा रही है कि सरहुल के बाद प्रकाशकों द्वारा पुस्तकें प्रखंड



स्तर पर स्थित बीआरसी में पहुंचाई जाएंगी। वहां से स्कूलों तक पहुंचाई जाएंगी। समग्र शिक्षा अभियान के तहत कक्षा एक से आठ के बच्चों को पुस्तकें दी जाती हैं।

**तीन साल बाद एक अप्रैल से शुरू होगा शैक्षणिक सत्र :** बताते चलें कि सरकारी स्कूलों में तीन वर्ष बाद शैक्षणिक सत्र एक अप्रैल से शुरू होगा। कोरोना के कारण पूर्व में शैक्षणिक सत्र अनियमित हुआ था। वर्ष 2020-21 में कोरोना के कारण स्कूलों के बंद होने से बाद के शैक्षणिक सत्रों में एक-एक माह की कमी की गई थी। इस कारण 2022-23 का शैक्षणिक सत्र एक जुलाई से शुरू हुआ था। इसी तरह 2023-24 का सत्र एक जून तथा 2024-25 का सत्र एक मई से शुरू हुआ था।

# सिरमटोली सरना स्थल पर पूजा करने पहुंचे मुख्यमंत्री हेमंत का हुआ विरोध



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सिरमटोली में सरना स्थल के मेन गेट के सामने से फ्लाईओवर रैंप को लेकर उपजा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार को सरहुल के मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी पत्नी कल्पना सोरेन के साथ सरना स्थल पहुंचे। इस दौरान पूर्व मंत्री गीताश्री उरांव के नेतृत्व में विरोधी गुट ने विरोध जताया। विरोधी गुट के लोग सिर और हाथों पर काला पट्टी बांधे हुए थे। इधर कड़ी सुरक्षा के बीच सीएम हेमंत सोरेन ने सरना स्थल पर पूजा अर्चना की और आदिवासी हॉस्टल में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए निकल गये।

**अजय तिर्की और गीताश्री के बीच हुई तीखी बहस :** इस दौरान आदिवासी नेता अजय तिर्की और सिरमटोली बचाव संघर्ष मोर्चा का नेतृत्व कर रहीं पूर्व मंत्री गीताश्री उरांव के बीच तीखी बहस हुई। गीताश्री उरांव ने कहा कि विरोध करना उनका संवैधानिक अधिकार है। अपने अधिकारों की रक्षा भी कर सकते हैं। इस बीच कुछ पल के लिए सिरमटोली स्थित सरना स्थल का माहौल तनावपूर्ण हो गया। दोनों पक्ष के लोग आमने-सामने थे लेकिन पुलिस और प्रशासन ने धैर्य का परिचय देते हुए हालात बिगड़ने नहीं दिया। मौके पर उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री, एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा और एसडीओ मौजूद रहे।

**केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष की लोगों से अपील :** वहीं केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की ने सरना धर्मावलंबियों से अपील की है कि वे प्रकृति पर्व सरहुल को धूमधाम से मनाएं। शोभा यात्रा के दौरान माहौल बिगड़ने की संभावना पर अजय तिर्की ने कहा कि अपने ही बीच के कुछ लोग जानबूझकर विवाद पैदा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूरी साजिश भाजपा के इशारे पर हो रही है। आज सरहुल का त्योहार संपन्न होते ही कल से पुलिस की कार्रवाई शुरू हो जाएगी, ये लोग जेल जाएंगे। उन्होंने खुद पर लग रहे आरोपों पर कहा कि मुझे चोर-दलाल कहा जा रहा है। इसका प्रमाण दिया जाना चाहिए। अगर कोई प्रमाण देगा तो मैं झारखंड छोड़ दूंगा। उन्होंने कहा कि हंगामा करने वाले लोगों के खिलाफ अगर प्रमाण देंगे तो क्या वे लोग रांची छोड़ेंगे।

## जेपीएससी में 1,717 पदों के लिए चल रही है प्रक्रिया

# बैकलॉग से भर्ती करेगा जेपीएससी व झारखंड कर्मचारी चयन आयोग

- 1904 पदों में से 153 पर जल्द होगी नियुक्ति
- परीक्षा संचालन एवं नियुक्ति नियमावलियों में संशोधन के कारण परीक्षा में हुई देरी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) के माध्यम से वर्ष 2022 से लेकर अबतक बैकलॉग के आरक्षित 1,904 पदों पर नियुक्ति होनी थी। इनमें 153 पदों के विरुद्ध ही नियुक्ति हो सकी है, क्योंकि आयोग इतने ही पदों के विरुद्ध नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी कर अनुशंसा विभिन्न विभागों को भेजा है। कमोबेश यही स्थिति झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) के माध्यम से होनेवाली नियुक्ति की भी रही है। दोनों आयोगों द्वारा राज्य सरकार को भेजी गई रिपोर्ट में यह बात सामने आई है।

**1717 पदों के लिए चल रही नियुक्ति प्रक्रिया :** जेएसएससी को विभिन्न विभागों द्वारा 1,904 पदों के विरुद्ध भेजी गई अधियाचना में जहां 153 पदों के विरुद्ध नियुक्ति हो चुकी है, वहीं 34 पदों के लिए परीक्षा आयोजित की जा चुकी है। दूसरी तरफ, 1,717 पदों के लिए नियुक्ति प्रक्रिया चल रही है। नियुक्ति में हुई देरी के संबंध में कहा जा रहा है कि जेएसएससी द्वारा आयोजित की जानेवाली प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए वर्ष 2021 में गठित संशोधित परीक्षा संचालन नियमावलियों एवं उक्त के अनुरूप गठित संशोधित नियुक्ति नियमावलियों के आलोक में विभिन्न विभागों से नियमित एवं बैकलाग नियुक्ति हेतु अधियाचनाएं भेजी गईं। इसके बाद झारखंड हाई कोर्ट द्वारा 16 दिसंबर 2022 को पारित आदेश के आलोक मे विज्ञापनों को रद करने एवं पूर्व में भेजी गई अधियाचनाओं को वापस लेने का निर्णय लिया गया। साथ ही पूर्व से गठित नियमावलियों में अपेक्षित संशोधन करते हुए वर्ष 2023 में संशोधित परीक्षा संचालन नियमावली का गठन किया गया।

### जेपीएससी में भी बैकलॉग के 100 पदों पर हो रही नियुक्ति

जेपीएससी से वर्ष 2022 से अबतक बैकलाग के 75 पदों के लिए ही नियुक्ति की अनुशंसा विभिन्न विभागों को भेजी गई है। वहीं, विभिन्न सेवाओं के लगभग 100 पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया जारी है। इनमें चिकित्सा पदाधिकारियों के 26 पद भी सम्मिलित हैं। इन पदों के विरुद्ध नियुक्ति के लिए अभ्यर्थियों के प्रमाणपत्रों की जांच हो चुकी है। इस माह साक्षात्कार का आयोजन किया जाएगा।

**क्या है बैकलॉग भर्ती का प्रावधान :** कार्मिक विभाग ने बैकलॉग के रिक्त पदों को भरने को लेकर स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी है। इसके अनुसार, किसी वर्ष विशेष में भरे




जानेवाले रिक्त पद में से अनारक्षित कोटि को अनुमान्य पद के बराबर आरक्षित पद उक्त भर्ती वर्ष के नियमित रिक्ति के रूप में भरे जाएंगे। वहीं, आरक्षित कोटि के अवशिष्ट पद बैकलॉग रिक्ति के रूप में विशेष भर्ती प्रक्रिया के तहत भरे जाएंगे। इस विशेष भर्ती प्रक्रिया में केवल आरक्षित श्रेणी के पदों के विरुद्ध नियुक्ति होती है।

### सरहुल पर दो दिनों के अवकाश की घोषणा स्वागत योग्य: कांग्रेस

**रांची।** राज्य सरकार द्वारा आदिवासी समुदाय के प्रमुख त्यौहार सरहुल के अवसर पर दो दिनों के अवकाश की घोषणा स्वागत योग्य कदम है। मुख्यमंत्री द्वारा इस वर्ष से सरहुल के अवसर पर दो दिनों के अवकाश की घोषणा के बाद प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि सरना धर्मावलंबियों और सामाजिक,आदिवासी संगठनों कि बरसों पुरानी चिर परिचित मांग को पूरा करने के बाद आदिवासी समुदाय में हर्ष और उल्लास का वातावरण है। सरहुल के अवसर पर सरकार की ओर से समुदाय एवं झारखंडी जनता को को दिया गया विशिष्ट उपहार है।

प्रकृति पूजन का यह महान पर्व समाज के सभी समुदायों को एक कड़ी में जोड़ने का भी कार्य करता है। यह सिर्फ एक त्यौहार नहीं बल्कि आदिवासी अस्मिता का प्रतीक भी है। यह पर्व आदिवासी संस्कृति, प्रकृति, इतिहास और समाज के साथ जुड़े रहने का संदेश देता है। आज का दिन प्रकृति के नए जीवन चक्र का है, और यह हमें पृथ्वी पर एक संतुलित जीवन का रास्ता दिखाती है।

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित | सबकी बात सबके साथ



## मां का पांचवां स्वरूप : स्कंदमाता



**सिंहासनगता नित्यं पद्माश्रितकरद्वया।**
**शुभदाऽस्तु सदा देवी स्कन्दमाता यशस्विनी॥**

नवरात्रि के पांचवें दिन स्कंदमाता की उपासना का दिन होता है। मोक्ष के द्वार खोलने वाली माता परम सुखदायी हैं। मां अपने भक्तों की समस्त इच्छाओं की पूर्ति करती हैं। इस देवी की चार भुजाएं हैं। यह दायीं तरफ की ऊपर वाली भुजा से स्कन्द को गोद में पकड़े हुए हैं। नीचे वाली भुजा में कमल का पुष्प है। बायीं तरफ ऊपर वाली भुजा में वरदमुद्रा में हैं और नीचे वाली भुजा में कमल पुष्प है। पहाड़ों पर रहकर सांसारिक जीवों में नवचेतना का निर्माण करती हैं।

# मांदर की थाप पर थिरकी रांची, उमड़ा जनसैलाब

## झारखंड में सरहुल की धूम, लाल-सफेद रंग में पटी रांची

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** प्रकृति पर्व सरहुल उल्लास में मंगलवार को झारखंड का हर इलाके में जनसैलाब उमड़ा। राजधानी रांची सहित पूरे राज्य में उत्साह चरम पर था। पूजा अर्चना के बाद शोभा यात्रा में निकले लाल पाड़ साड़ी में महिलाएं, पारंपरिक पोशाक में पुरुषों के साथ बड़ी संख्या में बच्चे नाचते-गाते शाभायात्रा जुलूस में उमड़ पड़े थे। हर ओर लाल और सफेद रंग ही दिख रहा था। राजधानी रांची में लोकगीतों पर सरना समाज के लोग नाचते-गाते झूमते रहे। शाम छह बजे तक मेन रोड पारंपरिक सरहुल गीतों पर मांदर की थाप एवं नगाड़े की धुन पर थिरक रहे युवक-युवतियां, बच्चे और बूढ़े से पट गया। सड़क के दोनों छोर पर खड़े लोगों को झारखंडी कला-संस्कृति की खुशबू रिझा रही थी। मुख्य जुलूस हातमा में केंद्रीय सरना पूजा समिति द्वारा दोपहर में निकाला गया। रांची और आसपास के इलाकों के जत्थे नाचते-गाते अलबर्ट एक्का चौक पहुंचे। यहां से मुख्य शोभायात्रा मेन रोड, क्लब रोड होते हुए सिरमटोली स्थित सरना स्थल पहुंची। यहां पर पाहन द्वारा विधानपूर्वक पूजा-अर्चना एवं लोक कल्याण की मंगल कामना की गयी। आदिवासी समाज के लोकगीत भी शोभायात्रा के दौरान सुनने को मिले। 1932 खतियान लागू करने की मांग भी जुलूस में देखने को मिली।

## लोगों को रिझा रही थी झारखंडी कला-संस्कृति की खुशबू

### पाहन ने कम बारिश का लगाया अनुमान



**रांची।** पूरे झारखंड में सरहुल की धूम है। सरना स्थल पर प्रकृति, पूर्वज और देवी देवताओं की पूजा की गयी। सरना स्थल पर दो घड़े में रखे पानी का आकलन कर हतमा सरना समिति के पुजारी जगलाल पाहन ने बताया कि इस साल सामान्य से कम बारिश होने की संभावना है। उन्होंने कहा, 'मौसम को देखते हुए कृषि कार्य शुरू करें। मौसम के भविष्यवाणी की परंपरा आदिकाल से चलती आ रही है। जब साइंस डेवलप नहीं हुआ था, उस समय आदिवासियों के पूर्वज प्रकृति के तौर तरीकों का आकलन कर अनुमान लगाते थे कि मानसून कैसा रहेगा। यह परंपरा सदियों से चलती आ रही है। पिछले साल सरहुल पूजा के दौरान पाहन ने अच्छे मानसून के भविष्यवाणी की थी। उसका नतीजा भी दिखा था।

## सरहुल पर पूजा-अर्चना कर सुख, समृद्धि की कामना की

# झारखंड के बेहतर भविष्य को ध्यान में रख आगे बढ़ना है : हेमंत सोरेन

- आदिवासी हास्टल में लगाया सखुआ का पौधा
- प्रकृति से जुड़ने का संकल्प लेने की बात कहा
- बच्चों से कहा, आप सब सिर्फ पढ़ाई पर ध्यान दें

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने मंगलवार को प्रकृति पर्व सरहुल के पावन मौके पर सिरमटोली स्थित सरना स्थल पर आयोजित पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने पारंपरिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर राज्य के सर्वांगीण विकास, सुख, समृद्धि और शांति की कामना की। बाद में करमटोली स्थित आदिवासी कॉलेज छात्रावास परिसर में सरहुल पूजा महोत्सव में शामिल हुए।

**सरहुल से जीवन में उमंग, उत्साह तथा उल्लास का संचार :** छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सरहुल से जीवन में उमंग, उत्साह तथा उल्लास का संचार होता है। इसी कड़ी में हम सालों- साल से परंपरानुसार सरहुल पर्व मनाते आ रहे हैं। हमारे पूर्वजों ने इस प्रकति पर्व की परंपराओं को अक्षुण्ण एवं मजबूती दी है। हमें विरासत में मिली इस परंपरा को और आगे ले जाना है। सीएम ने कहा कि झारखंड के बेहतर भविष्य के लिए आने वाले 25 वर्षों को ध्यान में रखकर योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ना है।

**प्रकृति से जुड़े रहने का दिया संदेश :** श्री सोरेन ने कहा कि पर्व त्योहारों से हमारी परंपरा, सभ्यता संस्कृति और आस्था जुड़ी है। यहां भी पारंपरिक विधि विधान से पूजा-अर्चना कर राज्य के विकास, सुख- समृद्धि एवं शांति की कामना की। उन्होंने छात्रावास परिसर में सखुआ का पौधा लगाकर प्रकृति से जुड़े रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि आदिवासी कॉलेज छात्रावास परिसर में हर वर्ष धूमधाम से सरहुल का त्योहार मनाया जाता है। इस वर्ष भी मुझे यहां आयोजित सरहुल महोत्सव में शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। यहां आप सभी के साथ खुशियों को बांटने का मौका मिला। आदिवासी हॉस्टल में मांदर की थाप पर हेमंत सोरेन भी थिरके। इस मौके पर सीएम एवं उनकी पत्नी कल्पना सोरेन ने लोगों को बधाई देते हुए कहा कि आज का दिन झूमने-नाचने का है। प्रकृति पर्व को सब मिलकर मनाइये।



### प्रकृति संरक्षण का संकल्प लें

उन्होंने कहा कि यहां हम प्रकृति को संरक्षित रखने और अपनी परंपराओं को लेकर आगे बढ़ने का एक संकल्प लेते हैं। सीएम ने कहा कि आज हमारी जिंदगी काफी व्यस्त हो चुकी है। लोगों के पास वक़्त कम है। फिर भी विरासत में मिली अपनी परंपरा एवं सभ्यता– संस्कृति से जुड़े रहने के लिए थोड़ा वक़्त जरूर निकालें। यह हमारी आने वाली पीढ़ी की बेहतरी के लिये जरूरी है। इससे आपसी रिश्ते मजबूत होते हैं।



### आप सिर्फ पढ़ें, बाकी सब हम पर छोड़ दें

सीएम ने कहा कि विद्यार्थियों को बेहतर व्यवस्था देने के लिए सभी छात्रावासों का जीर्णोद्धार हो रहा है। इस कड़ी में आदिवासी कॉलेज छात्रावास, करमटोली और महिला कॉलेज छात्रावास में मल्टी स्टोरी बिल्डिंग बनायी जायेगी। सीएम ने बच्चों से कहा कि वे सिर्फ अपनी पढ़ाई की चिंता करें। बाकी सारी व्यवस्था सरकार करेगी। सरकार आपके साथ खड़ी है। इस अवसर पर कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की एवं विधायक कल्पना सोरेन ने भी पारंपरिक विधि- विधान से पूजा-अर्चना कर राज्य के विकास तथा खुशहाली की कामना की।



## सरहुल पर मुख्यमंत्री ने दिया डबल गिफ्ट

# दो दिन की छुट्टी का ऐलान, रैंप प्रकरण में कोई कार्रवाई नहीं



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सरहुल पर्व पर लोगों को डबल गिफ्ट की सौगात दी। झारखंड में दो दिवसीय राजकीय अवकाश घोषित किया है। सीएम ने एक्स पर एक पोस्ट शेयर कर इसकी जानकारी दी है। वहीं सिरमटोली फ्लाईओवर रैंप विवाद में सीएम हेमंत सोरेन ने कुछ लोगों पर प्राथमिकी पर आगे कोई एक्शन नहीं लेने का निर्देश दिया। 30 मार्च को सिरम टोली फ्लाईओवर के रैंप को हटाने को लेकर उग्र प्रदर्शन किया था। इनमें कई लोगों पर केस हुआ था। अब उन पर कोई कार्रवाई नहीं होगी।

सरहुल को लेकर दो दिनों के अवकाश पर सीएम ने लिखा कि पिछले कई वर्षों से सरहुल पर दो दिन के राजकीय अवकाश की मांग उठ रही थी। आदिवासी समाज के इस महा पावन पर्व के महत्व को देखते हुए इस वर्ष से दो दिन का राजकीय अवकाश घोषित किया जाता है। उन्होंने कहा कि झारखंड की संस्कृति एवं परंपराओं की गौरवशाली धरोहर को सहेजते आये हैं और सदैव सहेजेंगे। जय सरना, जय झारखंड। आदिवासी समाज में खुशी की लहर दौड़ गयी है। ( रैंप प्रकरण पेज 2 पर)

## राष्ट्रपति ने सरहुल की दीं शुभकामनाएं, कहा

# आदिवासी समुदायों से सभी सीख लें, प्रकृति को बचायें

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने प्रकृति पर्व सरहुल पर लोगों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, मेरी शुभकामना है कि सभी देशवासी आदिवासी समुदायों से सीख लेते हुए प्राकृतिक धरोहर को संरक्षित करते हुए विकास के पथ पर आगे बढ़ें। सभी लोग प्राकृतिक विरासत को संरक्षित करने की सीख लेंगे। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी पोस्ट कहा, इस पर्व पर प्रकृति के असंख्य उपहारों के प्रति आभार व्यक्त किया जाता है। मैं सभी के लिए सुख और समृद्धि की कामना करती हूं। सरहुल आदिवासी समुदायों में सबसे अधिक पूजनीय उत्सवों में से एक है। विशेष रूप से झारखंड, ओड़िशा और पूर्वी भारत के क्षेत्रों में इसे मनाया जाता है। यह प्रकृति की पूजा पर आधारित है और इस दौरान साल के पेड़ों की पूजा की जाती है, जिसका आदिवासी परंपरा में बहुत महत्व है। माना जाता है कि साल के पेड़ में सरना मां का निवास है, जो प्रकृति की शक्तियों से गांवों की रक्षा करने वाली देवी हैं। सरहुल का अर्थ है साल वृक्ष की पूजा। यह पर्व सूर्य और पृथ्वी के प्रतीकात्मक मिलन का जश्न मनाता है। यह सांस्कृतिक प्रदर्शनों, पारंपरिक अनुष्ठानों और प्रकृति के भरपूर उपहारों के प्रति कृतज्ञता की अभिव्यक्ति से भरा एक जीवंत त्योहार है।

## न्यूज डायरी

### दो गुड्स ट्रेन टकरायी दोनों चालकों की मौत

**साहिबगंज।** बरहेट में एनटीपीसी फाटक के पास दो मालगाड़ियों के बीच आपस में जोरदार टक्कर हो गयी। घटना में दो लोको पायलट की मौत हो गयी। हादसे में चार लोग घायल हैं। मृतकों में बोकारो जिला के सेक्टर नौ निवासी अंबुज महतो (32) और पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के जियागंज निवासी ज्ञानेश्वर माल शामिल हैं।

### रीमिक्स में फिर रांची के दो बच्चे डूबे, मौत

**रांची।** खूंटी के प्रसिद्ध रीमिक्स फॉल में मंगलवार को डूबने से रांची जिले के दो छात्रों की मौत हो गयी। दोनों छात्र अपने 10 दोस्तों के साथ रीमिक्स फॉल घूमने गये थे। मृतकों की पहचान रांची खेलगांव महुआ टोली निवासी महेंद्र तिर्की के पुत्र रोलेन तिर्की (15) और सुशील सांगा के पुत्र जेम्स सांगा (15) के रूप में हुई। नहाने के दौरान गहरे पानी में चले जाने से दो छात्रों की डूबकर मौत हो गयी। तीन दिन पहले भी रांची, कोकर के दो बच्चों की इसी तरह मौत हो गयी थी।

### गिरिडीह में मां और दो बच्चों की हत्या, गिरफ्तार

**गिरिडीह।** ट्रिपल मर्डर से गिरिडीह दहल उठा। यहां एक महिला और उसके दो बच्चों की हत्या कर दी गयी। घटना तिसरी प्रखंड के लोकाय नयनपुर थाना क्षेत्र की है। जिनकी हत्या हुई है, उनमें बरदौनी गांव निवासी चारो हेंब्रम की पत्नी रेणुवा टुडू (29) पुत्र सतीश हेंब्रम (6) और सरिता हेंब्रम (9) शामिल हैं। रेणुवा और सतीश का शव पनियाय गांव में पेड़ से लटका मिला है, जबकि सरिता का शव तालाब में मिला है।




## सुनीता, भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम में योगदान की इच्छुक

# कैसा दिखता था भारत, कहा- अद्भुत, बस अद्भुत

**एजेंसी**

**टेक्सास।** भारतीय मूल की अमेरिकी आंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स ने कहा कि भारत महान और अद्भुत लोकतंत्र वाला देश है जो स्पेस कंट्रीज में अपनी जगह बनाना चाह रहा है। हम इसका हिस्सा बनना चाहेंगे। अंतरिक्ष में 286 दिन बिताने के बाद धरती पर लौटीं सुनीता विलियम्स से जब पूछा गया कि ऊपर से भारत कैसा दिखता है, तो उन्होंने गंभीर शब्दों में उत्तर दिया, अद्भुत, बिल्कुल अद्भुत। स्पेस से वापसी के बाद पहलीबार मंगलवार को वह प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोल रही थीं। वह साथी एस्ट्रोनॉट बुच विल्मोर और निक हेग के साथ टेक्सास के जॉनसन स्पेस सेंटर में मीडिया से बात कर रही थीं। विलियम्स ने बताया कि अंतरिक्ष से भारत का नजारा उन्हें उनकी विरासत से जुड़े रहने का अहसास कराता है।

**क्या बोलीं सुनीता विलियम्स**

- अंतरिक्ष से हिमालय देख भावुक हो गयी
- जल्द पिता के देश आना चाहती हूं
- वहां से विरासत से जुड़ने का अहसास



### अंतरिक्ष से हिमालय देखना शानदार

सुनीता अक्सर अपनी भारतीय विरासत को साझा करने के लिए जानी जाती हैं। वह हिमालय के लुभावने दृश्यों से विशेष रूप से मोहित हो गयीं। उन्होंने बताया कि कैसे, हर बार जब हम हिमालय के ऊपर से गुजरे, बुच ने हिमालय की अविश्वसनीय तस्वीरें खींचीं। उन्हें देख भावुक हो गयीं। अंतरिक्ष से हिमालय का नजारा शानदार है।

# आज पेश होगा वक्फ संशोधन बिल

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। लोकसभा में बुधवार को वक्फ संशोधन विधेयक पेश किया जायेगा। इस दौरान हंगामा होने के आसार हैं, क्योंकि विपक्षी दल इसका पुरजोर विरोध कर रहे हैं। इस बीच भाजपा ने सभी लोकसभा सांसदों को 2 अप्रैल को संसद में उपस्थित रहने के लिए व्हिप जारी किया है। इस संबंध में केंद्रीय संसदीय कार्य और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने मंगलवार को कहा कि कल प्रश्नकाल के बाद विधेयक को विचार और पारित करने के लिए पेश किया जायेगा। उसके बाद 8 घंटे की चर्चा होगी, जिसे बढ़ाया भी जा सकता है। वहीं गृह मंत्री अमित शाह से भेंट के बाद एनडीए के सहयोगी नीतीश कुमार, चंद्रबाबू नायडू, चिराग पासवान और जयंत चौधरी की पाटी नेताओं ने वक्फ संशोधन विधेयक के समर्थन की बात कही।

### ह्विप जारी, उपस्थिति अनिवार्य

भाजपा ने अपने सभी सदस्यों के लिए व्हिप जारी किया है। पार्टी ने सभी को अनिवार्य रूप से संसद में उपस्थित रहने को कहा है। सदस्यों से कहा गया, पूरे समय सदन में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर सरकार के पक्ष का समर्थन करें। अगर कोई सांसद पार्टी के इस व्हिप का उल्लंघन करता है, तो पार्टी उसके खिलाफ बड़ी कार्रवाई कर सकती है।

**संसद में क्या है नंबर गेम**

लोकसभा में सदस्यों की संख्या 542 है। भाजपा के 240 और सहयोगियों को जोड़ने पर संख्या 294 है। लोकसभा में बिल पास कराने के लिए बहुमत का आंकड़ा 272 चाहिए। ऐसे में बिल पास कराने में किसी भी तरह की परेशानी नहीं होगी।

सुप्रभात
बुधवार 02.04.2025
धनबाद, वर्ष 01, अंक 339
epaper.khabarmantra.net
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

स्पीड न्यूज

### सेवा निवृत कोल कर्मी को दी गयी विदाई



**कतरास।** रामकनाली कोलियरी के चार नम्बर सीम प्रांगण में आयोजित सादे समारोह में सेवानिवृत्त श्रमिक रघुनाथ कुम्हार को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। सभी ने माला पहनाकर व उपहार देकर विदाई दी। समारोह का संचालन श्रमिक नेता राजेश मंडल ने किया। प्रबंधक नागदेव यादव, अभियंता विवेक कुमार, मजदूर नेता राजेन्द्र प्रसाद राजा, बिमलेश चौबे, सरोज उपाध्याय, सतीश विद्यार्थी, राज रोशन, सुरेश नोनिया, साधन दुबे, राजकुमार पासी, भागीरथ महतो, मो. सिराज, मो. सागीर आदि ने समारोह को सम्बोधित कर नम आंखों से अपने सहकर्मी साथी रघुनाथ कुम्हार को सेवा निवृत्ति पर विदाई दी।

### सड़क किनारे मिला मजदूर का शव



**महुदा।** मंगलवार को रामपुर बाउरी टोला निवासी सुरजू बाउरी (उर्म 40 वर्ष) का शव कपुरिया भट्ठ बस्ती से कतरी नदी जाने वाली सड़क में मिली। कपुरिया ओपी पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की। मृतक की नाक के पास खुन का धब्बा था। ग्रामीणों ने कहा शौच करने गए लोगों की नजर शव पर पड़ी। इसकी जानकारी मिलते हीं आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और शव की पहचान रामपुर निवासी सुरजू बाउरी के रूप में किया। गांव वालो ने बताया कि एक दिन पूर्व घर नही आया था। परिजन उसकी खोजबीन कर रहे थे। वह अविवाहित था तथा दैनिक मजदूरी कर अपना जीवन यापन करता था? इधर मृतक के परिजन सहित ग्रामीण, स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने शराब पीने के कारण हुई मौत तथा अत्यधिक गरीब होने की वजह बताकर पुलिस से पोस्टमार्टम नही करने की फरियाद किया। ओपी प्रभारी प्रमोद लकड़ा ने बताया कि जांच पड़ताल की जा रही है।

### झामुमो बाघमारा प्रखंड कमेटी की सूची जारी

**कतरास।** झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के महासचिव विनोद कुमार पांडे ने मोर्चा के बाघमारा प्रखण्ड कमेटी के पदाधिकारी की सूची जारी की है। जिसमें धीरेन रवानी-अध्यक्ष, अर्जुन भुइयाँ, मो. आजाद अंसारी, सुरेश महतो, रंजीत महतो, बासुकीनाथ त्रिगुनाइत उपाध्यक्ष, मनसा राम मुर्मू सचिव, राजू कुमार शर्मा, टेकलाल गोप, विजय महतो, सज्जाद अंसारी, सीताराम तुरी-सह सचिव के अलावा संगठन सचिव पद पर उत्तम कुमार महतो, विजय कुमार महतो, एहसान अंसारी तथा कोषाध्यक्ष पद पर पंकज कुमार दिनकर आदि शामिल हैं।

### बीबीएमकेयू ने पीजी एवं एमबीबीएस परीक्षा की जारी की सूची

**धनबाद।** बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के (बीबीएमकेयू) अंतर्गत आने वाले सभी कॉलेजों में पीजी सेमेस्टर वन सत्र 2024-26/ ओल्ड सेशन के छात्रों की परीक्षा 5 से 11 अप्रैल तक ली जाएगी।विभिन्न विषय को दो ग्रुप में बांटा गया है। परीक्षा दो पाली में ली जाएगी। विश्वविद्यालय ने परीक्षा केन्द्रों की सूची भी जारी कर दी है। वहीं बीबीएमकेयू ने एमबीबीएस 2021, थर्ड प्रोफेशनल पार्ट वन परीक्षा की तारीख भी घोषित कर दी है 5 अप्रैल से परीक्षा शुरू होगी। परीक्षा केन्द्र एसएसएलएनटी महिला कॉलेज धनबाद को बनाया गया है। वहीं वाइवा व प्रैक्टिकल एसएनएम मेडिकल कॉलेज धनबाद में ही होगा।

## पुलिस लाइन में मनाया गया सरहुल महोत्सव, मांदर की थाप पर झूमें लोग

### शांति, समृद्धि व खुशहाली की कामना

खबर मन्त्र संवाददाता





**धनबाद।** पुलिस लाइन में सोमवार को सरहुल पर्व का आयोजन किया गया। पुलिस एसोसिएशन व सरना समिति के लोगों ने डीसी माधवी मिश्रा, सिटी एसपी अजीत कुमार, डीएसपी ट्रैफिक अरविन्द सिंह, डीएसपी प्रदीप मिंज व डीएसपी अर्चना खलको सहित अन्य अतिथियों का सरना रीति रिवाज से पगड़ी बांधकर स्वागत किया।

अतिथियों ने प्रकृति की पूजा-अर्चना के साथ सरहुल पर्व की शुरूआत की। सरहुल पर्व आदिवासी नववर्ष का त्योहार है. इस पर्व में प्रकृति की पूजा की जाती है. जो धरती माता को समर्पित है। आदिवासी समाज के द्वारा पेड़ की पूजा की जाती है क्योंकि यह आश्रय देता है, मौसम की मार से बचाता है। मनुष्य के जीवन को सरलता से जीने की प्रेरणा देता है। पर्व के माध्यम से आदिवासी समुदाय को बारिश का अंदाजा हो जाता है। आदिवासी समाज इस पर्व के माध्यम से जल जंगल और जमीन को सुरक्षित व संरक्षित रखने का संकल्प लेते हैं ताकि प्रकृति की संरचना में जीवन खुशहाली से फलता फूलता रहे। सरहुल के इस पर्व को भूमिज हादी बोंगा व संथाल बाहा बोंगा, बाः परब व खाद्दी परब के नाम से भी पुकारते हैं। मांदर की थाप पर डीसी व सिटी एसपी समेत अन्य अतिथियों ने मनमोहक नृत्य भी किया।

## भूलन बरारी में आउटसोर्सिंग कार्य के विरोध में ग्रामीणों का प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता



**जोड़ापोखर।** बीसीसीएल लोदना एरिया अंतर्गत भूलन बरारी में आउटसोर्सिंग कार्य शुरू करने के विरोध में मोदीबीटा ब्राह्मण बरारी के ग्रामीणों ने जोरदार प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के बैनर तले इस प्रदर्शन का नेतृत्व किया। जेएलकेएम के जिला उपाध्यक्ष रामप्रवेश सिंह ने आउटसोर्सिंग कंपनी के संचालक कुंभनाथ सिंह को चेतावनी दी कि यदि ग्रामीणों की जमीन पर बिना उनकी सहमति के काम शुरू किया गया, तो जयराम महतो टाइगर के नेतृत्व में इसका कड़ा विरोध किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि जब तक 364 परिवारों का संपूर्ण पुनर्वास नहीं हो जाता, तब तक परियोजना शुरू नहीं होने दी जाएगी।

ग्रामीण नेता सुरेश चक्रवर्ती ने आरोप लगाया कि बिना अनुमति के 5,000 से अधिक पेड़ काट दिए गए हैं। साथ ही, आस-पास चल रहे प्रोजेक्ट्स के कारण बढ़ते प्रदूषण से ग्रामीणों के घरों में दरारें आ गई हैं। उन्होंने आशंका जताई कि यदि यह नया प्रोजेक्ट शुरू होता है, तो गरीबों के घर गिर सकते हैं।

प्रदर्शन के दौरान लोदना एरिया के एजीएम परवेज आलम, एजेंट अरुण पांडेय, प्रबंधक एस. शील और दिनेश मिश्रा ग्रामीणों से बातचीत करने पहुंचे। एजीएम परवेज आलम ने बताया कि कंपनी की सूची के अनुसार 296 ग्रामीणों को जमीन के बदले मुआवजा दिया जाएगा। ग्रामीणों ने मांग की है कि भविष्य में कोई भी वार्ता गांव में ही हो और इसमें उच्च अधिकारी शामिल हों।

# हर्ल में चोरी के रैकेट के मामले में दिल्ली से आयी विजिलेंस टीम ने की जांच शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** सिंदरी पुलिस ने हिंदुस्तान उर्वरक एंव रसायन लिमिटेड सिंदरी के डोमगढ स्थित मेटेरियल गेट के निकट 27 मार्च को चोरी के 5.5 मिट्रिक टन केवल से लदे एक ट्रक को पकडा था। पुलिस के अनुसार उन्होंने हर्ल कंपनी से बाहर निकलने के बाद ही उक्त ट्रक को पकड़कर उसकी जाँच शुरू की थी। पुलिस ने जांच के बाद आरोप लगाया था कि हर्ल में एक रैकेट सक्रिय है जो चोरी का स्कैप बेचकर लाखों का वारा-न्यारा करता है।

पुलिस ने इस मामले में हर्ल के तत्कालीन स्टोर्स इंचार्ज मुकेश कुमार प्रजापति, पीडीआईएल के अधिकारी राजू गुप्ता, ड्रिपलेक्स कंपनी के संचालक सहित लगभग दस लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर ट्रक चालक पवन राम और अभिषेक कुमार को जेल भेज दिया था। पुलिस के इस कार्रवाई से हर्ल प्रबंधन में हंगामा मच गया। हर्ल के केंद्रीय प्रबंधन ने इंटर्नल विजिलेंस जांच की घोषणा कर दी थी।

हर्ल के केंद्रीय कार्यालय से आए विजिलेंस अधिकारी सुधीर कुमार शर्मा जांच के लिए सोमवार को ही सिंदरी पहुंच गए थे। उन्होने सभी संबंधित विभागों के कागजातों की जांच शुरू कर दिया है। आवश्यकता पडने पर केन्द्रीय विजिलेंस अधिकारी इस मामले से संबंधित पुलिस अधिकारियों से भी मिलेंगे और जानकारी प्राप्त करेंगे।

शैलेंद्र द्विवेदी ने हर्ल प्रोजेक्ट के निर्माण से अबतक कंपनी की सेवा से त्यागपत्र देने वाले अधिकारियों की भूमिका को भी जांच के दायरे में लाने की अपील किया है। उन्होंने इस संबंध में वरीय पुलिस पदाधिकारियों को पत्र देकर सूचित किया है। उनके अनुसार एफसीआई सिंदरी में भी घपला कर इसे बंद कर दिया गया था और सिंदरी विरान हो गई थी।

### हर्ल में केबल चोरी मामले की गहन जाँच की जाए : शैलेन्द्र द्विवेदी

इस बीच लोजपा (रामविलास) के युवा प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र द्विवेदी ने रोहडाबांध स्थित लोजपा कार्यालय में मंगलवार को प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर संबंधित पुलिस अधिकारियों से अनुरोध किया है कि यह मामला सिंदरी के अस्तित्व से जुड़ा हुआ है। इसलिए इसकी गहन जांच की जाए और संलिप्त लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।



## नहाय-खाय के साथ शुरू चैती छठ पूजा

### बाजारों में सजने लगी है सूप-दउरा की दुकानें

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** नहाय-खाय के साथ मंगलवार को चैती छठ पूजा शुरू हो गया। व्रतियों ने भगवान भास्कर की पूजा अर्चना कर अरवा चावल, सेंधा नमक, चने की दाल, लौकी की सब्जी और आंवला की चटनी का भोजन किया। इसके साथ ही चार दिवसीय अनुष्ठान का संकल्प लिया।बुधवार को संध्या में खरना होगा। गुरुवार को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। शुक्रवार को उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का पारण किया जाएगा। जिला डेकोरेटर एसोसिएशन और सर्व धर्म सामुहिक विवाह समिति के अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह और उनके छोटे पुत्र युवराज सिंह ने भी नहाए खाये के साथ छठ पूजा की शुरूआत की। श्री सिंह ने कहा छठ महापर्व पर हर क्षेत्र में साफ-सफाई के साथ साथ स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। पर्व को लेकर साग-सब्जियों से लेकर फल और सूप-दउरा की अस्थाई दुकानें सजनी शुरू हो गई हैं। शहर के विभिन्न स्थानों पर इसकी झलक देखने को मिली।

## आईआईटी आईएसएम के सुरक्षा कर्मियों ने दिया धरना

खबर मन्त्र संवाददाता




**धनबाद।** अचानक नौकरी से निकाले जाने के विरोध में मंगलवार को आईआईटी आईएसएम के सुरक्षाकर्मियों ने मुख्य गेट के पास धरना दिया। धरनार्थियों का कहना था कि हमलोगों के साथ बांग्लादेश,पाकिस्तान की अत्याचार क्यों किया जा रहा है, यह समझ से परे है। बिना किसी सूचना के आज हमारी सेवा समाप्त कर दी गई।

सुरक्षा कर्मी मधुबन सिंह ने कहा कि इन सब के पीछे सिक्योरिटी इंचार्ज राम मनोहर सिंह है। सिक्योरिटी ईचार्ज वर्दी के नाम पर हमलोगों से 5 हजार लेते है। विरोध करने पर हमारे साथ बदशलुकी करते है। हमलोग ने पीएफ में हुए घोटाले का आवाज उठाया था, उसी का बदला लिया जा रहा है। हमलोग पिछले 15-20 सालों से आईआईटी आईएसएम में सेवा दे रहे है। संस्थान में एजेंसी बदले जाने के बाद भी हम ही सेवा देते थे। लेकिन इस बार ऐसा क्या हुआ कि हम लोगों को काम से निकाला जा रहा है। हमारा बोनस का भी पैसा रोक दिया गया। हमारी पीएफ की राशि भी नहीं दी जा रही है। इसके बारे कोई अफसर कोई जवाब नहीं देते है। जबकि हम पूरी निष्ठा के साथ संस्थान में अभी तक सेवा देने का काम करते आ रहे है।

यदि हमें नौकरी पर नहीं रखा गया तो हम भूख हड़ताल शुरू करेंगे और संस्थान के सामने ही अपनी जान दे देंगे पर यहां से कहीं नहीं जाने वाले हैं। इस संबंध में संस्थान के किसी पदाधिकारी की ओर से कोई प्रतिक्रिया अभी तक सामने नहीं आई है वही सुरक्षाकर्मी अपनी मांगों पर डटे हुए हैं।


# अपने कर्म को ही धर्म मानकर कार्य करें मानव, तो भगवान का कृपा बनी रहेगी- परम पूज्य श्री 1008 त्रिदंडी स्वामी जी महाराज

खबर मन्त्र संवाददाता



**मैथन।** परम पूज्य श्री 1008 गंगा पुत्र त्रिदंडी स्वामी जी महाराज ने मंगलवार को मैथन स्थित श्री बालाजी धाम में आयोजित श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ के दौरान श्रद्धालुओं को प्रवचन देते हुए कहा कि मानव जीवन अपने कर्म को ही धर्म मानकर कार्य करें तो भगवान का आशीर्वाद पा सकता है चाहे आप किसी भी कार्य से जुड़े हो। व्यापारी हो या किसान या नौकरी पेशे वाले हर जगह कर्म को धर्म मानकर भगवान को याद रखिए तो भगवान की कृपा बनी रहेगी। स्वामी जी ने कहा कि गोपियां कभी भी भगवान का माला नहीं फेरती थी, फिर भी अपने इष्ट देव को कार्य के दौरान भी याद रखती थी। जिसके कारण भगवान ने उन्हें दर्शन दिया था। स्वामी जी ने कहा कि समय बदला है और वर्तमान में कलयुग अपने प्रचंडबेग में है और इससे छुटकारा पाने के लिए आप भागवत कथा सुनिए, सत्संग में जाइए तो जीवन सफल हो जाएगा। उन्होंने कहा कि कलयुग में सत्संग ही जीवन को सार्थक बनाने वाला माध्यम होगा। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति 7 दिनों तक भागवत कथा नियमित सुनता है तो उन्हें हर कष्ट से मुक्ति मिल जाएगी और सत्संग से व्यवहार और विचारों में भी परिवर्तन आता है। परम पूज्य गंगा पुत्र त्रिदंडी स्वामी जी के मुखार बिंद से भागवत कथा की अमृत वर्षा सुनने के लिए मैथन एवं आसपास के क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग यज्ञ स्थल पहुंचे और भागवत कथा की रसपान किया। यज्ञ 30 मार्च से शुरू होकर सात अप्रैल तक चलेगा। प्रत्येक दिन संध्या चार बजे से श्रीश्री गंगापुत्र त्रिदंडी स्वामी जी महराज, महामंडलेश्वर पूज्य श्री दिलीप दास जी महराज अयोध्या धाम एवं श्री श्री 1008 बालक बाबा द्वारा प्रवचन, रामकथा एव यज्ञ हवन किया जा रहा है। मौके पर संतोष भाई जी, अरविंद सिंह, डॉ आर द्विवेदी, आशीष सिंह, रंजीत सिंह,दिलीप सिंह, आलोक कुमार, रामनारायण यादव, अरूण तिवारी, मनोज राउत, सहित काफी संख्या में मंदिर कमेटी के लोग यज्ञ को सफल बनाने में लगे हुए हैं।

### गणगौर पूजन, प्रतिमा विसर्जन के साथ संपन्न



**कतरास।** राणी सती दादी मंदिर कतरास में मारवाड़ी महिला समिति तथा राणी सती दादी परिवार के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय गणगौर पूजन मंगलवार को संपन्न हुआ। दादी जी का यशोगान कर महिलाओं ने पूजा अर्चना किया। शाम को गाजा बाजा के साथ सुसज्जित वाहन पर प्रतिमा को लेकर महिलाएं सूर्य मंदिर स्थित कतरी नदी तट पर पहुंची। जय दादी की उदघोष के बीच प्रतिमा विसर्जित की गई। महिलाएं व युवतियां एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगा त्योहार की बधाई दी। दादी जी के मन्दिर में सोमवार को गणगौर की प्रतिमा स्थापित की गई थी। समिति के अध्यक्ष रीतु अग्रवाल, मीना अग्रवाल, दीपा अग्रवाल, अंशु अग्रवाल, मंजू अग्रवाल, मंजू पटवारी, संगीता जालान, सोनम जालान, रीना चौधरी, नीलम चौधरी, राखी गोयल, कविता केडिया आदि शामिल थी।

खबर एक नजर में

### धनबाद व गया से खुलने वाली स्पेशल ट्रेनों की जुलाई तक बढ़ोतरी

**धनबाद।** ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान ट्रेनों में यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए पूर्व मध्य रेलवे ने धनबाद, गया स्टेशन से खुलने वाली स्पेशल ट्रेनों के फेरे में बढ़ोतरी की है। 03309 धनबाद-जम्मूतवी स्पेशल के परिचालन में 01 अप्रैल से 28 जून तक बढ़ोतरी की गई है। यह ट्रेन धनबाद से प्रत्येक मंगलवार एवं शनिवार को खुलेगी। वहीं 03310 जम्मूतवी-धनबाद स्पेशल के परिचालन में 02 अप्रैल से 29 जून तक बढ़ोतरी की गई है। जम्मू से यह ट्रेन प्रत्येक बुधवार एवं रविवार को चलायी जाएगी । 02397 गया-आनंद विहार स्पेशल 06 अप्रैल से 29 जून तक प्रत्येक रविवार को चलायी जाएगी । गाड़ी सं. 02398 आनंद विहार-गया स्पेशल 07 अप्रैल से 30 जून तक प्रत्येक सोमवार को चलायी जाएगी । 03697 गया-दिल्ली स्पेशल 01 अप्रैल से 30 जून तक रविवार को छोड़कर सप्ताह के शेष छः दिन चलायी जाएगी । 03698 दिल्ली-गया स्पेशल 02 अप्रैल से 01 जुलाई तक सोमवार छोड़कर सप्ताह के शेष छः दिन चलायी जाएगी ।

### विधायक मथुरा ने लकड़का बस्ती के लोगों की सुनी समस्या, निदान का आश्वासन



**कतरास।** मंगलवार को लकड़का बस्ती में ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। विधायक सह मुख्य सचेतक मथुरा प्रसाद महतो तथा कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो सहित कई शामिल हुए। सभी ने एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। विधायक मथुरा महतो के समक्ष ग्रामीणों ने कई समस्याओं से अवगत कराकर निराकरण की मांग की। विधायक मथुरा ने कहा कि शिविर लगाकर जमीन से संबंधित समस्याओं का समाधान कराया जाएगा। राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि हेमंत सरकार सर्वांगीण विकास के प्रति प्रतिबद्ध हैं। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर ने कहा कि राज्य सरकार जनहित से जुड़ी कदम उठा रही है। हेमंत सरकार की इच्छाशक्ति की ही देन है कि मंईयां सम्मान योजना का लाभ सभी को मिल रहा है। मौके पर डा. अनवर हुसैन, दक्षिणेश्वर कुंभकार, शौकत खान, रोबिन पाल, मो. मोइन, हरि कुम्हार, मो, शहाबुद्दीन, कलीम अंसारी, अलाउद्दीन अंसारी आदि थे।

### एफसीआई प्रबंधन की नयी आवास नीति में 43 लोगों ने जमा किया निर्धारित शुल्क

**सिंदरी।** एफसीआई प्रबंधन के नयी आवास नीति के अंतर्गत आवासों का दर 2 रुपए 10 पैसा प्रति वर्ग फीट निर्धारित किया गया था। आवास के इच्छुक आवेदकों को आवासों के प्लिंथ एरिया के आधार पर बीते 1 जनवरी 2003 से 31 मार्च 2025 तक का एकमुश्त किराया जमा करना था। एफसीआई प्रबंधन ने नयी लीज नीति को तीन माह के लिए घोषित किया था। तीन माह 1 जनवरी से 31 मार्च तक आवेदन के लिए निर्धारित समय सीमा में मात्र 43 लोगों ने निर्धारित शुल्क का भुगतान के साथ लीज आवेदन पत्र दिया है। एफसीआई के वित्तीय और संपदा सलाहकार देवदास अधिकारी ने बताया कि नयी आवास नीति के तहत 118 लोगों ने आवेदन पत्र लिया था। परंतु शुल्क के साथ मात्र 43 लोगों ने ही आवेदन पत्र जमा किया। बताते चलें कि इसके पूर्व एफसीआई प्रबंधन की आवास नीति के अंतर्गत आवासों का दर 2 रुपए प्रति वर्ग फीट निर्धारित किया गया था। आवास के इच्छुक आवेदकों को आवासों के प्लिंथ एरिया के आधार पर बीते 1 जनवरी 2003 से 31 मार्च 2024 तक का एकमुश्त किराया जमा करना था। इसमें 217 लोगों ने एकमुश्त किराया जमा किया था।

### धनबाद से बक्सर, ओखा और बेंगलुरु मिल सकती है नई ट्रेन, रेलवे कर रहा विचार: डीआरएम



धनबाद : रेल यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। आने वाले दिनों में धनबाद से बक्सर, ओखा और बेंगलुरु के लिए सीधी ट्रेन मिल सकती है। रेलवे इस पर विचार कर रहा है। उक्त बातें मंगलवार को डीआरएम कमल किशोर सिन्हा ने अपने कार्यालय कक्ष में झारखंड रेल यूजर्स एसोसिएशन के समक्ष कही। इससे पूर्व एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने धनबाद रेलवे के विकास के लिए डीआरएम का धन्यवाद किया। साथ ही गरीब मजदूरों को ध्यान में रखकर धनबाद-जम्मू तवी एक्सप्रेस, धनबाद-नासिक रोड एक्सप्रेस, और धनबाद-एलटीटी एक्सप्रेस में स्लीपर एवं सामान्य कोच लगाने की अपील की। डीआरएम धनबाद ने एसोसियेशन की मांगों को सकारात्मक रूप से सुना और जल्द ही इन ट्रेनों के संचालन की संभावना पर विचार करने का आश्वाशन दिया। मौके पर एसोसिएशन के सचिव नइयर ईमाम, संरक्षक पूजा रत्नाकर और सनोज कुमार उपस्थित थे।

## सरहुल पर पारंपरिक वेशभूषा में ढोल नगाड़ों के साथ नृत्य कर लोगों ने किया खुशी का इजहार

# सरहुल पर्व प्रकृति की पूजा है : अनूप कुजूर

- सरहुल पर्व हमारी संस्कृति, सभ्यता, एकता को बनाये रखने का संदेश देता है : बालेश्वर मुंडा

**खबर मन्त्र संवाददाता**






**कोडरमा।** आदिवासियों का महापर्व सरहुल को लेकर मंगलवार को झारखंड के हर कोने में धूम देखी गयी। वहीं कोडरमा में भी सरहुल महापर्व धूमधाम से मनाया गया। सरहुल पर्व को लेकर लखीबागी स्थित सरना स्थल पर बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग इकट्ठा होकर पारंपरिक वेशभूषा में पारंपरिक नृत्य करते हुए लोगों ने सरहुल की खुशी का इजहार किया। सरना स्थल पर पूजा के बाद विभिन्न कमेटियों की ओर से आकर्षक झांकी निकाली गई और अलग-अलग सरहुल कमेटियों ने बारी-बारी से पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किए। जिसके बाद सरना स्थल से कोडरमा के रास्ते बड़कीबागी होते हुए सभा स्थल डेंगरापहाड़ के समीप पहुंची। इस शोभायात्रा में विभिन्न गांवों के सरना समितियों द्वारा पारंपरिक वेशभूषा में ढोल नगाड़ों के साथ झूमते नाचते हुए पहुंचे। इस दौरान हजारों की संख्या में आदिवासी समुदाय के युवक-युवतियां शोभायात्रा में झूमते नजर आए। इस मौके पर मुख्य अतिथि जिला कल्याण पदाधिकारी अनूप कुजूर ने कहा कि सरहुल पर्व प्रकृति की पूजा है, हम कामना करते हैं कि पहले वर्ष की भांति इस वर्ष भी अच्छी बारिश हो और अच्छी फसल हो। वहीं मुख्य अतिथि के रूप उपस्थित लघु सिंचाई के कार्यपालक पदाधिकारी बालेश्वर मुंडा ने कहा कि सरहुल पर्व आदिवासियों का सबसे बड़ा पर्व है। यह पर्व हमारी संस्कृति, सभ्यता, एकता को बनाए रखने का संदेश देता है। यह पर्व जल, जंगल, जमीन की रक्षा करने का संदेश देता है। यह पर्व प्राकृति से लगाव का संदेश देता है। वहीं कमेटी के अध्यक्ष पवन माइकल कुजूर ने कहा कि सरहुल दो शब्दों से मिलकर बना है, सर का मतलब सरय का फूल और हुल का मतलब क्रांति। जल जंगल जमीन को बचाने लिए हम क्रांति करते हैं। हमलोग प्रकृति की पूजा करते हैं और हम सभी प्राकृति को धन्यवाद देते हैं कि आपके द्वारा ही हम सभी धरती पर जिंदा हैं। सभा स्थल पर विभिन्न सरना समितियों के द्वारा एक से बढ़कर एक नृत्य प्रस्तुत की गई। अंत में सभी सरना समितियों को पुरस्कृत किया गया। वहीं शोभायात्रा के दौरान गांधी चौक के समीप समाजसेवी विनय कुमार सिंह द्वारा शरबत और पानी की व्यवस्था की गई थी। वहीं कॉलेटेक्स के समीप मंगलम हॉस्पिटल झुमरीतिलैया द्वारा भी पानी और शरबत की व्यवस्था की गई थी। मौके पर सचिव अनिल हांसदा, कोषाध्यक्ष बिरजामीन हांसदा, अनूप कुजूर, डॉ. विमल प्रसाद, रीमिस हेम्ब्रम, विनोद उरांव, जोसेफ टोप्पो, अनिल हांसदा, तुरण टोपनो, पोलीकॉर्प तिर्की, विपिन किशोर टोप्पो, देवनीश एक्का, रौशनी केरकेटा, बेंजामीन एक्का समेत सैकड़ों आदिवासी समुदाय की महिलाएं, पुरुष व बच्चे उपस्थित थे।

### विधायक डॉ. नीरा यादव ने सरहुल महोत्सव में लिया भाग



**कोडरमा।** आदिवासियों का सबसे महत्वपूर्ण त्योहार सरहुल मंगलवार को भक्ति और उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। इस दौरान विधायक डॉ. नीरा यादव भी सरहुल महोत्सव में शामिल हुईं और महिलाओं के पारंपरिक नृत्य में हिस्सा लिया।

वहीं उन्होंने लोगों को प्रकृति पर्व सरहुल की बधाई दी और धरती माता से सबों के कल्याण की कामना की। वहीं उन्होंने कहा कि प्रकृति का महापर्व सरहुल आप सबों के जीवन में नई ऊर्जा और उमंग लाए और धरती माता का आशीर्वाद आपके जीवन को हरियाली और खुशहाली से भर दे।

### खबर एक नजर में

### प्रकृति और संस्कृति का संगम है सरहूल पर्व : सत्यानन्द भोगता



**चतरा।** राज्य के पूर्व मंत्री सत्यानन्द भोगता चतरा सदर प्रखंड के पकरिया स्थित सरना टोंगरी में आयोजित सरहूल पूजा में शामिल हुए। इस अवसर पर सरहूल पूजा समिति के सदस्यों ने उनका पारंपरिक सरई फूल और अबीर-गुलाल से स्वागत किया।? कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री भोगता ने कहा कि सरहूल पर्व प्रकृति संरक्षण और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। यह पर्व प्रकृति और संस्कृति के अनूठे संयोग को दशार्ता है। उन्होंने सभी को सरहूल की बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर चतरा उपायुक्त रमेश घोलप, जिलापरिषद उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी, राजद जिलाध्यक्ष नवलकिशोर यादव, राजद प्रदेश अध्यक्ष रश्मि प्रकाश, राजद महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष शारदा देवी, मुखिया अनिता देवी, समाजसेवी महेश बांडो, अनिल मिंज समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### केवाल में कलश यात्रा के साथ महायज्ञ शुरू



**हंटरगंज (चतरा)।** प्रखंड के केवाल गांव में मां देवी मंडप सह देवी प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का भव्य शुभारंभ हुआ। मंगलवार को 251 कलशों के साथ मंदिर परिसर से गाजे-बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। चतरा विधायक जनार्दन पासवान और राजद प्रदेश अध्यक्ष (महिला प्रकोष्ठ) रेशमी प्रकाश समेत सैकड़ों श्रद्धालु इस यात्रा में शामिल हुए। यात्रा देवी मंडप से शुरू होकर बखरडीह गांव के निलांजन नदी तक पहुंची, जहां यज्ञाचार्य पंडित सुरेंद्र महाराज ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच जल भराई संपन्न कराई। इसके बाद श्रद्धालु पुनः देवी मंडप लौटे और कलश की स्थापना की।यज्ञाचार्य ने बताया कि यज्ञ से सुख, शांति और समृद्धि आती है। इस दौरान विधायक ने श्रद्धालुओं के बीच फल वितरण किया। पूजा समिति के अनुसार, यह महायज्ञ 1 अप्रैल से 6 अप्रैल तक चला और समापन दिन भंडारे और प्रसाद वितरण के साथ हुआ। इस मौके पर कमलकिशोर यादव, केदार यादव, कुलदीप भोक्ता, बालों यादव, अशोक भारती, मुकेश भोक्ता, आशीष यादव, रोहन भारती सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### फिटिंग टांड़ और बारा में कानूनी जागरूकता अभियान आयोजित



**हंटरगंज (चतरा)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तहत हंटरगंज प्रखंड में मंगलवार को कानूनी जागरूकता अभियान चलाया गया। पीएलवी की टीम ने खुटीकेवाल पंचायत के फिटिंग टांड़ और करमा पंचायत के बारा गांव में ग्रामीणों को कानूनी अधिकारों की जानकारी दी।अभियान के दौरान ग्रामीणों को बाल विवाह, घरेलू हिंसा, दहेज प्रथा, नशे की लत और बाल श्रम जैसी सामाजिक कुरीतियों के दुष्प्रभाव बताए गए। साथ ही, छोटे घरेलू विवादों को लोक अदालत के माध्यम से त्वरित और निःशुल्क हल कराने की जानकारी दी गई। इस मौके पर पीएलवी कुमार विवेक रंजन, सरयू यादव, बिहारी कुमार समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

### अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त



**गिद्धौर।** थाना क्षेत्र के बरहमपुर मोड़ के पास से प्रशासन ने अवैध रूप से बालू लदा एक ट्रैक्टर जब्त किया। यह कार्रवाई सीओ अनंत सयनम विश्वकर्मा और थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता के नेतृत्व में की गई। जब्त ट्रैक्टर के मालिक के खिलाफ आगे की कार्रवाई के लिए मामला खनन विभाग को भेज दिया गया है।थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि अवैध बालू उठाव और धुलाई की गुप्त सूचना मिली थी। इसी आधार पर सीओ अनंत सयनम विश्वकर्मा के नेतृत्व में छापेमारी की गई, जिसमें बरहमपुर मोड़ के पास से ट्रैक्टर जब्त किया गया। हालांकि, मौके से ट्रैक्टर चालक फरार हो गया। इस कार्रवाई से बालू माफियाओं में हड़कंप मच गया है।

### गाडिलौंग में भव्य शिव मंदिर का निर्माण, 16 मई से नौ दिवसीय महायज्ञ और मेला का आयोजन



टंडवा (चतरा)। गाडिलौंग में भव्य और आकर्षक शिव मंदिर का निर्माण पूरा हो गया है। मंदिर में 16 मई से 24 मई तक नौ दिवसीय महायज्ञ और भव्य मेले का आयोजन किया जाएगा। इसके सफल आयोजन को लेकर ग्रामीणों की एक महाबैठक हुई, जिसमें विभिन्न समितियों का गठन किया गया। महाबैठक में कोर कमिटी गठित की गई, जिसमें दीपू चौरसिया को अध्यक्ष, मनीष चौरसिया को सचिव और संदीप चौरसिया को कोषाध्यक्ष चुना गया। साथ ही, महायज्ञ, भंडारा और मेला की अलग-अलग समितियां बनाई गईं, जिनमें कई ग्रामीणों को जिम्मेदारी सौंपी गई। इस आयोजन में लगभग पांच हजार श्रद्धालुओं के आने की संभावना है, जिसे सफल बनाने के लिए सभी पदाधिकारी और ग्रामीण तन-मन-धन से जुटे हुए हैं। बैठक में सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया।

### ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार व्यक्ति की मौत, एक घायल विरोध में सड़क जाम



**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत राजेंद्र चौक के समीप मंगलवार की सुबह ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं मृतक की पहचान सेवानिवृत्त रेलकर्मी 60 वर्षीय दुर्गा उर्फ दुर्गी पासवान के रूप में हुई है। वहीं घायल की पहचान 16 वर्षीय रतन कुमार पाण्डेय के रूप में की गयी। मिली जानकारी के अनुसार दोनों अपनी बाइक पर सवार होकर पूजा करने कोडरमा जा रहे थे। वहीं राजेंद्र चौक के समीप ट्रक संख्या बीआर01जीबी-3100 की चपेट में आने से बाइक सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं घायल को 108 की मदद से सदर अस्पताल भेजा गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने शव को राजेंद्र चौक के पास रखकर कोडरमा-गिरिडीह मुख्य मार्ग जाम कर दिया। मौके पर कोडरमा सीओ हलधर कुमार सेठी और कोडरमा थाना प्रभारी अरविंद कुमार पहुंच कर ग्रामीणों के साथ वार्ता कर अंतिम संस्कार के लिए कुछ राशि दी गयी। वहीं उन्होंने कहा कि सभी सरकारी लाभ मिलेगा। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। वहीं तीन घंटे बाद सड़क जाम समाप्त हुआ।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में वार्षिक आचार्य कार्यशाला का आयोजन



**बेरमो।** वार्षिक आचार्य कार्यशाला के दूसरे सत्र में अवध बिहारी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जरीडीह बाजार में सचिव अनिल अग्रवाल प्रधानाचार्य एवं आचार्य बंधु भगनी ने संयुक्त रूप से दीपार्चन एवं पुष्पार्चन कर कार्यक्रम को प्रारंभ किया। श्री अग्रवाल ने कार्यशाला की सराहना करते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि कार्यशाला के माध्यम से भौतिक वस्तु एवं त्रुटि को दूर किया जाता है एवं विद्यालय के विकास की चिंता करते हुए विद्यालय की कमी को दूर करने का सुझाव दिया। कहा कि बच्चों की शिक्षा के साथ-साथ चरित्र का निर्माण भी अति आवश्यक है। इसके लिए हमें कोई भी कार्य दृढ़ संकल्प के साथ करना आवश्यक है। यहां के विद्यार्थी हर क्षेत्र में प्रशासनिक क्षेत्र हो या सेवा क्षेत्र हर क्षेत्र में अपना बेहतर प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। इस वार्षिक आचार्य कार्यालय में मुख्य रूप से वरिष्ठ आचार्य सुरेश लाल श्रीवास्तव, रुबीना दीदी, सुभाष चंद्र झा, महेंद्र मंडल, काजल दीदी, शकुंतला दीदी, रीता दीदी, सुमित कुमार, श्वेता खुशबू दीदी, पिंकी दीदी, शिवानी सिन्हा, अरुण कुमार सहित कई लोगों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## एक अधेड़ पर दो नाबालिग बच्चियों के साथ दुष्कर्म का आरोप

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- आरोपी ने शर्मिंदगी व बदनामी के डर से खाया जहर, हालत गंभीर
- आरोपी के पुत्र ने पिता पर दुष्कर्म का आरोप को झूठा बताया

**कोडरमा।** जिले में मानवता को शर्मसार करने का एक मामला सामने आया है। जहां 5 व 6 वर्षीय दो नाबालिग बच्चियों के साथ एक अधेड़ द्वारा दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। जिसको लेकर नाबालिग के पिता ने तिलैया थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। इधर नाबालिग की मां ने बताया है कि सोमवार की शाम वे अपनी बच्चियों को नरेश यादव उर्फ बाबू यादव के यहां दूध लाने के लिए भेजी थी। थोड़ी देर बाद ही वे दोनों घर लौट गईं और अपने कमरे में जाकर चुपचाप बैठ गईं। थोड़ी देर के बाद मैंने उन दोनों को फिर से दूध ले आने के लिए कहा। इसी बीच मेरे पति ने बच्ची को किसी काम के लिए दुकान भेजने को कहा, उस वक्त मैं मंदिर जा रही थी। जब मैंने अपनी बच्ची को आवाज लगाई। तो बाबू यादव के घर से बचाव-बचाव की दबी-दबी सी आवाज आई। मुझे शक हुआ और मैं अंदर गई तो देखा कि बाबू यादव मेरी बच्ची का जबरदस्ती मुंह दबाए हुए है और मेरी देवरानी की बेटी पूरी नग्न अवस्था में थी। जिसके पश्चात् मैंने शोर मचाया और आसपास के लोगों को इकट्ठा किया। इधर जब बच्ची बाहर आई तो उसने बताया कि बाबू यादव द्वारा बाजबरन उनके साथ दुष्कर्म जैसी कुकृत्य घटना को अंजाम दिया गया है। जब मेरे घरवालों ने नरेश यादव उर्फ बाबू यादव से इस संबंध में बात करनी चाही तो उसने हमें धमकी दी और कहा कि अगर यह बात किसी को भी बताया तो अंजाम बहुत बुरा होगा।

पुलिस के पहुंचने से पहले ही अधेड़ ने खाया जहर : इधर मामले के पश्चात् बाबू यादव को ज्यों ही पता चला कि उसे गिरफ्तार करने पुलिस उसके घर आ रही है, उसने जानवरों को दिए जाने वाले कीटनाशक दवा खा ली। जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। जिसके पश्चात् पुलिस द्वारा उसे सदर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। इधर बाबू यादव के पुत्र ने बताया कि उसके पिता पर झूठा आरोप लगाया गया है। उसने बताया कि इस प्रकार के आरोप लगने से उसके पिता शर्मिंदगी महसूस करने लगे और लाचार होकर बदनामी से बचने के लिए जहर खा लिया है।

## ढाब थाना के गोरियाडीह में पुलिस टीम पर हमला करने के मामले में 38 नामजद व 50 अज्ञात पर मामला दर्ज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- छापेमारी करने गई टीम पर खनन माफियाओं ने किया था हमला, पुलिस वाहन हुआ था क्षतिग्रस्त, बाल-बाल बचे थे पुलिस कर्मी

**कोडरमा।** डोमचांच के ढाब थाना क्षेत्र अंतर्गत गोरियाडीह में पुलिस टीम पर हमला करने के मामले में ढाब थाना में थाना प्रभारी रवि प्रकाश पंडित ने मामला दर्ज कराया है। दर्ज मामले में 38 लोगों को नामजद बनाया है जबकि 40 से 50 अज्ञात महिला-पुरुष पर मामला दर्ज किया है। आवेदन में कहा गया कि प्रतिबंधित वन क्षेत्र से अवैध रूप से ग्रीन पत्थर का उत्खन्न एवं तस्करी करना, नाजायज मजमा बनाकर हरवे हथियार से लैश होकर पुलिस टीम पर जानलेवा हमला करते हुए सरकारी कार्य में बाधा डालने, सरकारी वाहन को क्षति ग्रस्त करने, सरकारी वाहन में लगे उपकरणों की चोरी करने तथा पुलिस बल के हथियारों को छीनने सहित अन्य घटनाओं को लेकर मामला दर्ज किया गया है। जिनपर मामला दर्ज किया गया है, उनमें सुरेश साव पिता जानकी साव, अमित साव पिता सुरेश साव, मनोज साव पिता लक्ष्मण साव, सिकन्दर सिंह, उमेश सिंह, उपेन्द्र सिंह तीनों पिता स्व.बाबूलाल सिंह, दीपक साव पिता इन्दर साव, अजय तुरी पिता चन्द्र तुरी, बढ़न सिंह पिता मुन्नी सिंह, पिन्टू तुरी, टिन्कु तुरी दोनों पिता जागी तुरी, मोहन सिंह पिता किशुन सिंह, बिनोद तुरी पिता नामालूम, पोखन सिंह, पिता भातु सिंह, मोती सिंह, पिता शुक्र सिंह, बंसत सिंह पिता किशुन सिंह, प्रमोद सिंह, पिता मोती सिंह, राजेश तुरी पिता नन्हकु तुरी, संतोष तुरी पिता अर्जुन तुरी, सुरेन्द्र सिंह पिता मुन्शी सिंह, जागी तुरी पिता लालधारी तुरी, किशुन सिंह पिता ना मालूम, उषा देवी पति उमेश सिंह, प्रमिला देवी पति सिकन्दर सिंह, बरखा देवी पति अजय तुरी, निक्की देवी, पति दीपक साव, सुलेखा देवी पति शरीफ तुरी, ललीता देवी, पति पिन्टू तुरी, संगीता देवी पति टिन्कू तुरी, मुन्नी देवी पति मदन तुरी, पूजा कुमारी पति मिथुन तुरी, रेणु देवी पति छोटू तुरी, मति देवी पति मनु तुरी, ममता देवी पति भागीरथ सिंह, मुन्नी देवी पति मंगर सिंह, अनिता देवी पति गणेश सिंह, सभी ग्राम गोरियाडीह थाना ढाब के नाम शामिल हैं तथा अज्ञात लगभग 40-50 महिला एवं पुरुष अवैध ग्रीन पत्थर के तस्कर विक्की मेहता पिता विनोद मेहता, प्रवीण मेहता पिता ना मालूम दोनों ग्राम लेंगरापीपर थाना डोमचांच सभी जिला कोडरमा को कांड संख्या 02/2025 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### महिलाओं के आत्मनिर्भरता के लिए निशुल्क लाठी-तलवार प्रशिक्षण : सुषमा सुमन

**कोडरमा।** झांसी की रानी अखाड़ा समिति द्वारा आयोजित लाठी और तलवार संस्कार प्रशिक्षण का आयोजन जिले के झुमरीतिलैया में ग्रैंड सूर्या होटल में किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण विशेष रूप से महिलाओं और बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें सुरक्षा का अहसास कराने के उद्देश्य से है। वहीं योगाचार्य सुषमा सुमन ने बताया कि यह कार्यक्रम निःशुल्क है और इसमें हजारों मातृशक्ति को लाठी, तलवार, योग, हवन और स्वदेशी ज्ञान के विषय में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण सुबह 4:45 से 7:30 बजे और शाम 4:30 से 6:30 बजे तक दो शिफ्ट में आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य न केवल महिलाओं को आत्मरक्षा के लिए सक्षम बनाना है, बल्कि उन्हें अपने राज्य और देश की सुरक्षा के प्रति जागरूक करना भी है।

# यज्ञ को लेकर निकली महिलाओं के जुलूस पर पथराव

## तनाव के बाद स्थिति नियंत्रण में, कोडरमा पुलिस ने संभाला मोर्चा





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** जिले में एक धार्मिक जुलूस को निशाना बनाकर तनाव पैदा करने की कोशिश की गयी। बताते चलें कि कोडरमा थाना अंतर्गत चेचाई में होने वाले यज्ञ के आयोजन को लेकर भिक्षा के लिए सात गांव के भ्रमण पर निकली महिलाओं के जत्थे पर छतरबर में एक घर से पथराव किया गया। वहीं बताया जा रहा है कि एक विशेष समुदाय के लोगों ने पथराव किया है।

**पथराव से इलाके में तनाव, पुलिस ने संभाला मोर्चा**

घटना मंगलवार सुबह करीब 9 बजे की है। इस घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल बन गया।

हालांकि पुलिस ने पहुंच कर माहौल को नियंत्रित कर लिया। ग्रामीणों ने बताया कि चेचाई देवी मंडप से कलश लेकर महिलाएं भिक्षा के लिए इलाके में निकली थीं। इसी दौरान छतरबर पहुंची, जहां पत्थरबाजी की घटना हुई। इसमें एक कलश फूट गया। 50-60 महिलाएं जुलूस में थीं और घटना के बाद दूसरे इलाके के लिए महिलाएं निकल गईं। यहां 9 से 17 अप्रैल तक यज्ञ होना है। वहीं महिलाएं चेचाई, छतरबर, करमा, झुमरी, करियावर मैसौंधा, पुतो, कानूनगोबीघा होते हुए वापस चेचाई पहुंचीं। वहीं पत्थरबाजी किसने की पुलिस पहचान करने में जुटी हुई है। गांव में पुलिस फिलहाल कैंप कर रही है।

मामले की सूचना मिलते ही एसडीओ रिया सिंह, एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह, डीएसपी मुख्यालय रतिभान सिंह, सीओ हलधर कुमार सेठी, कोडरमा थाना प्रभारी अरविंद कुमार, तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार, डोमचांच थाना प्रभारी ओम प्रकाश, नवलशाही थाना प्रभारी शशिभूषण कुमार सहित बड़ी संख्या में पुलिस जवान मौजूद हैं। वहीं ड्रोन कैमरे से भी छतरबर में हर घर के छत की निगरानी की जा रही है।

### ग्रामीणों की नाराजगी, पुलिस से सख्ती की मांग

स्थानीय लोगों का कहना है कि ऐसी घटनाएं उनके धार्मिक विश्वास पर हमला है। वहीं एक ग्रामीणों ने बताया कि हम शांति से अपना काम कर रहे थे, फिर भी हम पर पत्थर फेंके गए। पुलिस को सख्त कार्रवाई करनी चाहिए, वरना यह सिलसिला रुकेगा नहीं। महिलाओं ने भी इस घटना पर दुख जताया और कहा कि वे सिर्फ अपनी परंपरा निभा रही थीं। अब सबकी नजर पुलिस की जांच पर टिकी है कि क्या यह मामला सुलझेगा या फिर कोडरमा में तनाव का नया अध्याय शुरू होगा।

### ड्रोन से निगरानी, आरोपियों की तलाश तेज

पुलिस ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए छतरबर में ड्रोन कैमरों से निगरानी शुरू कर दी है। हर घर की छत और गलियों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है, ताकि पथराव करने वालों की पहचान हो सके। कोडरमा पुलिस ने कई थानों से पुलिस बल बुलाकर इलाके में कैंपिंग शुरू कर दी है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि यह हमला सुनियोजित था, लेकिन अभी तक यह साफ नहीं हो सका कि इसके पीछे कौन लोग थे। पुलिस ने जांच तेज कर दी है और जल्द ही दोषियों को पकड़ने का दावा किया है।

## पटना में होने जा रहे सम्मेलन को लेकर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की बैठक आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा द्वारा झारखंड एवं बिहार के कायस्थों का सम्मेलन आगामी 12 एवं 13 अप्रैल 2025 को पटना में होने जा रहा है। सम्मेलन में भाग लेने एवं चित्रांशों के उत्थान के संदर्भ में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद सहाय एवं हजारीबाग महासभा जिला पदाधिकारी अरुण प्रभात सिन्हा एवं बृज किशोर सिन्हा द्वारा कोडरमा में गोपाल कुमार गुतुल के आवास पर एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें कोडरमा जिला के चित्रांशगण उपस्थिति हुए। कार्यक्रम की शुरुआत श्री चित्रगुप्त भगवान की पूजा वंदना एवं आरती से की गयी।

बैठक की शुरुआत करते हुए प्रदेश एवं हजारीबाग से आए प्रतिनिधियों ने इस बात पर जोर दिया कि आगामी होने वाले सम्मेलन में झारखंड के सभी जिलों से प्रतिनिधि सम्मिलित होंगे तथा उम्मीद जतायी कि कोडरमा से भी अधिक से अधिक चित्रांश इस सम्मेलन में अपनी भागीदारी निभाएंगे। इसके साथ ही साथ चित्रांशों के उत्थान एवं एकजुटता पर बल देते हुए सबों ने अपने-अपने विचार रखे तथा कहा गया कि अगर अभी भी हम एकजुट नहीं हुए तो आने वाले समय में हम लोग अस्तित्व विहीन हो जाएंगे। चित्रांशों के स्वर्णिम इतिहास को पुनः कायम करने का संकल्प लिया गया। बैठक के अंत में अपने समाज के भिखारी प्रसाद एवं शैलेंद्र श्रीवास्तव के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उनकी आत्मा को शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया।

बैठक में सत्येंद्र सिन्हा, मनोज सहाय पिंकू, संतोष सिन्हा, विनय कुमार बेलू, मुकेश कुमार वर्मा, गोपाल कुमार गुतुल, उमाकांत सिन्हा, राजेश श्रीवास्तव पिंटू, उमेश प्रसाद सिन्हा, निरंजन प्रसाद, प्रवीण सिन्हा, संजीव प्रधान, विनय कुमार सिन्हा बिनु, शशि भूषण प्रसाद, नीरज बक्शी, सुजीत सिन्हा, नवीन लाल, राकेश कुमार सिन्हा, चंदन कुमार सिन्हा, रितेश रंजन कुमार आदि उपस्थित थे।

# शिक्षा में सुधार?

यह एक निर्विवाद सत्य है कि बेहतर रोजगार की स्थितियां हमारे शैक्षिक वातावरण पर भी निर्भर करती हैं। यदि हम परंपरागत शिक्षा से इतर रोजगार व कौशल विकास की शिक्षा को अपनी प्राथमिकता बनाएं तो स्थिति बदल सकती है। इसके लिये जरूरी है कि राज्य में रोजगारपरक शिक्षा के अनुकूल वातावरण बनाया जाए। इस दिशा में गंभीर प्रयासों की सख्त जरूरत है। दरअसल, देश में हाल के दिनों में कई स्कूलों के भवनों की स्थिति व सुरक्षा आदि को लेकर अभिभावक चिंता जताते रहे हैं। हर अभिभावक चाहता है कि सरकारी स्कूलों में बेहतर साफ-सफाई, शौचालयों और पीने के पानी जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध रहें। दरअसल, देखने में आया है कि कई ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में छात्रों की संख्या जितनी अधिकता में है, उस अनुपात में शिक्षक उपलब्ध नहीं हैं। हालांकि, विपक्ष ने इस मुद्दे पर सरकार का ध्यान तो खींचा, लेकिन अन्य राजनीतिक मुद्दों में उलझाव के चलते शिक्षा के मुद्दे पर वैसे गंभीर बहस नहीं हो पायी , जैसी अपेक्षित थी। वैसे सरकार की तरफ से इस बाबत प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बजट आवंटन और भविष्य में सुधार का आश्वासन तो दिया गया, लेकिन इन वायदों का हकीकत में बदलना भी उतना ही जरूरी है। ये नौकरशाही का भी दायित्व बनता है कि छात्र सुरक्षित परिस्थितियों में अध्यापन करें। निस्संदेह, नौकरशाही की अक्षमताएं प्रगति के मार्ग में बाधा बनती हैं। जरूरत इस बात की भी है कि हमारी शिक्षा वक्त की जरूरतों के साथ जुड़ी हो। ताकि छात्र विदेशों में रोजगार तलाशने की बजाय अपने रोजगार खुद सृजित कर सकें। यह तभी संभव है जब हमारी शिक्षा व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन होगा। सरकारी शिक्षा गरीबों के मिड डे मिल तक सीमित होता जा रहा है वहीं निजी शिक्षा आम लोगों के पहुंच से बाहर होता जा रहा है।

## आज का राशिफल

**मेष : बुद्धि व धन का दुरुपयोग न करें। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय न गंवाकर काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। शुभांक-2-5-7**

**वृष : कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-2-3-5**

**मिथुन : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-2-3-8**

**कर्क : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। शुभांक-2-5-8**

**सिंह : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोषजनक सफलता मिलेगी। शुभांक-4-8-9**

**कन्या : अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति ठीक रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-8-9**

**तुला : मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। सहयोग प्राप्त होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे। परामर्श आदि सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9**

**वृश्चिक : दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। उतावलेपन से बचे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। किसी को हानि पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। स्वविवेक से कार्य करे। शुभांक-1-2-7**

**धनु : घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। शुभांक-1-4-8**

**मकर : प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-6-8**

**कुंभ : कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कुछ तनाव हो सकता हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-5-7-8**

**मीन : आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा।**

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# संघ से संतुलन साधते पीएम नरेन्द्र मोदी

भाजपा ने संघ के साथ संबंधों में सुधार किया जिसके चलते पार्टी को हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली में विधानसभा चुनावों में जोरदार जीत मिली थी। दूसरी ओर, संघ और भाजपा के बीच मतभेदों को दोनों ही संगठनों के नेता नकारते हैं और कहते हैं कि ऐसी बातें वही लोग करते हैं जो भाजपा और संघ को नहीं समझते हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागपुर यात्रा के दौरान आरएसएस मुख्यालय स्थित हेडगेवार स्मृति मंदिर का दौरा कर नया इतिहास रच दिया क्योंकि संघ के 100 वर्षों के इतिहास में दूसरी बार देश का कोई प्रधानमंत्री राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुख्यालय पहुँचा था। हम आपको याद दिला दें कि तत्कालीन प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी ने वर्ष 2000 में अपने तीसरे कार्यकाल के दौरान नागपुर में संघ मुख्यालय का दौरा किया था। संयोग देखिये कि मोदी भी अपने तीसरे कार्यकाल के दौरान ही संघ मुख्यालय पहुँचे। मोदी के संघ मुख्यालय के दौरे पर जहां विपक्ष बौखला रहा है वहीं इस यात्रा ने आरएसएस के भीतर भी कई लोगों को सुखद आश्चर्य में डाल दिया है। वैसे कुल मिलाकर मोदी की इस यात्रा को भाजपा और आरएसएस द्वारा आपसी मतभेद दूर करने और एकजुट होने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से नागपुर में अपने संबोधन के दौरान आरएसएस की भरपूर प्रशंसा को अपने वैचारिक मार्गदर्शक के प्रति भाजपा के रुख में आये बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। हम आपको याद दिला दें कि पिछले साल लोकसभा चुनावों के दौरान भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा था कि भाजपा उस समय से आगे बढ़ चुकी है जब उसे आरएसएस की जरूरत थी और अब वह ह्लसक्षमह्व है तथा अपने काम खुद करती है। नड्डा की इस टिप्पणी से संघ कार्यकर्ताओं में रोष उत्पन्न हो गया था और लोकसभा चुनावों के दौरान भाजपा और आरएसएस के बीच दूरी देखी गयी थी जिसका नुकसान भाजपा को लोकसभा में बहुमत गंवा कर उठाना पड़ा था।

हालांकि लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद भाजपा ने संघ के साथ संबंधों में सुधार किया जिसके चलते पार्टी को हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली में विधानसभा चुनावों में जोरदार जीत मिली थी। दूसरी ओर, संघ और भाजपा के बीच मतभेदों को दोनों ही संगठनों के नेता नकारते हैं और कहते हैं कि ऐसी बातें वही लोग करते हैं जो भाजपा और संघ को नहीं समझते हैं। वैसे जानकारों का यह भी कहना है कि संघ को मुख्य आपत्ति इस बात पर थी कि भाजपा एक व्यक्ति केंद्रित पार्टी बनती जा रही है। हम आपको याद दिला दें कि साल 2014 के बाद "मोदी ब्रांड राजनीतिह्व के तहत भाजपा सारे चुनाव लड़ती रही है। लोकसभा चुनावों के बाद भाजपा ने अन्य नेताओं को भी आगे बढ़ाया है और आने वाले समय में दूसरी पंक्ति के कई और नेताओं को बड़ी भूमिकाएं मिलने जा रही हैं। वैसे, आरएसएस के शताब्दी समारोह और बेंगलुरु में भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक से पहले प्रधानमंत्री की नागपुर यात्रा इस मायने में भी महत्वपूर्ण है कि भाजपा जल्द ही अपने नये राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव करने वाली है। हालांकि हाल ही में संघ की ओर से स्पष्ट किया गया था कि उसके सभी आनुषांगिक संगठन अपने कार्यों के बारे में स्वतंत्र रूप से निर्णय लेते हैं लेकिन हमें यह भी ध्यान रखना होगा कि साल 2009 के लोकसभा चुनावों में भाजपा की करारी हार के बाद मोहन भागवत के हस्तक्षेप के बाद ही लालकृष्ण आडवाणी युग समाप्त हुआ था और मोदी आगे लाये गये थे। साल 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा के खराब प्रदर्शन के बाद मोहन भागवत की कुछ टिप्पणियों को पार्टी नेतृत्व और प्रधानमंत्री मोदी की सीधी आलोचना के रूप में भी देखा गया था। इसलिए ऐसा हो नहीं सकता कि भाजपा अपने नये अध्यक्ष के नाम पर बिना संघ प्रमुख से चर्चा किये बिना फैसला कर ले।



- नीरज दूबे

> बहरहाल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संघ मुख्यालय के दौरे के साथ ही डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के पंचतीर्थों में से एक दीक्षाभूमि का भी दौरा कर राजनीतिक संतुलन साधने की कोशिश की। प्रधानमंत्री ने संघ मुख्यालय में दिये गये अपने संबोधन में भी बाबा साहेब को याद किया और भारतीय संविधान की भरपूर प्रशंसा की। प्रधानमंत्री मोदी ने आरएसएस मुख्यालय में डॉ. हेडगेवार स्मृति मंदिर का दौरा कर संघ के संस्थापकों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

हम आपको यह भी बता दें कि पूर्व प्रधानमंत्रियों और वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने पूर्व में सावधानी बरतते हुए सरकार और संघ के बीच अंतर सुनिश्चित किया लेकिन मोदी चूंकि खुद संघ के प्रचारक रहे हैं इसलिए वह संघ की तारीफ करने में नहीं चूकते। हाल ही में तीन बड़े मौके आये जब मोदी ने अपने जीवन को सही मार्गदर्शन देने के लिए संघ का आभार जताया और इस सबसे बड़े स्वयंसेवी संगठन की भरपूर प्रशंसा की। प्रधानमंत्री ने नागपुर में भी आरएसएस को एक ऐसे संगठन के रूप में संदर्भित किया जिसने ₹समर्पण और सेवा के उच्चतम सिद्धांतों को कायम रखा₹। साथ ही उन्होंने संघ की ₹राष्ट्र निर्माण और विकास में रचनात्मक भूमिका₹ को रेखांकित करके अपनी ₹2047 तक विकसित भारत₹ की योजनाओं में संघ की भूमिका के महत्व को भी दर्शाया है। प्रधानमंत्री मोदी ने प्रयागराज में हाल ही में संपन्न महाकुंभ मेले में ह्लमहत्वपूर्ण भूमिकाह्व निभाने के लिए भी स्वयंसेवकों को श्रेय दिया था। इसके अलावा, हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा सरकारी कर्मचारियों पर आरएसएस द्वारा की जाने वाली सामाजिक गतिविधियों में भाग लेने पर लगाए गए प्रतिबंध को भी हटा दिया गया था। यही नहीं, जिस तरह भाजपा के वरिष्ठ नेता गठबंधन सरकार होने के बावजूद अपने मूल एजेंडे में शामिल मुद्दों पर आगे बढ़ने की बात कर रहे हैं वह इस बात का संकेतक है कि आरएसएस के कुछ मुख्य एजेंडे भाजपा की राजनीति में फिर से सबसे आगे आ रहे हैं।

बहरहाल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संघ मुख्यालय के दौरे के साथ ही डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के पंचतीर्थों में से एक दीक्षाभूमि का भी दौरा कर राजनीतिक संतुलन साधने की कोशिश की। प्रधानमंत्री ने संघ मुख्यालय में दिये गये अपने संबोधन में भी बाबा साहेब को याद किया और भारतीय संविधान की भरपूर प्रशंसा की। प्रधानमंत्री मोदी ने आरएसएस मुख्यालय में डॉ. हेडगेवार स्मृति मंदिर का दौरा कर संघ के संस्थापकों को श्रद्धांजलि अर्पित की साथ ही वह दीक्षाभूमि भी गए, जहां डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर ने 1956 में अपने हजारों अनुयायियों के साथ बौद्ध धर्म अपनाया था। मोदी दीक्षाभूमि स्थित स्तूप के भीतर गए और वहां रखी आंबेडकर की अस्थियों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

मोदी ने जहां आरएसएस को भारत की अमर संस्कृति का वट वृक्ष बताया वहीं उन्होंने दीक्षाभूमि की सामाजिक न्याय और दलितों को सशक्त बनाने के प्रतीक के रूप में सराहना करते हुए डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के सपनों के भारत को साकार करने के लिए और भी अधिक मेहनत करने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहरा कर सबका दिल जीत लिया। इस तरह मोदी ने नागपुर यात्रा से जो संदेश दिया है वह यह है कि भारतीय संविधान के दायरे में रह कर काम करते हुए अपने वैचारिक संगठन की विचारधारा को आगे बढ़ाते रहेंगे।

## लेटर टू एडिटर

### नफरती मंसूबे

हाल ही में अमेरिका के कैलिफोर्निया स्थित स्वामीनाथन मंदिर पर हमले के साथ अपवित्रता की घटना भी हुई। इसके अलावा, विदेश मंत्री जयशंकर के काफिले पर ब्रिटेन में हमले और नारेबाजी के साथ उच्चायुक्त भवन से तिरंगा निकालने की घटना से मयार्दाएं टूट रही हैं। संपादकीय ह्यनफरती मंसूबेह्व में उल्लेख है कि इन अलगाववादियों को वहां की सरकारें संरक्षण देकर कार्यवाही नहीं कर रही हैं, जिससे इनके हौसले बुलंद हो रहे हैं। इन घटनाओं की अनदेखी कदापि नहीं की जानी चाहिए और पश्चिमी देशों को अपनी मयार्दा में ही रहना चाहिए।

बीएल शर्मा, जमशेदपुर

### चौकसी पर सवाल

अमृतसर के ठाकुरद्वारा मंदिर में ग्रेनेड हमलाह्व में पंजाब में शांति भंग करने की साजिश का खुलासा किया गया है। रात के समय दो मोटरसाइकिल सवारों द्वारा ग्रेनेड फेंकने से प्रशासन की चौकसी पर सवाल उठते हैं। पिछले चार महीनों में पंजाब में यह 13वां ग्रेनेड हमला है। पाकिस्तान, नशीले पदार्थों की तस्करी और धार्मिक स्थानों पर हमले के जरिए पंजाब की शांति को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहा है। मुख्यमंत्री को इन ताकतों को मुंहतोड़ जवाब देना चाहिए।

– रविशंकर सिंह, रांची

## X ट्वीट

**बंशीधर** महोत्सव को राजकीय महोत्सव बनाया गया है। इसी तरह पलामू प्रमंडल के आदिवासी भाइयों-बहनों के ऐतिहासिक दुबियाखाड़ मेला को राजकीय महोत्सव का दर्जा दिया गया है। विगत 5 साल में जो गति विकास को दिया गया है वह गति 100 गुना बढ़ाने का मैं वादा करता हूं।

– हेमंत सोरेन, सीएम

# अगले साल तक कैसे खत्म हो पाएगा लाल आतंक

**उमेश चतुर्वेदी**

सामयिक

नक्सलवाद को लेकर कहा जाता रहा है कि जहां विकास नहीं पहुंचा, जहां शोषण की अर्थव्यवस्था रही, वहीं नक्सलवाद को पनपने का ज्यादा मौका मिला। शायद इसी वजह से नक्सल प्रभावित इलाकों में विकास के पहिये को तेजी से दौड़ाने की तैयारी हुई।

इसे संयोग कहें या कुछ और, बीते 21 मार्च को जब छत्तीसगढ़ के बीजापुर और कांकेर में सुरक्षा बलों के हाथों तीस नक्सली मारे गए, उसी वक्त केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह संसद में नक्सलवाद के सफाए का ऐलान कर रहे थे। अमित शाह का कहना था कि अगले 375 दिनों में नक्सलवाद का सफाया हो जाएगा। अगर तारीखों के हिसाब से कहें तो केंद्र सरकार ने 31 मार्च 2026 तक कभी लाल आतंक के नाम से कुख्यात रहे नक्सलवाद के सफाए का लक्ष्य रखा है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि क्या सचमुच नक्सलवाद आखिरी सांसे ले रहा है और जल्द ही आतंक का पर्याय रही ये विचारधारा अतीत बन जाएगी।

साल 2025 के अभी तीन महीने ही गुजरे हैं, लेकिन इस बीच नक्सलवाद को लेकर जो आंकड़े सामने हैं, उनसे तो लगता यही है कि नक्सलवाद अब गिने-चुने दिनों की ही बात है। केंद्रीय गृहमंत्रालय के आंकड़ों पर भरोसा करें तो बीते तीन महीनों में ही सुरक्षा बलों की कार्रवाई में 119 नक्सली मारे जा चुके हैं। नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षा बलों को यह कामयाबी सिर्फ 10 मुठभेड़ों में ही मिली हैं। बीते साल यानी 2024 में मुठभेड़ों में 239 नक्सली मारे गए थे। यानी सिर्फ सवा साल की अवधि में ही 358 नक्सली मारे जा चुके हैं। इतने नक्सलियों का मारे जाने और भारी संख्या में नक्सलियों के आत्म समर्पण करने का संकेत साफ है कि अब नक्सलियों की कमर टूटती जा रही है। शायद यही वजह है कि अमित शाह संसद में पूरे आत्मविश्वास के साथ ऐलान कर रहे हैं कि नक्सलवाद देश में आखिरी सांसे गिन रहा है। साल 2010 के आंकड़ों के हिसाब से देश के तकरीबन छठवें हिस्से में नक्सलवाद का प्रभाव था। झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश तक नक्सलवाद फैला हुआ था। गृहमंत्रालय के आंकड़ों के हिसाब से तब देश के 96 जिलों में आतंकवाद का खूनी पंजा फैला हुआ था। यूं तो हर सरकार नक्सलियों के खिलाफ अभियान चलाती रही है, लेकिन इसमें तेजी केंद्र में मोदी सरकार के आने के बाद आई। सड़कों और रेल लाइन की पहुंच नक्सल प्रभावित इलाकों में बढ़ाने की शुरूआत हुई। बीते आठ वर्षों में 10718 करोड़ की लागत से नक्सल प्रभावित इलाकों में करीब 9356 किमी सड़कों का निर्माण किया गया। इन इलाकों में तैनात केंद्रीय बलों तैनात केंद्रीय बलों द्वारा स्थानीय आबादी के लिए जहां स्वास्थ्य शिविर लगाए जाने शुरू हुए, वहीं उन्हें मुफ्त में जरूरी दवाएं दी जाने लगीं। इसी तरह उन इलाकों में पेयजल सुविधा बढ़ाने, सोलर लाइट की सुविधा देने के साथ ही खेती के उपकरण और बेहतर बीच आदि देने की कोशिश तेज हुई। गृहमंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, साल 2014 से अब तक इन मदों में नक्सल प्रभावित इलाकों में करीब 140 करोड़ रुपये के काम किए जा चुके हैं। डाक विभाग ने 90 नक्सलप्रभावत प्रभावित जिलों में, तकरीबन हर तीन किलोमीटर पर सिर्फ आठ वर्षों में ही 4903 नए डाकघर खोले हैं। इसी तरह अप्रैल-2015 से लेकर अब तक 30 सर्वाधिक नक्सल प्रभावित जिलों में 1258 नई बैंक शाखाएं और 1348 एटीएम लगाए गए हैं। नक्सल प्रभावित इलाकों में संचार की सुविधा बढ़ाने के लिए पहले चरण में 4080 करोड़ रुपए की लागत से 2343 मोबाइल टावर लगाए गए तो दूसरे चरण में 2210 करोड़ से 2542 मोबाइल टावर लगाए जा रहे हैं। इन इलाकों में 245 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बनाने की तैयारी है,जिनमें 121 काम शुरू कर चुके हैं।

इन समूहों को स्थानीय समर्थन मिलने के कारण सुरक्षा संस्थाओ को अपना काम करने में कई समस्याओं का सामना करना पड़ता था, परन्तु 2014 के बाद हालात बदले। दूसरी तरफ उग्रवादी समूहों को हो रही फंडिंग पर रोक लगाने के लिए चौकसी बढ़ाई गई। इसके तहत नक्सल प्रभावित राज्यों ने जहां 22 करोड़ की संपत्ति जब्त की,वहीं प्रवर्तन निदेशालय ने तीन और एनआईए ने पांच करोड़ की संपत्ति जब्त की। नक्सली हिंसा की जांच के लिए एनआईए में अलग से एक सेक्शन बनाया गया। जिसे अब तक 55 मामलों की जांच सौंपी जा चुकी है। इसी तरह विशेष कार्रवाई के लिए विशेषज्ञ सुरक्षा बलों पर जोर दिया गया और सूचनाओं को साझा करने का नेटवर्क विकसित किया गया। नक्सलरोधी ऑपरेशन के लिए केंद्रीय और राज्यों विशेष ऑपरेशन टीमें बनाई गईं। सुरक्षा बलों और नक्सलियों पर निगाह के लिए तकनीक को बढ़ावा भी दिया गया।

# वक्फ बोर्ड भूमि घोटाले में मुख्य पीड़ित बने मुसलमान

**हर्ष रंजन**

सामयिक

**वक्फ संपत्तियों का आकार**

देश में सेना और रेलवे के बाद तीसरी सबसे बड़ी भूमि वक्फ की है। भारतीय वक्फ संपत्ति प्रबंधन प्रणाली (वामसी) पोर्टल के मुताबिक भारत में वक्फ संपत्तियों का कुल क्षेत्रफल 37.39 लाख एकड़ से अधिक है।

भारत में 28 राज्य और 7 केंद्र शासित प्रदेश हैं, जिनमें से 32 वक्फ बोर्ड विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में काम करते हैं। कुल 8,72,802 वक्फ संपत्तियों के साथ, भारत में वक्फ संपत्तियों का आकार बहुत बड़ा है।

इसके अलावा, 4,02,089 'वक्फ बाय यूजर' हैं, लेकिन उनके लिए कोई उचित दस्तावेज उपलब्ध नहीं हैं। इतनी बड़ी संपत्ति होने के बावजूद, केवल 1,088 वक्फ डीड पंजीकृत की गई हैं और 26,676 निजी वक्फ (वक्फ अल औलाद) संपत्तियां हैं।

**भारत में वक्फ का इतिहास और वर्तमान संकट**

भारत में वक्फ संपत्तियों का प्रशासन कई विधायी परिवर्तनों के माध्यम से विकसित हुआ है, जिसका उद्देश्य प्रशासन में सुधार और कुप्रबंधन को रोकना है। 1894 में प्रिवी काउंसिल के आदेश के बाद से, मुस्लिम वक्फ अधिनियम संशोधन (1913, 1923, 1930), वक्फ अधिनियम 1954 और इसके बाद हुए संशोधनों सहित विभिन्न कानूनों ने वक्फ प्रशासन को आकार दिया है।

वक्फ अधिनियम, 1995 ने विनियामक तंत्र को और मजबूत किया, जिसमें 2013 में एक प्रमुख संशोधन ने इसके दायरे का विस्तार किया। इतना शानदार इतिहास होने के बावजूद, भारत में वक्फ बोर्ड अनियमितताओं और कुप्रबंधन के आरोपों में घिरे हुए हैं। रिपोर्ट बताती हैं कि कानूनी प्रक्रियाओं को दरकिनार करते हुए वक्फ संपत्तियों को अक्सर अवैध रूप से बेचा जाता है या निजी संस्थाओं को औने-पौने दामों पर पट्टे पर दे दिया जाता है। बड़े पैमाने पर हुए इस भ्रष्टाचार ने मुस्लिम समुदाय के भीतर बढ़ती अशांति को जन्म दिया है क्योंकि अतिक्रमण, अवैध भूमि लेनदेन और कानूनी विवादों के मामले लगातार बढ़ रहे हैं।

हालांकि, भले ही इस समस्या को व्यापक रूप से पहचाना जाता है, लेकिन अधिकांश समुदाय के सदस्य सामाजिक प्रतिक्रिया और साथियों के दबाव के डर से बोलने से बचते हैं।

**बड़े पैमाने पर अतिक्रमण और कानूनी विवाद**

वक्फ संपत्तियों के एक बड़े हिस्से पर अतिक्रमण है, जिस कारण कई कानूनी लड़ाइयां हो रही हैं। वामसी पोर्टल के अनुसार, वर्तमान में वक्फ संपत्तियों पर अतिक्रमण के 58,890 मामले हैं।

वक्फ संपत्तियों से संबंधित कुल मुकदमेबाजी के मामलों की संख्या 31,999 है, जिनमें से 16,140 मामले विशेष रूप से अतिक्रमण से संबंधित हैं। इनमें से 3,165 मामले मुस्लिम याचिकाकताओं द्वारा दायर किए गए हैं।

मुस्लिम समुदाय के कई लोगों का मानना है कि वक्फ बोर्डों में पारदर्शिता और जवाबदेही की कमी के चलते भ्रष्ट अधिकारियों और निहित स्वार्थी लोगों के लिए इन संपत्तियों का दोहन करना संभव हुआ है, जिससे समुदाय को उसके सही संसाधनों से वंचित किया जा रहा है।

**बोलने का डर और आंतरिक संघर्ष** इस मुद्दे ने समुदाय के भीतर आंतरिक कलह को जन्म दिया है क्योंकि लोगों को तेजी से एहसास हो रहा है कि वक्फ संपत्तियों का कुप्रबंधन मुख्य रूप से मुसलमानों को नुकसान पहुंचाता है।

हालांकि, सामाजिक दबावों के कारण खुलकर आलोचना करना दुर्लभ है। कई सामाजिक कार्यकताओं, प्रमुख मुस्लिम हस्तियों, शिक्षाविदों और विचारकों ने वक्फ कानून सुधारों की तत्काल आवश्यकता पर बढ़ती लेकिन अव्यक्त आम सहमति को उजागर किया है।



**अखिल भारतीय बौद्ध मंच (एआईबीएफ) के तहत लगभग 100 बौद्ध भिक्षु बोधगया के महाबोधि मंदिर परिसर में विरोध प्रदर्शन किया जिसमें बोधगया मंदिर अधिनियम (बीटीए), 1949 को निरस्त करने की मांग की गई है। एआईबीएफ को प्रमुख बौद्ध निकायों का समर्थन प्राप्त है, । बोधगया बौद्ध धर्म के चार पवित्र स्थलों में से एक है; अन्य तीन बुद्ध की जन्मस्थली लुम्बिनी, सारनाथ जहाँ उन्होंने अपना पहला उपदेश दिया और कुशीनगर जहाँ उन्होंने परिनिर्वाण प्राप्त किया। साभारः द हिंदू**

## कार्टून वर्ल्ड



## स्पीड न्यूज

### पटेल सेवा संघ का सम्मान समारोह



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पटेल सेवा संघ पतरातू के तत्वाधान में रविवार को भुरकुंडा ऑफिसर क्लब में परिचय बैठक सह सम्मान समारोह हुआ। इसकी अध्यक्षता लखेन्द्र राय एवं संचालन मिथिलेश सिंह ने किया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि विधायक रोशन लाल चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि भुरकुंडा परियोजना परियोजना पदाधिकारी कुमार राकेश सत्यार्थी शामिल हुए। संघ द्वारा अतिथियों को पुष्पगुच्छ, पगड़ी और तलवार देकर स्वागत किया। समारोह की शुरुआत छत्रपति शिवाजी महाराज एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की छवि पर पुष्प अर्पित कर किया गया। समारोह में शिक्षा, एकजुटता, समाज का उत्थान और समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने का हवन किया गया। इस अवसर पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर कार्य कर रहे लोगों सहित पीओ कुमार राकेश सत्यार्थी, डॉ एके सिन्हा, सुजीत कुमार पटेल, लखेन्द्र राय, दशरथ कुर्मी, मनोज मंडल, शिक्षाविद विजयंत कुमार, नरेश मंडल, राजेश मंडल, पूर्व मुखिया दिलीप सिंह, मुकेश राउत, संजय सिंह, बबीता सिंह, हरेश राय, संजय बनारसी और सुनील महतो का आपसी परिचय के साथ अंगवस्त्र देकर स्वागत किया गया। विधायक रोशन लाल चौधरी ने समाज को आगे बढ़ाने एवं संगठन को मजबूत करने में हर संभव सहयोग करने की बात कही। उन्होंने कहा कि एकजुट रहेंगे तो सभी समस्याओं का आसानी से समाधान होगा। विधायक श्री चौधरी ने समाज के लोगों से एक दूसरे के सुख-दुख में साथ खड़ा रहने की अपील की। बैठक में सर्वसम्मति से संगठन का विस्तार करने एवं मासिक बैठक करने का निर्णय लिया गया।

### फूलों से सजा छिन्नमस्तिके मंदिर



**रजरप्पा।** चैत्र नवरात्र में उत्तर भारत के प्रसिद्ध सिद्धिपीठ मां छिन्नमस्तिके रजरप्पा मंदिर को फूलों से आकर्षक रूप से सजाया गया है। मनमोहक और खुशबूदार फूलों की सजा देखते ही बन रही है। खूबसूरती शाम में देखने को मिलती है जब रंगीन रोशनी से माता का दरबार काफी आकर्षक नजर आता है। मंदिर की सजावट के साथ ही भक्तों की संख्या बढ़ने लगी है। सुबह हो या शाम भक्त यहां पहुंचने लगते है। सभी माता के दर्शन कर खूबसूरती को दूर से कैमरे में कैद भी करते है। रजरप्पा मंदिर में यूं तो सालों भर भक्तों का तांता लगा रहता है लेकिन नवरात्र के समय श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि हो जाती है। लोगों का मानना है कि नवरात्र में मां का दर्शन मनोकामना को पूर्ण करता है। यही वजह है कि कई ऐसे श्रद्धालु है जो यहां पहुंचकर 9 दिनों का पाठ, पूजा और हवन करते हैं। मंगलवार की सुबह माता का मंगला आरती हुई एवं शाम को विशेष श्रृंगार किया गया।

### बलकुदरा खदान में बंटी मिठाई



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सीसीएल भुरकुंडा परियोजना की बलकुदरा खुली खदान में मंगलवार को कोयला उत्पादन का लक्ष्य प्राप्ति पर अधिकारियों व कर्मियों के बीच मिठाई बांटी गई। बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में 10 लाख टन कोयला उत्पादन के साथ 13 लाख क्यूबिक मीटर ओबी हटाया गया। इस उपलब्धि पर भुरकुंडा परियोजना के अधिकारियों और कर्मियों में हर्ष का माहौल है। इस दौरान अधिकारियों व कर्मियों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाते हुए लक्ष्य प्राप्ति की बधाई दी। मौके पर परियोजना परियोजना पदाधिकारी कुमार राकेश सत्यार्थी ने कहा कि लक्ष्य के प्राप्ति में सभी का योगदान सराहनीय है। हमसबों को मिलकर सुरक्षा के साथ आगे भी लक्ष्य से अधिक की प्राप्ति के लिए कार्य करना होगा।

### एआइसीडब्ल्यूएफके सदस्य बने चंदेल



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** ऑल इंडिया कोल वर्कर्स फेडरेशन का तीन दिवसीय 11वां सम्मेलन सोमवार को रांची में सम्पन्न हुआ। इसमें सीटू से संबद्ध राष्ट्रीय प्रगतिशील वर्कर्स यूनियन के दो प्रतिनिधि आरपी सिंह चंदेल व इंद्रजीत पटेल शामिल होकर राप्रवयू के माध्यम से कोयला मजदूरों के समस्याओं को उठाया। मंगलवार को उक्त जानकारी देते हुए राष्ट्रीय प्रगतिशील वर्कर्स यूनियन के केंद्रीय सचिव मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि महामंत्री ओम प्रकाश सिन्हा के निर्देश पर आरपी सिंह चंदेल व इंद्रजीत पटेल को उक्त सम्मेलन में उपस्थित होकर राप्रवयू के माध्यम से कोयला मजदूरों के समस्याओं को उठाने की बात कही थी। वहीं सम्मेलन के समाप्ति पर राप्रवयू के प्रतिनिधि द्वारा महामंत्री को रिपोर्ट पेश किया गया। गुप्ता ने बताया कि एआईसीडब्ल्यूएफ सम्मेलन के अंतिम सत्र में फेडरेशन का चुनाव किया गया। इसमें अध्यक्ष एजेके श्रीवास्तव, महासचिव डीडी रामानंदन तथा कार्यसमिति में राप्रवयू के आरपी सिंह चंदेल को सदस्य के रूप में चयनित किया गया। चंदेल को एआईसीडब्ल्यूएफ के कार्यसमिति सदस्य के रूप में चुने जाने पर राप्रवयू के महामंत्री ओम प्रकाश सिन्हा, सहायक मंत्री विशेश्वर ठाकुर, यूनियन के केंद्रीय सचिव मनोज कुमार गुप्ता, जगरनाथ पासवान, सुरेश सिन्हा, आजाद भुईया, रोहित प्रकाश, वीणा सिन्हा, प्रदीप रजक ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

### शौचालय में सीसीएल सुरक्षा कर्मी की मौत

**कुजू।** तोपा परियोजना के ईएंडएम में कार्यरत सुरक्षा कर्मी की मौत मंगलवार को शौचालय में गिरने से हो गयी। घटना के बाद आनन-फानन में सह कर्मियों को नईसराय स्थित अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना के परिजन सहित यूनियन प्रतिनिधियों द्वारा प्रबंधन से आश्रित को मुआवजा व नौकरी की मांग की। जिस पर प्रबंधन ने साकारात्मक पहल करते हुए बड़े पुत्र संजय कुमार को नौकरी को लेकर नियुक्ति पत्र व पत्नी दीनिता देवी को सवा एक लाख का चेक दिया। एसओपी गिरिशचंद्र, पीओ एमके सिंह, कार्मिक प्रबंधक संतोष कुमार व अन्य मौजूद थे।

# रामगढ़ में भव्य मंगला शोभा यात्रा निकली

## जय श्रीराम, जय हनुमान के जयकारों से गुंजा शहर

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ सिद्धू कान्हू जिला मैदान से मंगलवार को श्री श्री रामनवमी पूजा महासमिति द्वारा भव्य मंगला शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। जुलूस में बड़ी संख्या में रामभक्त शामिल हुए जो जय श्रीराम, जय हनुमान का नारा लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। जुलूस में शामिल लोगों द्वारा जय श्रीराम, जय हनुमान का नारा लगाने से शहर गुंजायमान होता रहा।

**अस्त्र शस्त्रों का हैरतंगेज प्रदर्शन :** मंगला जुलूस में शामिल युवाओं ने अस्त्र शस्त्र का हैरतंगेज प्रदर्शन कर लोगों को अचंभे में डाल दिया। युवाओं के इस प्रदर्शन को देखकर लोग प्रशंसा करते रहे। मंगला शोभा यात्रा को लेकर जिला पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे। जिससे शोभा यात्रा चट्टी बाजार, थाना चौक, मेन रोड होते हुए सुभाष चौक पहुंचकर शांति पूर्वक संपन्न हो गई।



**पुष्प वर्षा से स्वागत:** शोभा यात्रा में शामिल भक्तों का मारवाड़ी धर्मशाला के समक्ष पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। विभिन्न संगठनों ने रामभक्तों का किया स्वागत। शोभा यात्रा का विभिन्न संगठनों की ओर से स्टाल लगाकर शरबत और चना के साथ स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में साहु समाज, बजरंग क्लब आदि शामिल थे। शोभा यात्रा में समाज सेवी अमित कुमार सिन्हा, नंदकिशोर गुप्ता, अजीत जायसवाल, छोटन सिंह, मनोज मंडल, रवि साहू, राजेश ठाकुर, धर्मेंद्र साव भोपाली, छोटू वर्मा, प्रो संजय सिंह, नमेंद्र चंचल सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

# भक्तिमय हुआ भुरकुंडा

## विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल ने निकाला मंगला जुलूस

खबर मन्त्र संवाददाता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा कोयलांचल में रामनवमी को लेकर विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल के तत्वाधान में मंगलवार को भव्य मंगला जुलूस शोभायात्रा निकाला गया। गाजे-बाजे और महावीरी पताकों के साथ जुलूस में शामिल श्रद्धालु महिला-पुरुष जय श्री राम, जय हनुमान का भक्तिमय नारा लगा रहे थे। इससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया।

मंगला जुलूस लक्ष्मी टॉकीज रामनवमी मैदान शुरू होकर पटेलनगर, बिरसा चौक, भुरकुंडा बाजार होते हुए थाना चौक काली मंदिर पहुंची। रास्ते भर रामभक्त अस्त्र-शस्त्र का हैरतअंगेज करतब दिखाते रहें। वहीं शोभा यात्रा में झालदा बंगाल से आई छऊ नृत्य टीम की प्रस्तुति, भगवान श्री राम-लक्ष्मण व माता शबरी की झांकी, आदिवासी संस्कृति की झलक और तलवार, लाठी का हैरत अंगेज करतब लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। इधर जुलूस में शामिल राम भक्तों के लिए समाजसेवियों द्वारा भुरकुंडा बाजार में स्टॉल लगाकर गुड़-चना और ठंडे शरबत व पानी की व्यवस्था की गई थी। इस अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल द्वारा मुख्य अतिथि विधायक रोशन लाल चौधरी, उप प्रमुख बबीता पांडेय, पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, पतरातु एसडीपीओ गौरव गोस्वामी, भुरकुंडा ओपी प्रभारी निर्मय कुमार गुप्ता, पतरातु इंस्पेक्टर सत्येंद्र कुमार सिंह सहित अन्य अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। शोभायात्रा की सफलता में विश्व हिंदू परिषद भुरकुंडा खंड पालक अनामिका श्रीवास्तव, बजरंग दल संयोजक किशोर कुमार, समाजसेवी नितेश ओझा, विद्यार्थी परिषद संयोजक शुभम गिरी, विश्व हिंदू परिषद अध्यक्ष श्रवण कुमार, चिकोर अध्यक्ष सूरज कुमार, अभिषेक पटेल, सुजीत कुमार, विक्की कुमार, बजरंग दल के चिकोर संयोजक सोनू कुमार, रोशन कुमार, प्रशांत सिंह, नीरज सिंह, रवि सिंह, ज्वाला सिंह, पुणे सिंह, रोहित सोनी, विक्की सिंह आदि का विशेष योगदान रहा।

### रेखा वर्णवाल ने दिव्यांग बच्चों के बीच मनाया जन्मदिन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा की अध्यक्ष लायन रेखा वर्णवाल ने मंगलवार को रामगढ़ स्थित विकलांग विद्यालय सुकरीगढ़ा लारी में दिव्यांग बच्चों के साथ अपने जन्मदिन की खुशियां बांटी। कार्यक्रम का शुभारंभ रेखा वर्णवाल ने बच्चों संग केक काटकर किया। इस अवसर पर बच्चों को केक और मिठाई खिलाकर उनका मुंह मीठा कराया गया। साथ ही बच्चों के बीच कपड़ा और पानी बोतल का वितरण करते हुए सबों को पुरी-सब्जी और खीर खिलाकर रेखा वर्णवाल का जन्मदिन मनाया गया। जोन चेयरपर्सन एमजेएफ डॉ राजेंद्र महतो, जिला चेयरपर्सन अखिलेश शर्मा, जिला चेयरपर्सन अशोक सिन्हा, सचिव अंजू देवी, कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद, लायन विजयंत कुमार, सूबेदार एलएन यादव, लायन विजय वर्णवाल, लायन रेखा मंजुल, लायन सीमा यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

# हजारीबाग में रोज लाखों रुपये की चोरी होती है ईंट

खबर मन्त्र संवाददाता



हजारीबाग। हजारीबाग इन दिनों एक अजीब और खतरनाक काले धंधे से जूझ रहा है, जहां चिमनी भट्ठों से ईंटें उठती तो है सही मात्रा में लेकिन गंतव्य स्थान तक पहुंचते पहुंचते 200 ईंटें बीच रास्ते से गायब हो जा रही है और हर दिन लाखों रुपये के व्यारे न्यारे हो रहे हैं इस धंधे के पीछे एक संगठित गैंग काम कर रहा है, जो ईंटों को चुराकर सस्ते दामों पर बेचता है। यह गैंग न सिर्फ लाखों रुपये की चोरी कर रहा है, बल्कि स्थानीय सड़कों पर लोगों की जान भी जोखिम में डाल रहा है। सड़क पर चलते हुए अगर आप ईंटों से भरी हुई गाड़ियों को देखेंगे, तो आपको इस धंधे की असलियत समझ में आएगी। इन गाड़ियों में ले जाई जा रही ईंटों की संख्या हमेशा कम होती है। स्थानीय लोग इस चुराई हुई ईंटों को देखकर यह महसूस कर सकते हैं कि चुराई गई ईंटें सस्ते दामों में बेची जा रही हैं। चीमनी मालिकों से ईंट खरीदने पर 7500 रुपये का खर्च आता है, लेकिन कटर गैंग इन्हें 6500 रुपये में बेचता है, जिससे यह कारोबार और भी फल-फूल रहा है। सूत्रों के अनुसार रास्ते में ही ईंट कटर गैंग 200 ईंटों को गायब कर देता है और किसी को इस बात की भनक भी नहीं लगती। दूसरा पहलू यह भी है कि चोरी के अलावा सड़क पर जगह-जगह गिरती हुई ईंटों का ढेर किसी भी वक्त एक बड़ा हादसा कर सकता है। खासकर डेमोटांड, मोरगी, मुकुंद गंज चौक और वास्तु विहार के गेट के पास यह स्थिति और भी खतरनाक हो जाती है। मुकुंद गंज चौक पर जितने भी सड़क हादसे होते हैं, उनका 80% हिस्सा इन चोरी की ईंटों से भरी गाड़ियों के कारण होता है। अब सवाल यह उठता है कि क्या स्थानीय पुलिस प्रशासन इस धंधे को रोकने के लिए कुछ करेगी, या यह काले धंधे के जाल में फंसी रहेगी? जरा सोचिए, क्या हमें अपनी सुरक्षा की कीमत चुपचाप चुकानी होगी या प्रशासन को अपनी जिम्मेदारी निभानी पड़ेगी?

### नहाय खाय के साथ चैती छठ शुरू



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा कोयलांचल का वातावरण छठमय भक्तिमय हो गया है। भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, बासल सहित आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में चार दिवसीय चैती छठ पूजा का शुभारंभ मंगलवार से नहाय-खाय के साथ हुआ। छठ महापर्व को ले छठ घाट सहित आवागमन रास्ते की सफाई का कार्य जोरशोर से चल रहा है। छठ महापर्व को ले पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। साथ ही छठ गीतों से पूरा क्षेत्र गूंज रहा है। श्रद्धा भक्ति व आस्था का महापर्व चैती छठ के दूसरे दिन बुधवार को छठव्रती नियम पूर्वक खरना करेंगी। इस दौरान छठव्रति दिनभर निर्जला उपवास रख शाम में गाय के दूध में शुद्ध रूप से खीर का प्रसाद बनाएंगे और पूजा-अर्चना के बाद खीर के प्रसाद को सेवन करेंगी। खरना के पश्चात भक्तों के बीच खरना के प्रसाद का वितरण किया जायेगा। साथ ही छठ पर्व के तीसरे दिन गुरुवार को दिन-रात छठव्रती निर्जला उपवास पर रहेंगी। वहीं अपराहन में सूप दउरा में फल-फूल पूजा सामग्रियों को सजाकर छठ घाटों पर पहुंच छठव्रतियों भक्तों द्वारा अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को प्रथम अर्घ्य अर्पित किया जाएगा। इसी प्रकार छठ महापर्व के चौथे दिन शुक्रवार को तड़के सुबह पुनः छठ घाटों पर पहुंचेंगे और उदयीमान भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे। इसके बाद प्रसाद ग्रहण कर पारण करेंगी।

# बरही में धूमधाम से मना सरहुल

## सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है सरहुल : मनोज यादव

खबर मन्त्र संवाददाता



बरही। रानीचुआ पंचायत के कुटमा फुटबॉल मैदान में सरहुल पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बरही विधायक मनोज कुमार यादव उपस्थित थे। पूरे आदिवासी समुदाय में इस पर्व को लेकर विशेष उत्साह देखा गया। सरना स्थल पर पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा-अर्चना की गई। लोगों ने प्रकृति देवता और पूर्वजों से अच्छी बारिश और फसल की समृद्धि के लिए प्रार्थना की। विधायक मनोज यादव ने भी विधिपूर्वक पूजा में भाग लिया और आदिवासी समाज को सरहुल की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान विधायक ने मांदर बजाया और समुदाय के साथ पारंपरिक नृत्य में भी भाग लिया। उन्होंने कहा कि सरहुल प्रकृति और सांस्कृतिक विरासत के प्रति गहरी आस्था का प्रतीक है। यह पर्व हमें अपनी जड़ों से जोड़े रखता है और हमारी समृद्ध परंपराओं की याद दिलाता है। इस कार्यक्रम में जीप उपाध्यक्ष किसुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, बरसोत मुखिया मोतीलाल चौधरी, पूर्व जीप प्रतिनिधि मो कयूम अंसारी, सामाजिक कार्यकर्ता मुन्ना यादव, उपमुखिया किरण देवी, ब्रह्मदेव यादव, राजकुमार यादव, मिथलेश यादव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मंच संचालन हीरालाल हांसदा और मोहन हांसदा ने किया। महोत्सव की सफलता में अध्यक्ष मोहन हांसदा, उपाध्यक्ष रमेश हांसदा, सचिव सूरज हेम्ब्रम, उप सचिव बाबूलाल मुर्मू, कोषाध्यक्ष सोना राम व अन्य का योगदान रहा।

### ट्रेन के चपेट में आने से वृद्ध व्यक्ति की मौत

कटकमसांडी। प्रखंड के कंचनपुर गांव निवासी 80 वर्षीय फुलो राम की ट्रेन से कटकर दर्दनाक मौत हो गई। रोज की तरह वह सुबह टहलने निकले थे और कंचनपुर डीबीसी जंगल की ओर बढ़े। इसी दौरान वे रेलवे ट्रैक पर चले गए और तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आ गए। घटनास्थल पर मौजूद गोविंदपुर निवासी प्रवीर राणा ने इसकी सूचना हेदलाग पंचायत समिति सदस्य अंजू बाला देवी को दी। सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को खबर दी गई। पेलावल ओपी थाना प्रभारी वेद प्रकाश पांडेय अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज भेज दिया।

## एक नजर में

### झामुमो के स्थापना दिवस को ले तैयारी शुरू



**हजारीबाग।** झामुमो 46वें स्थापना दिवस को भव्य तरीके से मनाने की तैयारी में जुट गया है। यह महत्वपूर्ण आयोजन 4 अप्रैल को हजारीबाग जिला स्कूल हाई के प्रांगण में होगा, जिसमें पार्टी के शीर्ष नेता और हजारों समर्थक शामिल होंगे इस समारोह को सफल बनाने के लिए परिसदन कार्यालय में झामुमो की अहम बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता झामुमो केंद्रीय सचिव एवं हजारीबाग जिलाध्यक्ष संजीव कुमार बेदिया ने की। बैठक का संचालन जिला सचिव नीलकंठ महतो ने किया संजीव बेदिया ने बताया कि इस कार्यक्रम में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। उनके साथ गांडेय विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन, मंत्री योगेंद्र प्रसाद, विधायक मथुरा प्रसाद, झामुमो केंद्रीय महासचिव एवं मंत्री दर्जा प्राप्त विनोद कुमार पांडे, फागु बेसरा और अन्य वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान झामुमो की ऐतिहासिक यात्रा, संघर्ष और झारखंड के विकास में पार्टी की भूमिका पर चर्चा की जाएगी। साथ ही, पार्टी की भविष्य की योजनाओं और राज्य की सामाजिक-आर्थिक प्रगति को लेकर भी विचार-विमर्श होगा। स्थापना दिवस को लेकर झामुमो कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह है। पार्टी कार्यकर्ताओं से अपील की गई है कि वे इस आयोजन को सफल बनाने में अपना योगदान दें।

### नहाय-खाय के साथ चैती छठ हुआ शुरू



**हजारीबाग।** जिले में आस्था और श्रद्धा के महापर्व चैती छठ का शुभारंभ नहाय-खाय के साथ हो गया है। यह चार दिवसीय पर्व चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को मनाया जाता है, जिसमें व्रती उगते और डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर भगवान सूर्य की आराधना करते हैं। पहले दिन यानी नहाय-खाय के दिन व्रती गंगा या किसी पवित्र नदी में स्नान कर शुद्ध और सात्विक भोजन ग्रहण करते हैं। इस दिन कद्दू-भात और चने की दाल का विशेष महत्व होता है। व्रतधारी पूरे श्रद्धा और नियमों का पालन करते हुए शुद्धता का विशेष ध्यान रखते हैं। दूसरे दिन खरना के दिन व्रती पूरे दिन उपवास रखने के बाद शाम को गुड़ और चावल की खीर, रोटी और फल का प्रसाद ग्रहण करते हैं। इसके बाद से 36 घंटे का निर्जला उपवास प्रारंभ हो जाता है। तीसरे दिन डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है और चौथे दिन उगते सूर्य को अर्घ्य देकर पारण किया जाता है।

### इचाक में गायत्री महापरिवार की बैठक



**इचाक।** अखिल विश्व गायत्री महापरिवार की इचाक इकाई की बैठक प्रखंड समन्वयक प्रोफेसर राजेंद्र यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य शांतिकुंज हरिद्वार से आ रही रज्योति कलश यात्रा के स्वागत की तैयारी करना था। यह यात्रा 1926 से अनवरत जल रही ज्योति के प्रतीक रूप में आयोजित की जा रही है। इस यात्रा का उद्देश्य घर-घर में ज्ञान का प्रचार-प्रसार करना, यज्ञ और गायत्री के माध्यम से मानव में देवत्व का विकास करना और धरती को स्वर्ग बनाने का संकल्प लेना है। बैठक में शांतिकुंज प्रतिनिधि ब्रजकिशोर विश्वकर्मा, जिला समन्वयक केशवानंद जी, ब्रजकिशोर सिन्हा और मनोज कुमार राणा उपस्थित थे। इसके अलावा, प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष सह अलौंजा पंचायत मुखिया सकेंद्र प्रसाद मेहता, हदारी पंचायत मुखिया अशोक कुमार, बोंगा पंचायत मुखिया उमेश मेहता, परासी पंचायत मुखिया अशोक कपरदार, कुरहा पंचायत मुखिया राकेश कुमार, बरकाकाला पंचायत मुखिया सिकंदर राम, बरका खुर्द पंचायत मुखिया प्रतिनिधि श्रीकांत मेहता, डाड़ीघाघर पंचायत मुखिया नंदकिशोर कुमार समेत कई गणमान्य लोग शामिल हुए।

### बनासो में हनुमत महायज्ञ का शुभारंभ



**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड के बनासो में 1 से 5 अप्रैल तक आयोजित पांच दिवसीय हनुमत महायज्ञ का शुभारंभ जल यात्रा के साथ हुआ। कोनार डैम से सैकड़ों महिलाओं ने कलश में जल भरकर यज्ञ मंडप में प्रवेश किया। पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश, वैदिक पूजन, स्तंभ पूजन और संध्या महाआरती संपन्न हुई। महायज्ञ में प्रतिदिन संध्या 7:00 से रात्रि 10:30 बजे तक मंजू लता शास्त्री (देवघर) प्रवचन देंगी। इसके बाद वृंदावन से आए कलाकार रात्रि 10:00 बजे से रासलीला का मंचन करेंगे। यज्ञ में हवन, पूजन और अग्नि प्रज्वलन का कार्य आचार्य वीरेंद्र शास्त्री, आचार्य पुरेंद्र पांडे, बटेश्वर मिश्र, अमन पांडे सहित 11 विद्वान ब्राह्मणों द्वारा संपन्न होगा। इस महायज्ञ को सफल बनाने में प्रयाग पासवान, रामेश्वर पासवान, दामोदर रविदास, नरेश पासवान, भागीरथ पासवान, संतोष पासवान सहित अनेक श्रद्धालु सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

### विष्णुगढ़ में सांसद ने बांटा अस्त्र-शस्त्र



**विष्णुगढ़।** सांसद मनीष जायसवाल ने विष्णुगढ़ के विभिन्न अखाड़ों के बीच अस्त्र-शस्त्र व लाठी का वितरण किया। यह आयोजन पश्चिमी मंडल में किशोर कुमार मंडल की अध्यक्षता में रमुआ स्थित सार्वजनिक दुर्गा मंदिर प्रांगण और पूर्वी मंडल में सुखदेव रजवार की अध्यक्षता में अचलजामो दुर्गा मंदिर प्रांगण में हुआ। सांसद जायसवाल ने उपस्थित रामभक्तों को बसंती नवरात्र एवं हिंदू नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि विष्णुगढ़ की रामनवमी महोत्सव अद्वितीय होती है, जिसमें सप्तमी की गंगा आरती, महाष्टमी को माँ बागेश्वरी मंदिर में शस्त्र पूजन और नवमी की रात झाँकियों का भव्य प्रदर्शन आकर्षण का केंद्र होता है। उन्होंने सभी राम भक्तों से शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की। इस अवसर पर राम द्वारिका सिंह, सत्येंद्र नारायण सिंह, रंजन चौधरी, मधुसूदन प्रसाद, डोमन गुप्ता, गौतम भारती, सुनील मिश्रा, रविंद्र बरनवाल, जीवन सोनी सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

## ई है टाटा नगरिया, देख बबुआ...



सीतारामडेरा में सरहूल पर्व के दौरान अपनी सहेली के बाल में गूंथती सखुआ के फूल। आदिवासी समाज ने आज पूरे धूमधाम के साथ सरहुल पर्व मनाया और पूरे क्षेत्र में मांदर और नगाड़ों की धून गूंजता रहा।

# आदिवासी समाज ने निकाली भव्य सरहुल शोभा यात्रा



भालूबासा में आदिवासी महिलाओं के साथ नृत्य करती पूर्णिमा साहू दास।



सीतारामडेरा में सरहूल के दौरान नृत्य करते समाज के लोग।



सरहूल शोभा यात्रा में शामिल हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा।

### आदिवासी नृत्य पर झूमी विधायक पूर्णिमा साहू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** प्रकृति का महापर्व सरहुल पूजा धूमधाम से मनाया गया। प्रतिवर्ष सरहुल पूजा के उपलक्ष्य में केन्द्रीय सरहुल पूजा समिति पूर्वी सिंहभूम द्वारा मंगलवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में 50 हजार से अधिक आदिवासी स्त्री-पुरुष, युवक-युवतियां और बच्चे शामिल हुए। शोभा यात्रा के दौरान आदिवासी समाज के लोग डीजे पर बज रही संथाली गीतों पर नाचते-गाते चल रहे थे। जगह-जगह यात्रा का स्वागत किया गया। शोभा यात्रा में पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा भी शामिल हुए। इससे पूर्व सुबह सभी सरना स्थलों पर आदिवासी समाज के महिला पुरुषों ने पूजा अर्चना कर सभी के खुशहाली की प्रार्थना किया। पूजा के दौरान अपने परिवार एवं समाज के समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। सीतारामडेरा में पाहन बुधु मिंज,भोला कच्छप, बिरसानगर में महावीर कुजूर, उलीडीह में पांडु कुजूर, शंकोशाई में बासु लकड़ा बागबेड़ा में बुधराम टोप्पो, एवं लक्ष्मीनगर में अनादि उरांव की देखरेख में पूजा संपन्न हुई।

### पूर्व मंत्री एवं विधायकों को किया गया सम्मानित

दोपहर 3 से सभी लोग अपने पारंपरिक परिधान एवं वाद्य यंत्रों के साथ सीतारामडेरा में एकत्रित हुए शोभायात्रा प्रारंभ होने से पूर्व केंद्रीय सरहुल पूजा समिति पूर्वी सिंहभूम द्वारा विभिन्न समाज के अगुवाओं, समाजसेवियों, बुद्धिजीवियों, राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत कर सम्मानित किया गया। सम्मानित किए गये नेताओं में मुख्य रूप से आदिवासी अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी जयपाल सिंह सिरका, पूर्व मंत्री अर्जुन मुंडा, विधायक सरयू राय, विधायक पुर्णिमा दास साहू, राजकुमार सिंह, अमरप्रीत काले, महावीर मुर्मू, अमित सिंह, बंटी सिंह, शिशिर पूर्ति, विमल कुमार विकाश बालमुचू, मनोज तांती आदि प्रमुख थे।

### शोभा यात्रा को सफल बनाने में इनका रहा योगदान

शोभायात्रा को सफल बनाने में मुख्य रूप से किशोर लकड़ा, राकेश उरांव, नंदलाल पातर, राजश्री नाग, राजेश कांडयांग, रामू तिर्की, सावन लकड़ा, राजन कुजूर, शंभू मुखी, दुर्गामनी बोईपाई, निकिता सोय, उपेन्द्र बानरा, प्रेम आनंद सामड, बुधराम खालको,गोपाल टोप्पो, लक्ष्मण मिंज, बुधराम टोप्पो, लखींद्र लकड़ा, सोमा कोया, डॉ बिंदु पाहन, प्रकाश कोया, बुधु खलखो, बबलू खालको, गणेश कुजूर, संतोष सामंत,रामू शांडिल्य,अनूप टोप्पो,राज लकड़ा, खुदू उरांव,अनादि उरांव जोलेश मुखी,सामंतों मुखी समेत अन्य लोगों का योगदान रहा।

### इन रास्तों से गुजरी सरहुल शोभा यात्रा

शोभायात्रा लाको बोदरा चौक से प्रारंभ हुई जो एग्रिको लाइट सिग्नल, भालूबासा चौक, रामलीला मैदान, साकची मुख्य गोलचक्कर, कालीमाटी रोड, टूईलाडूंगरी गोलचक्कर, रिफ्यूजी कॉलोनी, गोलमुरी होकर वापस सीतारामडेरा में समाप्त हुई। शोभायात्रा के दौरान आदिवासी एवं मूलवासी समाज के एकता का परिचय देते हुए उरांव, हो, मुंडा, मुखी, भुईयां तुरी,लोहरा समाज के हजारों महिला पुरुष युवक युवतियां बच्चे बच्चियां अपने पारंपरिक परिधान पहने हुए विभिन्न प्रकार के आदिवासी वाद्य यंत्रों के साथ नृत्य करते हुए आगे बढ़े प्रकृति को संरक्षित करने का संदेश देते हुए जगह जगह बैनर लगाए गए थे । साथ ही साथ बच्चों अपने हाथों में कट आउट लेकर भी चल रहे थे। विभिन्न प्रकार का परिधान, वाद्य यंत्र एवं नृत्य शैली आकर्षक का केन्द्र थे। शोभायात्रा मार्ग पर विभिन्न समाज के संस्था द्वारा सेवा शिविर भी लगाया गया था बच्चे बूढ़े महिला पुरुष सभी एकदूसरे से मिलकर सरहुल की बधाई भी दे रहे थे।

### पटना के डॉ सुनील कु पाठक को मिलेगा डॉ निर्भीक स्मृति सम्मान



जमशेदपुर। 'जमशेदपुर भोजपुरी साहित्य परिषद्' द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष 21 मई (बुधवार) को स्थानीय तुलसी भवन में आयोजित डॉ रसिक बिहारी ओझा 'निर्भीक' जयंती समारोह के अवसर पर भोजपुरी के ख्यातिलब्ध साहित्यकार एवं 'अखिल भारतीय भोजपुरी साहित्य सम्मेलन' प्रवर समिति के पूर्व सदस्य डॉ सुनील कुमार पाठक (पटना) को डॉ निर्भीक स्मृति सम्मान-2025 (जिसके अन्तर्गत अंग वस्त्र, प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह, श्रीफल, मानदेय) प्रदान किया जाएगा। डॉ पाठक बिहार के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग में उप निदेशक के पद पर कार्यरत हैं। वे हिन्दी एवं भोजपुरी दोनों भाषाओं में समान रुप से आलोचना-समीक्षा के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाई है ।

## स्पीड न्यूज

### सरहुल पर्व पर दो दिन के राजकीय अवकाश पर सीएम का जताया आभार



जमशेदपुर। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा सरहुल पर्व पर दो दिन के राजकीय अवकाश की घोषणा को ऐतिहासिक कदम करार देते हुए पोटका विधायक संजीव सरदार ने इस निर्णय की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह फैसला झारखंड की समृद्ध आदिवासी संस्कृति एवं परंपराओं को संजोने और संवारने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। विधायक संजीव सरदार ने कहा कि वर्षों से आदिवासी समाज की यह माँग थी कि सरहुल, जो उनकी संस्कृति और परंपराओं का महापर्व है, पर दो दिन का अवकाश दिया जाए। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस मांग को पूरा कर आदिवासी समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को साबित किया है। संजीव सरदार ने बताया कि सरहुल पर्व पर दो दिन का अवकाश घोषित किए जाने के बाद पूरे राज्य में खुशी की लहर दौड़ गई है। समाज के बुद्धिजीवियों, सामाजिक संगठनों और आम जनमानस ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के इस फैसले की सराहना की है।

### ज्योति अग्रवाल बनीं मायुमं स्टील सिटी सुरभि शाखा की अध्यक्ष



जमशेदपुर। मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा के सत्र 2025-26 के लिए मंगलवार को साकची स्थित श्री महालक्ष्मी मंदिर में चुनाव संपन्न हुआ। मुख्य चुनाव पदाधिकारी निशा सिंघल ने वोटों की गिनती के बाद ज्योति अग्रवाल को सात वोट से अध्यक्ष पद पर विजयी घोषित किया। ज्योति अग्रवाल को 26 वोट और पूजा अग्रवाल को 19 वोट मिले। निवर्तमान अध्यक्ष कविता अग्रवाल ने बताया कि चुनाव पूर्व अध्यक्षों की निगरानी में शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। 45 मतदाताओं ने मतदान किया। स्टील सिटी सुरभि शाखा के सदस्यों ने ज्योति को शुभकामनाएं दीं और उनके नेतृत्व में संगठन की नई उपलब्धियों की उम्मीद जताई।

### रामकृष्ण दुबे को मातृशोक, अंत्येष्टि आज



जमशेदपुर। नमो संदेश के अध्यक्ष एवं सामाजिक कार्यकर्ता टेल्को कालोनी दिवासी रामकृष्ण दुबे की वयोवृद्ध माता श्रीमती इंदू दूबे का 85 वर्ष की आयु में आज अपरान्ह 4 बजे निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार चल रही थीं। उनकी अंत्येष्टि बुधवार 2 अप्रैल को स्वर्णरेखा श्मशान घाट,भुइंयाडीह में होगी। शवयात्रा प्रातः 10 बजे एन टाइप-96/2 से स्वर्णरेखा श्मशान घाट के लिए निकलेगी। इंदू देवी अपने पीछे पति राममनोहर दूबे, तीन बेटे क्रमशः रामरतन दूबे, रामरंगकरकस दूबे, रामकृष्ण दूबे समेत बहुओं, पोते-पोतियों का भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। इंदू देवी के निधन पर विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक हस्तियों ने गहरा शोक जताया है और परिवार को सांत्वना दी है।

## मनोहरपुर में सरहुल महोत्सव पर निकाली गयी भव्य शोभा यात्रा

# सरहुल हमारी संस्कृति और परंपरा की गौरवशाली धरोहर : जोबा माझी

**सांसद के अलावा विधायक जगत माझी और विधायक सोनाराम सिंकू, जिप उपाध्यक्ष रंजीत यादव हुए शामिल**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** प्रकृति पर्व सरहुल पूजा के उपलक्ष्य में मंगलवार को पश्चिम सिंहभूम जिले के कुंडुख सरना जागरण मंच मनोहरपुर-आनंदपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सरहुल पूजा महापर्व मनोहरपुर में शोभा यात्रा निकाली गई। मनोहरपुर, तिरला स्थित सरना स्थल पर सरहुल महोत्सव को लेकर समाज के लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। वहीं सरहुल महोत्सव में सिंहभूम की सांसद जोबा माझी, मनोहरपुर के विधायक जगत माझी, जगन्नाथपुर के विधायक सोनाराम सिंकू, जिला परिषद उपाध्यक्ष रंजीत यादव, जिला परिषद सदस्य जय प्रकाश महतो आदि शामिल हुए। सरहुल शोभा यात्रा निकाले जाने से पूर्व तिरला सरना स्थल पर कुड़ुख सरना समाज के पुजारी एवं लोगों ने पारंपरिक रीति रिवाज से पूजा अर्चना की। साथ ही क्षेत्र की समृद्धि व सुख शांति के लिए प्रार्थना किया। इसके उपरांत पारंपरिक वेशभूषा में हजारों की संख्या में उपस्थित कुड़ुख सरना समाज के महिला एवं पुरुष बाजे गाजे के बीच भव्य शोभा यात्रा में शामिल हुए। जगह जगह पर लोगों द्वारा शोभा यात्रा में शामिल लोगों का स्वागत में पानी शर्बत चना आदि का इंतजाम किया गया। काफी अनुशासित व शांतिपूर्ण ढंग से शोभा यात्रा शहर के विभिन्न इलाको से होते हुए मनोहरपुर रांची ऊंधन मुख्य मार्ग शहीद निर्मल चौक, रेलक्रासिंग इंदिरा नगर, गणेश मंदिर होते हुए लाइनपार फॉरेस्ट नाका होते हुए जतरा टांड नंदपुर डोंगाकाटा सरना स्थल पर पहुंच कर संपन्न हुई। इस अवसर पर कुड़ुख सरना जागरण मंच मनोहरपुर आनंदपुर इकाई और झामुमो मनोहरपुर प्रखंड कमेटी की ओर से सांसद जोबा माझी, विधायक जगत माझी, जगन्नाथपुर विधायक सोनाराम सिंकू, जिला परिषद उपाध्यक्ष रंजित यादव, सदस्य जयप्रकाश महतो समेत अन्य अतिथियों का अंग वस्त्र प्रदान कर स्वागत किया गया। इस दौरान ढोल नगाड़े मांदल के थाप पर कुड़ुख सरना समाज की युवक युवतियों के संग शामिल होकर मुख्य अतिथि जोबा माझी समेत सभी अतिथियों ने जमकर नृत्य का आनंद उठाया। सांसद जोबा माझी ने कहा कि सरहुल प्राकृतिक और धार्मिक महत्व के अलावा यह त्योहार सामाजिक एकता का भी प्रतीक है। कहा कि सरहुल पर्व हमारी संस्कृति और परंपरा की गौरवशाली धरोहर है इसके संरक्षण के लिए सभी के सहयोग की आवश्यकता है। यह पर्व सामाजिक बंधन को प्रगाढ़ बनाता है प्रकृति के साथ जुड़ाव और लगाव हमारी संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने सरना धर्म स्थल के विकास में हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। वहीं विधायक जगत माझी ने कहा कि हमारी संस्कृति हमें प्रकृतिक से जुड़कर रहने और सदैव इसका संरक्षण करने की प्रेरणा देता है। वहीं उन्होंने सरना स्थल परिसर में शेड निर्माण कराने की घोषणा की। विधायक सोनाराम सिंकू ने कहा कि दुनिया भर के लोग आज वन पर्यावरण को बचाने के तरीके ढूँढ रहे हैं। प्रकृति की रक्षा और उसकी पूजा करना हमारी सदियों पुरानी परंपरा है। सरहुल शोभा यात्रा के दौरान विधि व्यवस्था में जुटे स्थानीय पुलिस प्रशासन के जवान जगह जगह चाकचौबंद दिखे। इस अवसर पर कुड़ुख सरना जागरण मंच के संरक्षक बोदे खलखो ने कहा कि सरहुल प्रकृति से जुड़ा पर्व है और सरना समाज के लोग प्रकृतिक के उपासक है तथा इस पारंपरिक संस्कृति का अनुपालन कालांतर से चलता आ रहा है। हमारा भारत देश इन्ही परंपराओं से जाना जाता है.हमारी पुरातन घरोहर व आदिवासी संस्कृति के अस्तित्व को कुछ लोग छीनभिन्न करने में जुटे हुए है। सरहुल महोत्सव के कुड़ुख सरना जागरण मंच के रोबी लकड़ा, बंदना उरांव, बहनु तिर्की, भीमसेन तिग्गा, मुखिया पूजा कुजूर, बुधेश्वर धनवार, प्रमोद केरकेट्टा, तिला तिर्की, अजीत तिर्की, सुकदेव उरांव, सावन धनवार, मानुऐल बेक, फूलचंद कुजूर, बिरसा तिर्की, फागू केरकेट्टा, रामचंद्र कच्छप, मोहनलाल कच्छप, करमा केरकेट्टा, अमित खलखो, सतीश खाखा, झामुमो नेता इंदु हेम्ब्रोम, संतोष पांडे व हजारो की संख्या में सरना समाज के लोग शामिल हुए।



मनोहरपुर में सरहुल शोभा यात्रा में शामिल सांसद जोबा माझी, विधायक जगत माझी व अन्य।

## नहाय-खाय के साथ चैती छठ शुरु, खरना आज

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** चैती छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान मंगलवार से शुरू हो गया है। इस पर्व की शुरूआत के पहले दिन, छठ व्रती नहाय-खाय करेंगे, जिसमें व्रती गंगा स्नान कर प्रसाद ग्रहण करेंगे। इस अवसर पर पूरा बिहार छठ पूजा के गीतों से भक्तिमय हो गया है और श्रद्धालु इस पर्व को श्रद्धा और भक्ति से मनाने में व्यस्त हैं।

2 अप्रैल को खरना होगा, जिसके बाद 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू होगा। 3 अप्रैल को डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा, और 4 अप्रैल को उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत समाप्त होगा। यह चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से लेकर सप्तमी तिथि तक श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। छठ व्रत को लेकर गंगा समेत जिले की प्रमुख नदियों में श्रद्धालु डुबकी लगाकर भगवान भास्कर की आराधना करेंगे। इसके अलावा, छठ पूजा की सामग्रियों से बिहार के सभी जिलों के बाजार गुलजार हैं, जहां श्रद्धालु पूजा के लिए आवश्यक सामग्री की खरीदारी कर रहे हैं। इस पर्व के दौरान, बिहार में एक अद्भुत धार्मिक और सांस्कृतिक वातावरण बना हुआ है, और लोग इस पर्व को बड़े श्रद्धा भाव से मना रहे हैं।

## केंद्रीय रामनवमी अखाड़ा समिति ने शहर के विभिन्न छठ घाटों का किया निरीक्षण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** चैती छठ महापर्व के आयोजन में अब महज एक दिन शेष है और 7 अप्रैल को भव्य रामनवमी शोभायात्रा निकलनी है, लेकिन शहर के प्रमुख घाटों की दुर्दशा एजेंसियों की लापरवाही को उजागर कर रही है। इसे लेकर केंद्रीय रामनवमी अखाड़ा समिति के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को शहर के विभिन्न घाटों का निरीक्षण किया और जिला प्रशासन से अविलंब सुधार कार्य शुरू करने की मांग की। केंद्रीय रामनवमी अखाड़ा समिति के अध्यक्ष आशुतोष सिंह ने बताया कि इस संबंध में एक माह पूर्व ही वरीय अधिकारियों को आवेदन सौंपा गया था, जिसमें घाटों की मरम्मत, सफाई और सुरक्षा इंतजाम करने की मांग की गई थी। प्रशासन ने एजेंसियों को आदेश भी जारी किया था, लेकिन अभी तक किसी भी घाट पर कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है। निरीक्षण के दौरान स्वर्णरेखा घाट की स्थिति सबसे खराब पाई गई।

## श्री श्री बाल मंदिर अखाड़ा, साकची मनायेगा स्वर्ण जयंती महोत्सव

### दो अप्रैल को उद्घाटन

### सात दिवसीय होगा आयोजन, तैयारियां पूर्ण : सुमन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** लौहनगरी की सामाजिक एवं धार्मिक संस्था श्री श्री बाल मन्दिर, इस वर्ष अपनी स्वर्ण जयन्ती बना रही है। 1976 में बाल मंदिर की स्थापना हुई थी, और इस वर्ष सनातन गौरव के 50 वर्ष बाल मंदिर कमिटी बनाएगी। इस बात की जानकारी कमिटी के मुख्य संरक्षक सुमन अग्रवाल ने एक संवाददाता सम्मेलन में दी। उन्होंने बताया की इस वर्ष रामनवमी महोत्सव धूमधाम से बाल मंदिर द्वारा बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा की इस वर्ष 07 दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इस बार कई आकर्षण देखने का मौका जमशेदपुरवाशियों को मिलेगा। अयोध्या में जिस प्रकार प्रभु श्री राम का भव्य मंदिर बना है ठीक उसी प्रकार का प्रारूप साकची झंडा चौक में बन कर तैयार है एवं भव्य राम लल्ला की प्रतिमा का भी दर्शन जमशेदपुर की जनता करेगी। बुधवार 2 अप्रैल को संध्या 06:00 बजे रामनवमी महोत्सव का उद्घाटन पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास करेंगे, साथ ही हिन्दू समाज का परचम लहराने वाली विभिन्न सामाजिक संस्थाओं का सम्मान समारोह आयोजित होगा। अग्रवाल ने बताया कि गुरुवार 03 अप्रैल को संध्या 08 बजे से भव्य भजन संध्या का आयोजन होगा, भजनों की प्रस्तुति देने के लिए लोकप्रिय भजन सम्राट शुभम रूपम कोलकाता को आमंत्रित किया गया है साथ ही उनका साथ भजन गायक अनुभव अग्रवाल एवं लिपू शर्मा देंगे एवं कोलकाता से केवीआर म्यूजिकल ग्रुप को आमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार 4 अप्रैल को भव्य दीप उत्सव एवं प्रभु श्री राम का महाआरती होगा। रामनवमी महोत्सव को सफल बनाने में निर्मल जालुका, अमित अग्रवाल, सन्नी संघी, अंकित मोदी, अभिषेक अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, रिंकू जालुका, सतीश शर्मा, कृष्णा अग्रवाल, अभिषेक भालोटिया, हर्ष अग्रवाल, अमित मोदी, सौरव अग्रवाल, बजरंज अग्रवाल, संतोष पांडेय, नरेश संघी, प्रणय गुप्ता, ओमप्रकाश अग्रवाल, सुरेश खेमका, राहुल चौधरी, अंशुल रिंगासिया, पुरषोत्तम जोशी, बजरंग लाल अग्रवाल, बबलु अग्रवाल समेत कई सदस्य लगे हुए है।





संवाददाता सम्मेलन में मुख्य संरक्षक सुमन अग्रवाल व सहयोगी

## एक नजर में

### सरहुल पर्व पर पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने पारंपरिक विधि-विधान से की पूजा-अर्चना



जमशेदपुर। जमशेदपुर में प्रकृति उपासना के पर्व सरहुल पर्व को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर पूर्व सीएम रघुवर दास ने पुराना सीतारामडेरा में आदिवासी मुंडा समाज एवं उरांव बस्ती में पारंपरिक विधि-विधान से सरना स्थल पर पूजा-अर्चना की और राज्यवासियों के विकास एवं समृद्धि की कामना की। इसके बाद, वे बिरसानगर जोन नंबर 6 पहुंचे, जहां उन्होंने जनजातीय समाज के भाई-बहनों के साथ सरहुल पूजा में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने विधिवत पूजा कर प्रकृति और संस्कृति को समर्पित इस पर्व के माध्यम से सभी के जीवन में खुशहाली और समृद्धि की प्रार्थना की। वहीं, संध्याकाल में रघुवर दास ने भालूबासा चौक पर सरहुल शोभायात्रा का स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने समाज के प्रमुख लोगों से मुलाकात की एवं सभी को सरहुल पर्व की शुभकामनाएं व्यक्त की।

### चांडिल में सरहुल की धूम, मांदर की थाप पर थिरके लोग



चांडिल। मंगलवार को चांडिल अनुमंडल के विभिन्न क्षेत्रों में प्राकृतिक पर्व सरहुल धुम धाम के साथ मनाया गया। यह पर्व पर्यावरण को संरक्षित करने का संदेश देता है। इस बार भी चांडिल अनुमंडल के विभिन्न सरना स्थलों में विधि विधान के साथ पुजा अर्चना की गई। चांडिल गोलचक्कर में झारखंड दिशोम बाहा सरहुल महोत्सव कमिटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में झारखंड सरकार में मंत्री रामदास सोरेन एवं ईचागढ़ की विधायक सविता महतो उपस्थित हुए। बाहा बोंगां सरहुल महोत्सव कमिटी गांगुडीह में भी आदिवासी परिधान एवं मांदर की थाप पर लोग खुब थिरके। इस मौके पर चारु चांद किस्कू, गुरुचरण किस्कू, वैधनाथ टुडू, दिलीप किस्कू, मनोहर सिंह सरदार, दिनेश हांसदा, राजु किस्कू, सुधिर किस्कू, सहित कमिटी के कई लोग उपस्थित थे।

### वीर शहीद करमजीत सिंह के माता-पिता को पूर्व सैनिक सेवा परिषद जमशेदपर ने किया सम्मानित



जमशेदपुर। हजारीबाग निवासी वीर शहीद कैप्टन करमजीत सिंह के माता-पिता को अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जमशेदपुर ने लौहनगरी में किया सम्मानित किया। ज्ञात हो कि जम्मू-कश्मीर के अखनूर सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास धमाके की खबर सामने आई थी,जिसमें मिली जानकारी के अनुसार नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास एक जबरदस्त विस्फोट हुआ था जिसमें एक कैप्टन करमजीत सिंह सहित दो सैन्यकर्मी वीर गति को प्राप्त हुए और एक अन्य जवान घायल हो गया। वीर शहीद के शहादत को नमन करने हेतु आज अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जमशेदपुर का प्रतिनिधि मंडल शहीद के परिजन से मुलाकात कर उनका ढांढस बढ़ाया,एवं उनके पुत्र की वीरता को नमन करते हुए उन्हें सम्मानित किया। परिषद ने कहा है कि लौहनगरी अपने इस लाल पर हमेशा कृतज्ञ रहेगा जिसने वतन की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। मौके पर संगठन के जिला महामंत्री जितेंद्र सिंह के नेतृत्व में सुखविंदर सिंह,दीपक शर्मा,उमेश शर्मा, एस के सिंह,मोहन दुबे,बिरजू मनोज कुमार सिंह एवं अन्य पूर्व सैनिक के साथ सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्यगण मौजूद रहे।

### यंग इंडियन और रामकृष्ण फाउंडेशन ने पांच तालाबों का कराया पुनरुद्धार



जमशेदपुर। यंग इंडियंस (वाई आई) जमशेदपुर और रामकृष्ण फोर्जिंग लिमिटेड (आरकेएफएल) द्वारा कोइलाबेरा क्षेत्र में पाँच जल संरक्षण तालाबों का निर्माण और उद्घाटन किया। प्रत्येक तालाब की क्षमयंग इंडियंस और आरकेएफएल ने कोइलाबेरा में बनाए पाँच जल संरक्षण तालाबता 2.8 लाख लीटर है, जिससे कुल 14 लाख लीटर जल संग्रहण संभव होगा। यह पहल आरकेएफएल जमशेदपुर की जलवायु परिवर्तन वर्टिकल के तहत की गई, जो भूजल पुनर्भरण, कृषि सहयोग और जल प्रबंधन को बढ़ावा देगी। अब तक यंग इंडियंस द्वारा जमशेदपुर में कुल 20 तालाबों का निर्माण कर चुका है और इस अभियान को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। उद्घाटन समारोह में आरकेएफएल के कृष्णा नंद देव (मैनेजर-लीगल) और संजय कुमार (ईएचएस हेड) तथा वाई आई जमशेदपुर के कौशिक मोदी (चेयर), अक्षय अग्रवाल (जलवायु परिवर्तन चेयर) सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। इस सबंध में अक्षय अग्रवाल ने कहा कि जल संरक्षण आज की सबसे बड़ी जरूरत है। ये तालाब न केवल समुदाय को लाभ पहुंचाएंगे बल्कि भूजल स्तर को भी बनाए रखेंगे। कौशिक मोदी ने कहा कि हमें आरकेएफएल के सहयोग से जलवायु समाधान विकसित करने पर गर्व है। यह पहल पर्यावरणीय चुनौतियों का समाधान करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यंग इंडियंस जमशेदपुर जल संरक्षण, मियावाकी वनीकरण, ई-वेस्ट संग्रहण अभियान जैसी स्थायी पहल जारी रखेगा।

### स्व. रचना नरेड़ी की स्मृति में रेडक्रास का नेत्र शिविर 5 से



जमशेदपुर। भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम, राम मनोहर लोहिया नेत्रालय द्वारा वितीय वर्ष 2025-26 के 45 नेत्र शिविरों की कड़ी में पहला नेत्र शिविर रचना नरेड़ी के पुण्य स्मृति में रचना हेल्थ केयर फाउण्डेशन के संयोजन में 5 से 7 अप्रैल तक बागबेड़ा थाना चौक स्थित राम मनोहर लोहिया नेत्रालय में आयोजित किया जायेगा। 5 अप्रैल को नेत्र रोगियों के आँखों की जांच कर मोतियाबिन्द ग्रस्त नेत्र रोगियों का चयन किया जायेगा, वहीं 6 अप्रैल को ऑपरेशन एवं लेंस प्रत्यारोपण उपयुक्त नेत्र रोगियों का नेत्र चिकित्सकों की टीम द्वारा किया जायेगा। 7 अप्रैल को शिविर के समापन नेत्र रोगियों की पट्टी खोलकर जांच करने के साथ दवा व चश्मा प्रदान कर उन्हें विदा कर होगा।

स्पीड न्यूज

### डीआरएम ने सेवानिवृत्ति कर्मचारियों को किया सम्मानित

**धनबाद।** मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में मंगलवार को समापक भुगतान मा समारोह का आयोजन किया गया । मार्च माह में कुल 44 सेवानिवृत्ति कर्मचारियों का समापक भुगतान किया गया है। डीआरएम कमल किशोर सिन्हा ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सम्मानित किया तथा उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। विदित हो कि धनबाद मंडल में सेवानिवृत कर्मचारियों के समापक भुगतान को प्राथमिकता दी जाती है। मौके पर मंडल के अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### रामनवमी धूमधाम से मनाने का निर्णय

**पाटन पलामू।** बगैया मोड़ महावीर चौक पर पांच पंचायत के सभी सनातनी की बैठक शुरू हुई। संघ ने विक्रम संबत 2082 नव वर्ष धूम धाम से मनाया। अध्यक्षता जगदीश पांडेय ने की। बैठक में कई निर्णय लिये गये, जिसमें सोम, मंगल, बुध को धन संग्रह हेतु डोर टू डोर प्रचार, चार को संध्या 3 बजे से बाइक जुलूस महासप्तमी पर निकालने का निर्णय लिया गया। 5 को सभी गांव में अखंड कीर्तन होगा। 6 को 3 बजे से सभी पंचायत मुख्यालयों से महावीर झंडा प्रस्थान कर महावीर चौक पर एक साथ जुटेंगे। संध्या 8 बजे से दुगोला होगा।

### पाटन थाना के एसआई मनोज सिंह को सेवानिवृत होने पर दी गयी विदाई

**पाटन पलामू।** एसआई मनोज कुमार सिंह के सेवानिवृत्त होने पर पाटन थाना में समारोह आयोजित कर भावभीनी विदाई दी गयी। समारोह में एसआई श्री सिंह को पाटन थाना प्रभारी लालजी ने माला और शॉल देकर सम्मानित किया तथा बचे हुए जीवन काल को सुखमय जीवन जीने की शुभकामना दी। थाना प्रभारी ने कहा कि एसआई मनोज कुमार सिंह 1989 में पुलिस सेवा में योगदान दिया था उनका कार्यकाल बहुत ही सराहनीय कार्य के रूप में याद किया जाता रहेगा।

# गिरिडीह में हर्षोल्लास के साथ मना सरहुल पर्व

## पूजा में शामिल हुए मंत्री सुदिव्य कुमार, मांदर की थाप पर नृत्य करते युवाओं की टोली ने निकाली भव्य शोभा यात्रा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गिरिडीह।** प्रकृति का पर्व सरहुल गिरिडीह में भी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। आदिवासी समुदाय के पूजा स्थल शहर के मांझीथान में आदिवासी छात्रसंघ के नेतृत्व में बड़ी संख्या में जिले से आदिवासी समाज के युवाओं का जुटान हुआ। जहां से मांदर की थाप पर झूमर नृत्य के साथ शहर में जुलूस भी निकाला गया। इस दौरान मांझीथान में मुख्य पुजारी नायके बाबा सुंदर मुर्मू ने प्रकृति के पुष्प साल वृक्ष के निचे सरहुल की पूजा अर्चना की और आदिवासियों की सुख समृद्धि और खुशहाल जीवन की कामना की। इस मौके पर सूबे के नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू कार्यक्रम में शामिल हुए और मांझीथान में माथा टेकने के बाद सभी को सरहुल की शुभकानाएं



दी।इस दौरान मांदर के थाप पर झुमर नाचते हुए पूजन स्थल से सभी युवक युवतियां निकली और पारंपरिक नृत्य शैली के माध्यम से रोड शो करते हुए शहर भ्रमण किया। जिसमें भाजपा नेता नुनु लाल मरांडी, झामुमो नेता शिवम श्रीवास्तव उर्फ शिवम आजाद, नूनका टुडू, नुनु राम किस्कू, सिकंदर हेंब्रम, आदिवासी छात्रसंघ के जिला अध्यक्ष प्रदीप सोरेन, सचिव मदन हेंब्रम, मीडिया प्रभारी रमेश मुर्मू, कोषाध्यक्ष चांद सोरेन के अलावे मुजिलाल टुडू, समीर मुर्मू, अनिल हेंब्रम, गणेश हांसदा, रितेश सोरेन, छात्रनायक सोनालाल मुर्मू, भोला राम टुडू, छात्र नायिका रेणुका हांसदा, तिसरी से दिमोल मरांडी, किशोर मुर्मू, समाजिक कार्यकर्ता दिलीप मुर्मू सहित जिले भर से लोग शामिल थे।

## कच्छी बलिहारी पुटकी में धूम-धाम से मनाया गया सरहुल महोत्सव

**पुटकी।** सरना समिति सरना राजी पहाड़ा , कच्छी बलिहारी द्वारा उराँव बस्ती में मंगलवार को प्राकृतिक महापर्व सरहुल पूजा महोत्सव 2025 धूम-धाम के साथ महोत्सव मनाया गया । सुबह पुजारी रोहित पाहन के द्वारा सरना स्थल का आदिवासी रीति रिवाज के साथ पूजा कर सरहुल पर्व मनाया गया साथ ही शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कर आदिवासी नृत्य व गीत प्रस्तुत किया गया । महोत्सव में धनबाद , बोकारो , पुरीलिया , राँची , चंदनकियारी , जमशेदपुर, लोहरदगा, गुमला , उड़ीसा,



लातेहार व आस-पास के गाँव के लोग शामिल हुए । सभी ने आपस में प्राकृतिक महापर्व सरहूल की शुभकामना दी । मोके पर पाहन रोहित उराँव , अध्यक्ष मनोज उराँव , सचिव सियाराम उराँव , उपसचिव सुमित्रा उराँव , कोषाध्यक्ष अविनाश उराँव , पानभरिया सोमनाथ उराँव , कोटवार सुमित उराँव , क्लू अंसारी , सुमित्रा उराँव व अन्य हजारों की संख्या में लोग उपस्थित हो कर महोत्सव में भाग लिये ।

## धनबाद की बेटी अंकिता बनर्जी ने एमएस इंडिया 2025 रनरअप का खिताब जीता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद की बेटी अंकिता बनर्जी ने नई दिल्ली में 29 मार्च को आयोजित इंडिया के सबसे बड़े कंपीटीशन मिस एंड मिस्ट्रेस इंडिया कॉन्टेस्ट 2025 के नेशनल लेवल में भीजी एमएस इंडिया रनरअप का खिताब जीत कर धनबाद समेत झारखंड का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है।



इसी सफलता के संदर्भ में मंगलवार को धनबाद क्लब में प्रेस वार्ता कर अंकिता ने अपनी परफॉर्मेंस की शानदार सफलता के पीछे की गई मेहनत तथा सारे शुभचिंतकों एवं धनबाद वासियों के आशीर्वाद के बारे में विस्तृत रूप से बता कर सभी का आभार प्रकट कर हार्दिक धन्यवाद दिया।अंकिता ने कहा देश भर की प्रतिभाओं के बीच चार दिनों तक कड़ी मेहनत कर सेकंड रनर अप का खिताब जीत कर अपने आप को गौरांवित महसूस कर रही हूं।

साथ ही इस प्रतिष्ठित खिताब को जीत कर अपने माता पिता और धनबाद का नाम पूरे देश में रोशन कर बहुत ही खुशी मिली है। भविष्य में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पधाओं में और कड़ी मेहनत कर बड़ी उपलब्धियां को प्राप्त करने का भरसक प्रयास करेगी।अंकिता बनर्जी के पिता प्रीतम बनर्जी ने कहा बचपन से ही अंकिता कला के क्षेत्र में बहुत प्रतिभाशाली रही है उसके लगन, हमारे प्रयास और प्रोत्साहन एवं आप सभी के आशीर्वाद से सफलता का यह मुकाम हासिल कर धनबाद की बेटी ने पूरे झारखंड का देश में नाम रोशन किया है.ये अंकिता की सफलता के साथ हमारे सारी बेटियों के सफलता का जश्न मनाने का मौका है ताकि अंकिता के साथ सारे धनबाद की बेटियों का मनोबल बढ़े।

मेरी यही शुभकामनाएं हैं कि अंकिता और धनबाद की सभी बेटियां अपने मनपसंदीदा क्षेत्रों में आगे बढ़े और धनबाद का नाम पूरे देश और विदेश में रोशन करें। प्रेस वार्ता में अंकिता बनर्जी के पिता प्रीतम बनर्जी और माता गीताली बनर्जी, चंदन मोइत्रा, लीना मोइत्रा, सागर बनर्जी, प्रणब थे।

## झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने अरूप चटर्जी से भेंटकर समस्याओं को रखा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

मैथन। अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश महासचिव राम मूर्ति ठाकुर के नेतृत्व में मंगलवार को विधायक अरुप चटर्जी से उनके पार्टी कार्यालय में मुलाकात की। उनके समक्ष अपनी समस्याओं को रखते हुए कहा कि 10, 20 व 30 वर्षों के पश्चात मिलनेवाला वृत्ति उन्नयन मांग एमएसीपी पर विस्तृत चर्चा की। बताया गया कि विभागीय नियमों के दीर्घसूत्रता के कारण नियमित प्रोन्नति नहीं मिल पाती है।



प्रोन्नति भी महज दस प्रतिशत लोगों को ही मिल पाती है, बहुसंख्यक शिक्षक वंचित रह जातें हैं। झारखंड राज्य में बिहार का ही प्रोन्नति नियमावली प्रभावी है। प्रोन्नति नियमावली के विरुपता के कारण ही बिहार में शिक्षकों को एमएसीपी दिया जा रहा है और झारखंड में भी शिक्षकों को छोड़कर अन्य कर्मियों को 2009 से प्रभावी है, जबकि शिक्षक भी राज्यकर्मी हैं ।2023 से जिला स्कूल, नेतरहाट विद्यालय और कल्याण विभाग के शिक्षकों को मिल रहा है। विभाग भी इस संबंध में पूर्व में विधानसभा में अल्पसूचित प्रश्न के माध्यम से उठे प्रश्न के आलोक में 13/09/2023 को ही बिहार से पत्राचार किया था।सकारात्मक जवाब भी मिला, फिर भी राज्य सरकार द्वारा ठोस कदम नहीं उठाया गया। जिससे शिक्षकों में घोर उदासीनता है। इस संबंध में पूर्व में कई चरण आंदोलन हुये, आमरण अनशन तक हुआ। अंतर्विभागीय बैठक हुई, जिसमें इस मांग से जुड़े शिक्षा विभाग, वित्त व कार्मिक विभाग के आलाधिकारी शामिल थे।

बजट का आकलन भी हुआ।इस बजट सत्र में भी कई माननीय विधायक आवाज बुलंद किये, जिसमें राजद प्रदेश अध्यक्ष व विधायक संजय कुमार सिंह यादव ध्यानाकर्षण के माध्यम से , झामुमो से माननीय विधायक समीर मोहंती, माननीय विधायक जनार्दन पासवान एवं आपने भी सरकार को घेरा, लेकिन नीतिगत मामला कहकर जवाब मिला। इसके पूर्व लिखित जवाब संतोषप्रद नहीं था। अतः इस संबंध में आप अपने स्तर से पहल कर इसकी गुत्थियों को सुलझाये। सभी बातों को विधायक अरूप चटर्जी ने ध्यान से सुना और दर्जनों शिक्षकों के बीच कहा कि आपसबों की मांग जायज है, मिलना चाहिए और इसे आगामी 7अप्रैल को माननीय मुख्यमंत्री से भेंटकर अविलंब हल करने की बात कही। इसके पूर्व प्रखंड इकाई द्वारा विधायक अरूप चटर्जी को बुके देकर एवं शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश महासचिव राम मूर्ति ठाकुर, धनबाद जिला अध्यक्ष सुनील भगत, महासचिव सियाराम सिंह, संयुक्त सचिव दिनेश राम, प्रेस प्रवक्ता प्रसेनजित मुखर्जी, शैक्षणिक अंचल निरसा एक के प्रखंड अध्यक्ष सुधीर पांडेय, निरसा तीन के अध्यक्ष प्रमोद झा के साथ दर्जनों शिक्षक नेता शामिल थे।

## हनुमान मंदिर के स्थापना दिवस में शामिल हुए भाजपा नेत्री तारा देवी और सोनू गिरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिंदरी ।** एसीसी जामाडोबा बस्ती में स्थापित श्री श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर के चतुर्थ स्थापना महोत्सव का आयोजन मंगलवार को किया गया। इसमें अखंड हरिकृतन में भाजपा नेत्री तारा देवी और विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल विभाग मंत्री सोनू गिरी शामिल हुए। इस अवसर पर दोनों ने हनुमान जी की भव्य आरती और पूजा की। हरिकृतन कर रहे सेवकों को दोनों ने भगवा वस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया। भाजपा नेत्री तारा देवी ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम से हृदय को शांति की अनुभूति होती है।



वहीं विहिप बजरंग दल विभाग मंत्री सोनू गिरी ने कहा कि भगवा मय कर सेवकों ने हिन्दूत्व की आस्था को झकझोर दिया है। हरिकृतन और प्रभु श्रीराम के अनन्य भक्त हनुमानजी की पूजा में शामिल होकर उनके प्रति आस्था में दृढ़ता आती है। आयोजनकर्ता सिंटू सिंह सहित जामाडोबा बस्ती के नागरिकों ने भाजपा नेत्री तारा देवी और विभाग मंत्री सोनू गिरी का भव्य स्वागत किया। मौके पर रोहित सिंह, हर्ष कुमार, दीपक, विशाल, राजेश चौधरी, भीम यादव, रवि यादव, विकास कुमार, दिलीप पासवान, मनोज पासवान, संतोष पासवान, सुरेश बाउरी, प्रद्युम्न कुमार, अमित महतो, बापी बाक्री, फेंकू पंडित, मनोज साव, पूनम पंडित सहित कई महिला पुरुष शामिल थे।

## आईआईटी आईएसएम में मनाया गया उत्कल दिवस मनाया



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** आईआईटी आईएसएम के कालिंगा समाज ने उड़ीसा के 90वें स्थापना दिवस को उत्कल दिवस के रूप में मनाया। संस्थान के पेनमैन ऑडिटोरियम में संगीत, नृत्य, कला और भोजन के माध्यम से उड़ीसा की समृद्ध परंपराओं को प्रदर्शित किया।

और संस्थान की सांस्कृतिक विविधता और धरोहर के प्रति प्रतिबद्धता को मजबूत किया।इस अवसर पर प्रसिद्ध रचनात्मक लेखक, पत्रकार और अकादमिक गौरहरी दास मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उनके साथ प्रो. सुकुमार मिश्रा, आईआईटी आईएसएम के निदेशक, तथा अन्य सम्मानित अतिथियों में डॉ.पी.के.पाणिग्रही, डॉ. बी.के. पुरोहित,डॉ. सुजाता होटा,और शकुंतला मिश्रा,दीप्ती लेडीज क्लब की अध्यक्ष और निदेशक प्रो. सुकुमार मिश्रा की पत्नी भी उपस्थित थीं।

## जलापूर्ति पाइप को खोले जाने का ग्रामीणों का विरोध, कर्मियों को घेरा

**खबर मंत्र संवाददाता**

**तेतुलमारी।** मंगलवार को पाण्डेडीह में दुर्गा मंदिर के पास बंद पड़े पिट वाटर के पाइप लाइन खोलने पर ग्रामीणों ने खुलकर विरोध किया। ग्रामीणों ने उन कर्मियों को घेर लिया, और खरी खोटी सुनाई। ग्रामीणों का कहना था कि क?ई वर्षों से यह पाइपलाइन लगा हुआ है। कुछ दिनों पूर्व अपराधियों ने मोटर पंप व केबल चोरी कर लिया था। प्रबंधन ने शीघ्र मरम्मति कराने का आश्वासन दिया था। अब उसे चालू कराने के बजाए खोलने में लगा है। इस पाइप लाइन से एक हजार से अधिक लोगों को लाभ मिल रहा था। उनका कहना था कि पाइप लाइन को खोला जा रहा है, ताकि अपराधी



उसे ले जाएं। सूचना पाकर तेतुलमारी पुलिस मौके पर पहुंची और समझा बुझाकर लोगों को शांत किया। धर्मेंद्र वर्मा, दीपक कुमार, बंटी कुमार, संटी सिंह,उपेन्द्र प्रजापति, मोनू सिंह, विकास कुमार, उर्मिला देवी,दीपक चौहान आदि शामिल थे।

## ओबी की चपेट में आने से दुकानदार की मौत, भड़के लोगों ने ओबी डंपिंग कार्य को रोक

### नियोजन व मुआवजे की मांग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

जोड़ापोखर । अलकडीहा ओपी क्षेत्र के साउथ तीसरा में संचालित देवप्रभा आउटसोर्सिंग परियोजना का ओबी गोल्डन पहाड़ी बेल धौड़ा के समीप डंपिंग करने के दौरान ओबी के चपेट में आने से दुकानदार संजय निषाद 40 वर्ष की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। मंगलवार को घटना के विरोध में भड़के सैकड़ों लोगों ने प्रबंधन पर परियोजना चलाने के आड़ में जबरन मोहल्लों का विस्थापन कराने तथा हैवी ब्लास्टिंग कर लोगो को परेशान करने का आरोप लगाते हुए डंपिंग कार्य को रोक दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में अंचल निरीक्षक पंकज भूषण एवं थाना प्रभारी ने पुलिस बल के साथ पहुंचकर शव को उठाने का प्रयास किया जिसे सभी श्रमिक संगठन के लोगों ने विरोध कर मृतक के आश्रित को तत्काल समुचित मुआवजा तथा नियोजन देने, सभी के



विस्थापन होने तक मोहल्लों के आसपास ओबी डंपिंग रोकने की मांग करते हुए शव को उठाने से रोक दिया। लोगो में प्रबंधन और प्रशासन के खिलाफ झूठे आश्वासन को लेकर जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है ।

मृतक शादी शुदा था जिसे एक तीन साल की बच्ची के अलावा परिवार में पिता भोला साहनी,माता पार्वती देवी,पत्नी आरती देवी बहन बबीता, लक्ष्मी ,भाई गणेश अजय का रो रो कर बुरा हाल है ।

### यह है मामला

मृतक संजय गोल्डन पहाड़ी धौड़ा में चाय नाश्ता का दुकान चलाता है। घटना के समय मृतक शौच के लिये गया था इसी दौरान परियोजना का ओबी डंपिंग करने के दौरान एक बड़ा पत्थर की चपेट में आ जाने से संजय की दबकर दर्दनाक मौत हो गई है । घटना की सूचना पाकर जोरापोखर अंचल निरीक्षक एस पंकज भूषण बलियापुर अंचल प्रतिनिधि एम के झा,अलकडीहा ओपी प्रभारी ए रौशन ,तीसरा थाना प्रभारी सुमन कुमार,घनुडीह ओपी प्रभारी, सहित कई थाने के पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बल के साथ सुरक्षा को लेकर तैनात है। ग्रामीणों का कहना है कि एक माह पूर्व भी राज भुइयां का ओबी चपेट में आने से मौत होने की घटना हो चुकी है, उस समय प्रबंधन और प्रशासन ने आश्वासन दिया था कि जब तक लोगो का विस्थापन नहीं हो जाता तबतक ओबी डंपिंग बस्ती की ओर नहीं किया जाएगा। इसके बावजूद बस्ती के समीप ही ओबी डंपिंग किया गया जिसमें संजय की आज मौत हो गई है। समाचार लिखे जाने तक बीसीसीएल तथा आउटसोर्सिंग का कोई भी अधिकारी घटनास्थल पर नहीं पहुंचा है जिसके कारण मृतक का शव घटनास्थल पर पड़ी हुई है। मौके पर विभिन्न संगठनों के शिवकुमार सिंह, संजीत सिंह, जितेंद्र निषाद, अनुज सिंह, सुजीत मंडल योगेश यादव, रामबाबू सिंह, भोला साहनी, श्री राम गोराई ,हीरालाल मोदक, कपूर चंद्र गोराइ, विजय रजक, मुन्ना सिंह,आलोक राज, दुर्गेश सहाय, मोहन पांडे आदि शव के पास मुआवजा सहित अन्य मुद्दों पर वार्ता को अड़े हुए हैं।

## सिंदरी के कई मुद्दों पर एफसीआई प्रबंधन से संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने किया वार्ता



**सिंदरी ।** संयुक्त संघर्ष मोर्चा के एक प्रतिनिधि मंडल ने मंगलवार को सिंदरी में आवास, डोमगढ़ की समस्या, दुकानों और विस्थापन प्रमाण पत्र को लेकर एफसीआई सिंदरी प्रबंधन से वार्ता की। इसपर प्रबंधन की बातों को मोर्चा ने प्रेस के प्रतिनिधियों से साझा की। मोर्चा के प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों ने बताया कि प्रबंधन डोमगढ़ की समस्या को लेकर सांसद के राह पर केन्द्रीय कार्यालय के पत्र का इंतजार कर रहा है। उन्होंने बताया कि आवासों को किराए पर देने की प्रक्रिया पर प्रबंधन नयी नीति पर विचार कर रहा है। सड़क के अगल बगल दुकानों सहित झोपड़ियों को विस्थापित करने के बाद ही उजाड़ने की सोच को बताया। पीडीआईएल के आवासों के किराए को 31 मार्च 2019 से लिया जाएगा। वहीं बीसीसीएल के आवासों का भाड़ा वर्ष 2009 से लिया जाएगा। विस्थापितों को विस्थापन प्रमाण पत्र के लिए एफसीआई ने अंचल कार्यालय को एन ओ सी दे दिया है।

वार्ता में एफसीआई यूनिट इंचार्ज विजय चौधरी, संपदा व वित्त सलाहकार देवदास अधिकारी, संयुक्त संघर्ष मोर्चा के सुरेश प्रसाद, राजीव मुखर्जी, विमल कुमार, अजीत मंडल, गौतम प्रसाद, परशुराम सिंह, अशोक महतो, मुनेश्वर यादव, पूरनेन्दू सिंह, शामिल थे।

## चंदवा में हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी प्रकृति परब सरहुल, निकाली गयी भव्य शोभायात्रा

# वन एवं प्रकृति संरक्षण से ही सृष्टि होगी सुरक्षित: रामा रविदास

**प्रकृति को संरक्षित करने का लिया गया संकल्प**

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा कुसुमटोली कृषि फार्म परिसर में मंगलवार को राजकीय सरहुल परब महोत्सव हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया। राजकीय सरहुल महोत्सव में पूरे प्रखण्ड से हजारों की संख्या में महिला-पुरुष बच्चे समेत सभी वर्ग के लोग सम्मिलित हुए। इसके पूर्व प्रकृति की पूजा झकरा सरना स्थल पर सुखलाल मुंडा की अगुवाई में पाहन कर्मा मुंडा धनेश्वर उरांव, भुद्धु उरांव, प्रदीप उरांव, बुधराम उरांव ने विधि विधान के साथ पूजा पाठ कर सरहुल परब की शुरूआत की। इसके उपरांत कुसुमटोली स्थित कृषि फार्म परिसर में मुख्य कार्यक्रम व सामुहिक प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। मुख्य कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अपर समाहर्ता रामा रविदास, विशिष्ट अतिथि पूर्व सीओ सीओ जय शंकर पाठक, बीडीओ चंदन प्रसाद, इंस्पेक्टर रणधीर कुमार समेत कई जनप्रतिनिधि मौजूद थे। बतौर मुख्य अतिथि रामा रविदास ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहा कि प्रकृति परब सरहुल मानव जाति व प्रकृति के बीच परस्पर संबंध का प्रतीक है। प्रकृति एवं इसकी सुंदरता को बचाए रखना हम सभी कादायित्व है, सरहुल सभी को संतुलित करने का एक मौका प्रदान करती है व प्रकृति व पर्यावरण संरक्षण के प्रति संकल्पित करती है। अगर पृथ्वी पर वन पर्यावरण व प्रकृति ही सुरक्षित नहीं रहेगी तो आने वाली पीढ़ी को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा, इसलिए आने वाली पीढ़ी को शुद्ध हवा पानी मिले, इसके लिए हम सभी को मिलकर प्रकृति को सुरक्षित करना होगा। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये पड़हा राजा धनेश्वर उरांव ने कहा कि सरहुल आदिकाल से प्रकृति पर्व है। यह हमें प्रकृति के प्रति आस्था का संदेश देता है। इसके अलावे नवाहिर उरांव, सितमोहन मुंडा, आयोजन समिति के अध्यक्ष हरि कुमार भगत व अन्य अतिथियों ने सरहुल परब को लेकर अपनी बातो को रखा। इसके पूर्व पारंपरिक नृत्य के साथ अतिथियों का स्वागत कर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। तत्पश्चात अतिथियों को अंग वस्त्र व सखुआ का फूल लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड पड़हा राजा धनेश्वर उरांव, मंच का संचालन शीतमोहन मुंडा व हरि उरांव ने किया। वहीं कार्यक्रम के मौके पर प्रखंड सरना समिति के अध्यक्ष विमल उरांव, चंद्रदेव उरांव राहुल उरांव कुलदीप सिंह, अनूप कुमार बड़ाइक, रमेश उरांव, महेश उरांव, सुरेश नाथ लोहरा, बीरबल भगत, विनोद भगत, बिनेशर उरांव, मुखिया संघ के अध्यक्ष जतरू मुंडा, मुखिया रंजीत उरांव, दुर्गावती देवी, ललिता देवी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मनोज चौधरी, दीपू सिन्हा, धीरज जायसवाल, सत्येंद्र प्रसाद यादव, प्रमोद साहू समेत सैकड़ो लोग मौजूद थे।


सामूहिक प्रार्थना सभा में शामिल अतिथि एवं लोग।


शोभा यात्रा में शामिल लोगों को सेवा देती अन्नपूर्णा बीज भंडार।

**निकाली गयी भव्य शोभायात्रा, विधायक वैद्यनाथ राम भी हुये सम्मिलित**

कार्यक्रम के उपरांत मुख्य कार्यक्रम स्थल से भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। जो स्थल से इंदिरा चौक, मेन रोड, बुधबाजार, हाई स्कूल, ब्लॉक होते हुये सभा स्थल पहुंचकर संपन्न हुयी। जुलूस के दौरान अन्नपूर्णा बीज भंडार, झारखंड पथरी ट्रक ओनर एसोसिएशन, कांग्रेस सभा समेत कई सामाजिक संगठन के द्वारा विभिन्न स्थानों पर शितल पेय शरबत, चना एवं गुड़ के स्टोल लगाये गये थे। जिसका लुत्फ लोगो ने उठाया। इधर लातेहार एसपी कुमार गौरव के निर्देशन में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार, सीओ जयशंकर पाठक, बीडीओ चंदन प्रसाद के नेतृत्व में चंदवा पुलिस पुलिस तरह से मुस्तैद रही।

## हर्षो उल्लास के साथ मनाया गया महापर्व सरहुल


संबोधित करते विधायक प्रकाश राम।

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित राजी सरना पड़हा भवन नवना में हर वर्ष की भांति धुमधाम व हर्षोल्लास के साथ शांतिपूर्ण वातावरण में पूरे सद्भावना के साथ प्रकृति का महापर्व सरहुल महोत्सव मनाया गया। सरना स्थल पर तय समयानुसार पुजा प्रारम्भ हुई। धर्म अगुआ तेतर उरांव के नेतृत्व में प्रधान उरांव, महेंद्र उरांव, सहदुल उरांव शीबा पाहन, बाल देश उरांव ने डंडा कटना कार्यक्रम को संपन्न किया। तत्पश्चात मुख्य पाहन शीबा पाहन ने धर्म अगुआ तेतर उरांव के मार्गदर्शन में उपस्थित प्रखंड क्षेत्र के पाहनो के साथ मिलकर पुजा संपन्न कराया। प्रकृति की देवी मां सरना से क्षेत्र व क्षेत्रवासियों के शुख समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। इसके बाद मंचासीन अतिथियों को बैच लगाकर व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मंच का संचालन रामप्रीत लोहरा, जगदीश उरांव व कपीलेश उरांव ने सयुंक्त रुप से किया। सरहुल महोत्सव के अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक प्रकाश राम विशिष्ट अतिथि बीडीओ अमित कुमार पासवान सीओ नन्द कुमार राम, थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार, उर्मिला देवी, निशा साहदेव व क्षेत्र के सभी मुखिया, पंचायत समिति सदस्य एवं समाज सेवियों ने अपनी गौरवपूर्ण उपस्थित देकर मंच को सुशोभित किया। सभा में उपस्थित मुख्य अतिथि विधायक प्रकाश विशिष्ट अतिथि प्रमुख, बीडीओ, सीओ ने सरहुल महोत्सव मंच पर संबोधित करते हुए कहा कि सरहुल पर्व प्रकृति पर्व है प्रकृति के बिना धरती पर जीवन की कल्पना नहीं किया ज सकता है। यह त्योहार हम सब को पर्यावरण संरक्षण की प्रेरणा देती है इसके अलवा समाज सेवी बबन कुमार सिंह ने प्रकृति संरक्षण के लिए सभी से एक एक पेड़ लगाने का अपील किया।

## सरहुल हमें प्रकृति की रक्षा करने का संदेश देता है: उत्कर्ष गुप्ता

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने महुआ चुनने के लिए पेड़ों के नीचे आग नहीं लगाने की अपील की। उपायुक्त मंगलवार को सरना समिति, लातेहार के द्वारा आदिवासी बासाओड़ा में आयोजित सरहुल पर्व महोत्सव कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होने कहा कि सरहुल प्रकृति की रक्षा करने का संकल्प लेने का पर्व है। सरहुल हमें प्रकृति की रक्षा करने का संदेश देता है। एक ओर हम सरहुल मना रहे हैं तो दूसरी ओर महुआ चुनने के लिए पेड़ व जंगलों में आग लगा रहे हैं। इससे सरहुल पर्व मनाने की सार्थकता पूरी नहीं होती है। उन्होने कहा कि महुआ चुनने के और भी कई उपाय हैं। उपायुक्त ने जिला वासियों को सरहुल की बधाई दी और प्रकृति का संरक्षण करने का संकल्प लेने का आह्वान किया। मौके पर पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने भी कहा कि सरहुल प्रकृति व संस्कृति दोनो को बचाने का संदेश देता है। प्रकृति के बिना मानव जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है। उन्होने अधिक से अधिक संख्या में पौधे लगाने एवं अंधाधुंध पेड़ों की कटाई नहीं करने की अपील की। मौके पर पूर्व मंत्री बैद्यनाथ राम ने कहा कि सरहुल हमें जल, जंगल व जमीन का संरक्षण करने का संदेश देता है। कोरोना काल में लोग ऑक्सीजन के अभाव में मर रहे थे, लेकिन प्रकृति हमें मुफ्त में ऑक्सीजन देती है। प्रकृति का संवर्द्धन करना आवश्यक है। प्रकृति ही हमें पानी व सांस लेने के लिए शुद्ध हवा देती है। उन्होने असंतुलित होते पर्यावरण की रक्षा करने के लिए आगे आने की अपील की। आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई ने सरकार के द्वारा आदिवासियों के लिए चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी दी और उसका लाभ उठाने की अपील की। अतिथियों ने मांदर बजा कर सरहुल के शोभा का शुभारंभ किया. शोभा यात्रा आदिवासी बासाओड़ा से निकला और शहर के मुख्य पथ होते हुए बाजारटांड़ पहुंचा. इसके बाद राजकीय पोलिटेक्निक के पास सरना धाम पहुंची। यहां सास्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन व पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम में अनुमंडल पदाधिकारी अजय कुमार रजक, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुशील कुमार अग्रवाल, मनिका विधायक प्रतिनिधि हरशिंकर यादव, युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष आफताब आलम, कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि पंकज तिवारी, सरना समिति के अध्यक्ष पहलू उरांव, रंथु उरांव, बिरसा मुंडा, सुकु उरांव, जिप सदस्य विनोद उरांव, आर्सेन तिर्की, रिंकू कच्छप, राजेश भगत, प्रभात उरांव, सरोत लोहार, इंद्रदेव उरांव, नागेश्वर भगत, प्रवेश उरांव, किशोर उरांव, सुरेंद्र उरांव, कमलेश उरांव आदि मौजूद थे।


मंचासिन अतिथि।

प्रकृति के बिना मानव जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है: कुमार गौरव

पूर्व मंत्री बैद्यनाथ राम ने कहा कि सरहुल हमें जल, जंगल व जमीन का संरक्षण करने का संदेश देता है

## नहाये खाय के साथ शुरू हुआ चैती छठ महापर्व



**चंदवा।** चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व चैती छठ मंगलवार को नहाय खाए के साथ शुरू हो गया। छठ व्रतियों ने स्नान ध्यान के उपरांत भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया व अरवा चावल का भात, चना दाल, कद्दू की सब्जी को प्रसाद के रूप में ग्रहण किया। बता दें कि चार दिवसीय महापर्व के दूसरे दिन बुधवार को संध्या बेला में छठ व्रती खरना व्रत करेंगी व खीर का प्रसाद ग्रहण करने के उपरांत 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू हो जाएगा। वही तीसरे दिन गुरुवार की संध्या बेला में अस्चलगामी भगवान सूर्य को पहला अर्घ्य अर्पित किया जाएगा। जबकि चौथे दिन शुक्रवार की सुबह उदयीमान भगवान भुवन भास्कर को अर्घ्य अर्पित करने पश्चात महापर्व का समापन होगा। इधर महापर्व के दौरान छठ व्रतियों के सेवार्थ सुविधाओं को दुरुस्त करने में विवेकानंद किशोर संस्थान पूरी तन्मीयता के साथ जुटे हुए हैं। चंदवा के देवनद दामोदर तट पर विवेकानंद किशोर संस्थान, बाल सृष्टि एवं एंबीशन कंप्यूटर सेंटर लगी हुई है। समितियों के द्वारा मंगलवार को देवनद दामोदर छठ घाट में सफाई अभियान भी चलाया गया।

## भवानी कंप्यूटर के पहल से जल प्याऊ का हुआ शुभारंभ



**चंदवा।** एनएच 75 स्थित वन विभाग के चेकनाका के समीप भवानी कंप्यूटर की पहल पर मंगलवार को पनशाला (प्याऊ) का शुभारंभ किया गया। भाजपा नेता महेंद्र प्रसाद साहू, वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र प्रसाद वैध ने संयुक्त रूप से फीता काटकर पनशाला की शुरूवात की। मौके पर राहगीरों व अन्य मौजूद लोगों को शुद्ध पेयजल एवं गुड दिया गया। महेंद्र प्रसाद साहू ने कहा कि उक्त स्थान पर एक भी चापानल नहीं है। बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे यहां से आना जाना करते हैं। प्रखंड कार्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समेत अन्य सरकारी कार्यालय आने-जाने का यह मुख्य मार्ग है। यहां शुद्ध पेयजल उपलब्ध होने से लोगों को काफी आराम मिलेगा। मौके पर शिवकेश्वर यादव,रिकी वर्मा, रवि राज, किशन, अक्षय, दीपू समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# प्राकृतिक पर्व सरहुल महोत्सव महुआडांड़ में हर्षोल्लास के साथ संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**महुआडांड़।** सरहुल का त्योहार महुआडांड़ में आदिवासी समाज के द्वारा पुरे धुमधाम के साथ मनाया गया। सरहुल महोत्सव को लेकर सरना समिति महुआडांड़ के बैनर तले हर वर्ष की भांति इस बार भी स्थानीय फुलवार बगीचा से शोभायात्रा निकाली गई, ये शोभायात्रा फुलवार बगीचा से प्रारंभ होकर बिरसा मुंडा चौक, रामपुर चौक, डीपाटोली, पकरीमुहल्ला, मुख्य बाजार, शास्त्री चौक होते वापस फुलवार बगीचा पहुंची।शोभायात्रा मे हजारो की भारी संख्या मे आदिवासी समाज के लोग हाथो मे पारंपरिक वेशभूषा, हथियार व गाजे बाजे के साथ आदिवासी नृत्य करते हुए उपस्थित हुए। इस दरम्यान जय सरना, जय चाला, सरना माता की जय, भारत माता की जय, जय झारखंड, के गगनभेदी नारों से पुरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा।सांस्कृतिक कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथि के रूप में हिन्दू महासभा के अध्यक्ष मनोज जायसवाल, वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में पश्चिमी हिन्दू महासभा के अध्यक्ष रामदत्त प्रसाद, भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय जायसवाल, बजरंग दल के पलामू विभाग के संयोजक सुरज साहू, मुखिया रेखा नगेसिया, मुखिया अमृता देवी, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर विद्यालय के प्राचार्य चन्द्रकुमार बेसरा, रौनियार वैश्य विकास मंच के प्रखण्ड अध्यक्ष अंतु साव, कमलेश यादव, राम जायसवाल, सत्यानंद वर्मा, राधिका देवी, पूनम देवी, राजेन्द्र नगेसिया, यशवन्त यादव, सत्यनारायण महाराज आदि उपस्थित थे। तदुपरांत महुआडांड प्रखंड के विभिन्न ग्रामो से आये सांस्कृतिक मंडली के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इससे पूर्व स्थानीय सरना भवन मे प्रातः 9 बजे बैगा पुजा पाहन दीक्षा समारोह, 10 बजे महादेव सरना मे बैगा पाहन के द्वारा पूजा अर्चना व 11 बजे महादेव सरना मे सामूहिक पूजा अर्चना की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने मे वनवासी कल्याण केन्द्र के जिलाध्यक्ष अजय उरांव, पूर्व जिला मंत्री विजय कुमार सिंह, सरना समिति के अध्यक्ष कामेश्वर मुण्डा, उपाध्यक्ष विनय उरांव, ईश्वर मुण्डा, महासचिव सुरेश उरांव, सुखपाल नगेसिया, जनजाति सुरक्षा मंच के जिला संयोजक बालेश्वर बडाईक, प्रखण्ड संयोजक ललकु खेरवार, संच प्रमुख संजय कुमार सिंह, मंडल प्रमुख बालदेव नगेसिया, राजकुमार सिंह, रूपम राकेश बाड़ा, ग्राम प्रधान विकास उरांव, बैगा प्रमुख कृष्णा मुण्डा, दशरथ मुण्डा, प्रधेनु उरांव, बिरजु नगेसिया आदि का योगदान सराहनीय रहा।

## सरहुल महोत्सव में बजरंग दल के द्वारा चुड़ा व गुड का वितरण किया गया


मौके पर मौजूद विधायक रामचन्द्र सिंह।

सरहुल महोत्सव को लेकर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महुआडांड बजरंग दल के द्वारा सरहुल महोत्सव मे भाग लेने आये लोगो के बीच चना, चुड़ा व गुड का वितरण किया गया। बजरंग दल के इस कदम को महुआडांड प्रखंड के लोगो ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की है बजरंग दल के पलामू विभाग के संयोजक सुरज साहू, पंकज दास बाबु, आर्यन जयसवाल, नितीश साहु, ध्रुव जयसवाल, मोहित कुमार, अंकित जसवाल, रिंकु गुप्ता, लालु नितीश, पिंटु प्रजापती, भोला विकास, दीपक गुप्ता, आयुष जायसवाल, विवेक यादव, हिमांशु जायसवाल, राहुल सोनी, पवन यादव, सौरभ कुमार गुप्ता, दिपक यादव, राजकुमार तुरी, उज्जवल धनुष, सुरेश गुप्ता, शैलेश ठाकुर, राजा राम, रवि भोला बडाईक, गोलु गुप्ता आदि को बधाई दी है। वहीं सरना आदिवासी विकास एकता मंच द्वारा भी निकाली गई शोभायात्रा।

**शोभायात्रा में शामिल हुए लोकप्रिय विधायक रामचंद्र सिंह**

सरहुल महोत्सव को लेकर सरना समिति महुआडांड एवं सरना आदिवासी विकास एकता मंच द्वारा निकाली गई दोनो सरहुल शोभा यात्रा में लोकप्रिय विधायक रामचंद्र सिंह शामिल हुए एवं हार्दिक बधाई दी। मौके पर कांग्रेस के प्रदेश प्रतिनिधी मो. इफ्तेखार अहमद, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामनरेश ठाकुर आदि साथ-साथ थे।

## अवैध बालू खनन के खिलाफ प्रशासन की कारवाई


जप्त ट्रेक्टर।

**बरवाडीह।** अवैध बालू खनन के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन ट्रैक्टरों को जब्त किया है। यह कार्रवाई बरवाडीह अंचल अधिकारी मनोज कुमार और बरवाडीह थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार के संयुक्त नेतृत्व में छेचानी बालू घाट पर की गई। प्रशासन को गुप्त सूचना मिली थी कि बिना किसी वैध अनुमति के बालू का अवैध उठाव किया जा रहा है। सूचना के आधार पर छापेमारी की गई, जिसमें तीन ट्रैक्टर जब्त किए गए। खास बात यह है कि जब्त किए गए सभी ट्रैक्टर बिना नंबर प्लेट के थे, जिससे स्पष्ट होता है कि अवैध खनन में संलिप्त लोग अपनी पहचान छुपाने का प्रयास कर रहे थे। जांच में पता चला है कि जब्त किए गए तीनों ट्रैक्टर पलामू जिले के सतबरवा थाना क्षेत्र के हैं, जो अवैध रूप से बरवाडीह थाना क्षेत्र के छेचनी बालू घाट से बालू उठाव कर रहे थे। प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद अवैध खनन में लिप्त लोगों में हड़कंप मच गया है। इस संबंध में अंचल अधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि अवैध खनन के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई जारी रहेगी और इस तरह की गैरकानूनी गतिविधियों में लिप्त लोगों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। वहीं, थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार ने चेतावनी दी कि जो भी अवैध रूप से बालू उठाव करेगा, उसके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध खनन करने वालों में भय का माहौल है।

प्रकृति प्रेम और सामूहिक उल्लास का पर्व सरहुल धूमधाम से मनाया गया

## पौधारोपण का लिया गया संकल्प

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के छिपादोहर पंचायत में आदिवासी समुदायों ने प्रकृति पर्व सरहुल को पूरे हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया। कार्यक्रम में प्रमुख सुशीला देवी, उप प्रमुख बीरेंद्र जायसवाल, प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज, अंचल अधिकारी मनोज कुमार, थाना प्रभारी धीरज कुमार, विधायक प्रतिनिधि पिंटू सिंह, जिला परिषद सदस्य कन्हाई सिंह, यूथ कांग्रेस के प्रदेश सचिव विजय बहादुर सिंह और कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष प्रिंस गुप्ता सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सरहुल महोत्सव के दौरान पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर परंपरागत परिधानों में सजे-धजे युवक-युवतियों ने पारंपरिक सरहुल नृत्य किया और लोकगीतों के माध्यम से अपनी संस्कृति की झलक पेश की। युवा कांग्रेस नेता विजय बहादुर सिंह ने कहा कि सरहुल सिर्फ एक त्योहार नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और सामूहिक एकता का प्रतीक है। यह हमें प्रकृति के महत्व को समझने और उसे संजोने की प्रेरणा देता है। धरती माता की रक्षा और जैव विविधता को संरक्षित करने का संकल्प ही इस पर्व की सच्ची भावना है।

## प्रसव के बाद महिला की मौत

**गढ़वा।** जिले के रमना स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव के बाद एक महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान विशुनपुरा थाना क्षेत्र के संध्या गांव निवासी पिंटू पासवान की पत्नी कंचन देवी (25 वर्ष) के रूप में की गई है। परिजनों के अनुसार कंचन को मंगलवार को रमना अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सुबह उसका सामान्य प्रसव हुआ, लेकिन 40 मिनट बाद उसकी स्थिति बिगड़ने लगी। परिजनों का आरोप है कि ड्यूटी पर तैनात नर्स ने इलाज करने के बजाय उसे गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। रास्ते में ही कंचन की मौत हो गई। उनका कहना है कि अगर अस्पताल में उचित इलाज किया जाता, तो कंचन की जान बच सकती थी। इस घटना से स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोग और परिजन स्वास्थ्य विभाग से इस लापरवाही के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## युवक की मौत

**धुरकी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत करवा पहाड़ गांव निवासी धर्मु परहिया के 25 वर्षीय पुत्र अनिल परहिया की मौत मंगलवार को हो गई। परिजनों के अनुसार अनिल परहिया रोजगार की तलाश में 2 वर्ष से गुजरात के कंपनी में काम कर रहा था। जहां एक माह पूर्व गुजरात में ही उसे चक्कर व सर में दर्द होने लगा। इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में इलाज कराया लेकिन इलाज में कोई राहत नहीं मिली। वह पुनः वापस अपने घर करवा पहाड़ लौट आया। घर पर आने के बाद परिजन ओझा गुणी व दवा करने लगे। जहां उसकी स्थिति बढ़ने लगी और संगबरिया ले जाने के क्रम में उसकी मौत हो गई। बताते चलें कि अनिल की शादी 4 वर्ष पूर्व हुई थी। मृतक के घर जनप्रतिनिधि व समाजसेवी उसके परिजनों को ढांढस बनाया व हर हाल में सरकारी सहायता दिलाने का भरोसा दिलाया।

## गढ़वा पुलिस लाइन में धूमधाम से मना सरहुल


मांदर बजाते एसपी।

**गढ़वा।** गढ़वा के कल्याणपुर स्थित पुलिस लाइन में मंगलवार को सरहुल महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में एसपी दीपक कुमार पांडेय, एसडीओ संजय कुमार और राहुल देव बड़ाइक सहित कई पदाधिकारी शामिल हुए। इस दौरान सरना स्थल पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई, जिसके बाद पारंपरिक मांदर और नगाड़ा की धुन पर अधिकारी भी झूम उठे। सरहुल महोत्सव के उपलक्ष्य में शहर में भव्य जुलूस निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। पारंपरिक वेशभूषा और लोकगीतों के साथ निकले इस जुलूस ने पूरे शहर को सरहुल के रंग में रंग दिया। मौके पर एसपी श्री पांडेय ने कहा कि आदिवासियों के लिए धरती ही ईश्वर है और हमें इसका संरक्षण करना चाहिए। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कहा कि यदि धरती को बचाना है, तो जंगल-पहाड़ और जीव-जंतुओं की रक्षा भी अनिवार्य है। एसडीओ ने सरहुल को प्रकृति से जुड़ने का त्योहार बताया और कहा कि यह पर्व लोक जीवन और प्रकृति के बीच अटूट संबंध को दशार्ता है। मौके पर उक्त पदाधिकारियां सहित कई अन्य उपस्थित थे।

## मां अन्नपूर्णा मंदिर में भंडारा का आयोजन

**गढ़वा।** शहर के गल्ला पट्टी, मेन बाजार स्थित मां अन्नपूर्णा मंदिर में मंगलवार की संध्या 114वां भव्य भंडारा आयोजित किया गया। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। यह भंडारा सेवानिवृत्त शिक्षक स्व. कृष्ण कुमार गुप्ता के पुत्र कुमार प्रिंटिंग प्रेस के प्रोपराइटर विजय कुमार के द्वारा आयोजित किया गया। मौके पर मां अन्नपूर्णा पूजा समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद कश्यप, उपाध्यक्ष विजय मद्धेशिया, कोषाध्यक्ष अजय कश्यप, दिनेश केशरी, विशाल गुप्ता, विजय गुप्ता, मदन कुमार, सुनील गुप्ता, विकास गुप्ता आदि उपस्थित थे। मंदिर समिति के अनुसार 2016 से हर महीने भंडारे का आयोजन किया जा रहा है ताकि कोई भी भूखा न रहे।

## दक्षिणेश्वरी मां काली प्राण प्रतिष्ठा की शुरूआत

**गढ़वा।** सदर प्रखंड स्थित ग्राम लोटो और सोह के प्रांगण में पर्वतीय उपत्यका पर भव्य शतचंडी महायज्ञ सह दक्षिणेश्वरी मां काली प्राण प्रतिष्ठा का शुभारंभ हो चुका है। चैत्र नवरात्र के अवसर पर प्रारंभ हुए इस महायज्ञ की शुरूआत जलयात्रा से की गई। यह धार्मिक अनुष्ठान समाज और मानव कल्याण के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। इस महायज्ञ और प्राण प्रतिष्ठा के विधि-विधान का नेतृत्व आचार्य रमाकांत पाठक कर रहे हैं। संपूर्ण यज्ञ और पूजा-पाठ उन्हीं के निर्देशन में संपन्न होगा। इस अनुष्ठान से आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होगा तथा क्षेत्र में सुख-शांति और समृद्धि का संदेश फैलेगा। मौके पर काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## ठाकुरबाड़ी मंदिर में 24वां मानस महोत्सव 4 से

**मेराल।** लगमा गांव स्थित ठाकुरबाड़ी मंदिर में 24वां तीन दिवसीय मानस महोत्सव चार अप्रैल से प्रारंभ होगा। इसकी जानकारी देते हुए सत्संग समिति नगमा के संयोजक द्वारिका नाथ पांडेय ने बताया कि 24वां मानस महोत्सव का विराट आयोजन चार अप्रैल को ध्वज स्थापन के साथ प्रारंभ होगा। पांच अप्रैल को अखंड मानस पाठ एवं नौ विद्वान आचार्यों द्वारा दुर्गा सप्तशती का पाठ, हवन पूजन तथा छह अप्रैल रविवार को रामनवमी के दिन 10 बजे से श्री राम जन्मोत्सव अयोध्या से पधारे संत शिरोमणि बाल स्वामी अवधेन्द्र प्रपन्नाचार्य जी महाराज के सानिध्य में संपन्न होगा।

## धूमधाम से मना सरहुल, मेला का आयोजन



**भंडरिया।** प्रखंड के नौका प्रभन बाबा मंदिर प्रांगण में सरहुल पूजा धूमधाम से मनाया गया। श्रद्धालुओं ने पेड़ एवं प्रकृति की पूजा की। इस मौके पर नौका मंदिर प्रांगण में मेला का आयोजन किया गया। मेला को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने कहा कि सरहुल पूजा प्रकृति की पूजा है इसे हमेशा बचाए रखने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष सरहुल पर्व के मौके पर यहां मेला का आयोजन किया जाता है और प्रकृति की पूजा की जाती है। इस मौके पर गांव-गांव से आए बैगा, पाहन, देवार ने पारंपरिक ढंग से पूजा अर्चना की। विधायक ने सभी बैगा पाहन देवार को पगड़ी बांधकर सम्मानित किया। भंडरिया तेनटांड में भी सरना पूजा समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर भंडरिया तेनटांड से जुलूस निकाली गई जो भंडरिया बाजार होते हुए इंदिरा चौक तक गई। नौका दाढ़ी कुआं से भी जल यात्रा निकाली गई। जल यात्रा में हजारों की संख्या में महिलाएं जल लेकर नौका प्रभन बाबा मंदिर में चढ़ाया। मौके पर नौका सरना पूजा समिति के अध्यक्ष मुखिया विनय सिंह, विधायक प्रतिनिधि बिरजू सिंह, रामकृष्ण चौरसिया, भीष्म चौरसिया, कुंवर सिंह, ब्रह्मदेव सिंह, जतन सिंह, सांसद प्रतिनिधि रूप निरंजन सिन्हा, भंडरिया थाना प्रभारी अभिजीत गौतम, लक्ष्मण उरांव, हरिदास तिर्की सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।


# नहाय-खाय के साथ शुरू हुआ छठ महापर्व

खबर मन्त्र संवाददाता


सफाई करता जेसीबी।

**मझिआंव।** लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व चैती छठ पूजा मंगलवार को नहाय-खाय के साथ शुरू हो गया। इस अवसर पर छठ व्रतियों ने अपनी धार्मिक परंपराओं को निभाते हुए स्नान कर अपने-अपने घरों में पूजा की और विशेष रूप से अरवा चावल, चना दाल, सेधा नमक और लौकी की सब्जी को प्रसाद के रूप में ग्रहण किया। बुधवार की शाम में खरना का आयोजन होगा। इस दिन छठ व्रती विशेष रूप से गुड़ का खीर और पुड़ी बनाकर प्रसाद के रूप में ग्रहण करते हैं। खरना के बाद 36 घंटे का कठिन निर्जला उपवास शुरू होता है, जिसमें व्रति न केवल जल ग्रहण से बचते हैं, बल्कि किसी भी प्रकार का आहार भी नहीं करते। गुरुवार को छठ व्रति अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देंगे। इसके बाद शुक्रवार को उदीयमान सूर्य को जल अर्घ्य देने के साथ ही यह महापर्व समाप्त हो जाएगा। इस दौरान, व्रति अपने कष्टों और तपस्या के माध्यम से भगवान सूर्य से आशीर्वाद प्राप्त करते हैं और अच्छे स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि, और परिवार की खुशहाली की कामना करते हैं। इस वर्ष छठ व्रतियों की संख्या में कुछ कमी देखी गई है, लेकिन इस महापर्व के प्रति लोगों का उत्साह और श्रद्धा में कोई कमी नहीं आई। विशेष रूप से छठ पूजा के दौरान कोयल नदी के किनारे सफाई और शुद्धता का ध्यान रखा गया है, ताकि इस धार्मिक अनुष्ठान में कोई विघ्न न आये। चैती छठ पूजा लोक आस्था का एक महत्वपूर्ण पर्व है, जो न केवल प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करता है, बल्कि सामाजिक और धार्मिक एकता को भी बढ़ावा देता है। इस बार, भले ही व्रतियों की संख्या में कमी आई हो, लेकिन श्रद्धा और विश्वास का स्तर उतना ही ऊंचा है।

## सरहुल पर्व पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा


शोभा यात्रा में मांदर बजाते विधायक प्रकाश राम।

**बालूमाथ।** बालूमाथ में सरहुल पर्व पर भव्य शोभा यात्रा निकाली गई है। शोभायात्रा सरना स्थल दिवाकर नगर से आरंभ होकर मुरपा मोड, थाना चौक बस स्टैंड होते हुए दुर्गा मंडप सरना स्थल पहुंचा। शोभायात्रा में शामिल दर्जनो गांव की टोलियो द्वारा ढोल, मांदर, नगाड़ा के थाप पर आदिवासी महिलाओं एवं पुरुष जमकर थिरकते नजर आए। इससे पूर्व दिवाकर नगर सरना स्थल पर एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जहां सरना पूजा समिति द्वारा लातेहार विधायक प्रकाश राम, बालूमाथ एसडीपीओ विनोद रावानी, बालूमाथ अंचलाधिकारी विजय कुमार, बीडीयो सोमा उराव, लातेहार जिप उपाध्यक्ष अनीता देवी, पुलिस इंस्पेक्टर परमानंद वीरवा, थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार समेत कई लोगों को पुष्प गुक्ष एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए बालूमाथ एसडीपीओ विनोद रवानी ने कहा कि सरहुल पर्व पर प्राकृतिक का रक्षा करना जल जंगल जमीन को बचाने का यह पर्व है। हम सभी को आज के दिन यह संकल्प लेना चाहिए की प्रकृति की धरोहर को हर हाल में बचाना है। वही लातेहार विधायक प्रकाश राम ने कहा की आज के दिन हम लोग प्रकृति की पूजा करते हैं। सरहुल पर्व हम लोगों को यही संदेश देता है कि जल जंगल जमीन की रक्षा करना हम सबो का कर्तव्य है। आज हमारे यहां पेड़ की कटाई धड़ल्ले से हो रही है। इसलिए पेड़ काटना बंद करें एवं प्रत्येक व्यक्ति को पेड़ पौधा लगाना शुरू करना चाहिए। वहीं जिला परिषद उपाध्यक्ष अनिता देवी ने कहा कि बालूमाथ में कई वर्षों से भव्य शोभायात्रा निकालकर सरहुल मनाया जा रहा है इसके लिए सरहुल पूजा समिति बधाई के पात्र हैं।

# सरहुल पर्व संतालों की सृष्टि करने वाले देवी देवताओं की पूजा है : मंत्री योगेंद्र प्रसाद

- ललपनिया पंचायत व खम्हरा आईईएल में बाहा पोरब (सरहुल पूजा) धूमधाम से मनाया गया





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो/ललपनिया।** गोमिया प्रखण्ड अंतर्गत ललपनिया पंचायत के टीटीपीएस सरना महाविद्यालय परिसर स्थित सरना स्थल दिशोम जाहेर गढ़ में मंगलवार को हर साल की भांति इस साल भी बहापोरब सरना समिति टीटीपीएस ललपनिया के तत्वधवान में बाहा पोरब (सरहुल पूजा) धूमधाम से मनाया गया।

बहापोरोब कार्यक्रम में सैकड़ों संताल आदिवासी महिलाएं व पुरुषों समेत बच्चे बच्चियां आदि ने भाग लिया। सभी संताल आदिवासी महिलाएं एवं पुरुषों ने अपने आस्था एवं विश्वास के साथ जाहेर गढ़ स्थल में फूलों की वर्षा करके परम्परागत तरीके से प्रकृति के देवी-देवताओं की पूजा अर्चना की।

इस अवसर पर कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग तथा मद्य निषेध विभाग मंत्री योगेन्द्र प्रसाद उपस्थित थे। जहां मंत्री ने एवं उपस्थित अतिथियों ने एक-एक कर जाहेर स्थल पर जाकर पूजा अर्चना कर सुख शांति, समृद्धि व उन्नति की मंगल कामना की। इस दौरान मांझी हड़ाम, नायके हड़ाम, जोगवा व भोदरन द्वारा मुख्य अतिथि मंत्री श्री प्रसाद एवं सभी मंचासीन अतिथियों एवं अन्य के कानों में साल का फूल लगा आशीर्वाद दिया गया।

मुख्य अतिथि मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि यह पर्व केवल हमारे सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक ही नहीं, बल्कि प्रकृति के साथ हमारे अटूट संबन्ध को भी दर्शाता है और हमें प्रकृति के संरक्षण व उसकी महत्ता की याद भी दिलाता है। हम सभी को संकल्पित होकर प्रकृति के संरक्षण की दिशा में कार्य करने की आवश्यकता है। यह काम सभी के साथ और सहयोग से ही संभव है।

वहीं वे प्रखंड के खम्हरा आईईएल में आयोजित सरहुल पूजा महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। यहां सरहुल पूजा महोत्सव की शुरुआत मंत्री ने दीप प्रज्वलित कर की। इसके उपरांत उन्होंने पूजा स्थल पर माथा टेक झारखंड सहित क्षेत्र वासियों की सुख, शांति व समृद्धि की मंगलकामना की।

मौके पर मंत्री श्री प्रसाद ने कहा कि सरहुल पर्व संतालों की सृष्टि करने वाले देवी-देवताओं की पूजा है। संताल आदिवासियों की संस्कृति को बचाये रखना हम सभी का धर्म है। इस मौके पर मंत्री जी ने दोनों गांव के आयोजित सरहुल अखाड़े में गीत व नृत्य कर रही महिलाओं व पुरुषों के बीच शामिल होकर ढोल, नगाड़े, मांदर की थाप पर खूब थिरके।

कार्यक्रम के उपरांत दोनों गांव के आयोजनकर्ताओं द्वारा बतौर मुख्य अतिथि मंत्री जी का अभिनंदन के साथ जोरदार स्वागत किया। मौके पर सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# महाकाली साधना शिविर में उमड़े देश-विदेश के हजारों साधकों का हुआ जुटान




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** समस्त ब्रह्मांड ब्रह्म-शक्ति में ही समाहित है। हमें जीवन में ज्ञान भी चाहिए क्रिया भी चाहिए और धन भी चाहिए। त्रिशक्ति का यही स्वरूप है। आप साधना के माध्यम से अपने जीवन में शक्ति स्थापित करें। जब ज्ञान और कर्म का संयोग होता है तो लक्ष्मी आ ही जाती हैं लेकिन गुरु को धारण किए बिना शक्ति पूर्णता के साथ आ ही नहीं सकती। यह कहना है गुरुदेव श्री नंदकिशोर श्रीमाली जी का। गुरुदेव श्री श्रीमाली सोमवार को निखिल मंत्र विज्ञान एवं अंतरराष्ट्रीय सिद्धाश्रम साधक परिवार द्वारा पटना के गर्दनीबाग स्थित गेट पब्लिक लाइब्रेरी में आयोजित महाकाली साधना शिविर में अपने शिष्यों को संबोधित कर रहे थे। शिविर में देश-विदेश से हजारों की तादाद में निखिल शिष्यों का जुटान हुआ और चैत्र नवरात्रि का यह उत्सव भक्तिमय बना रहा। तंत्र के महत्व पर प्रकाश डालते हुए गुरुदेव ने कहा- तंत्र साधना ही जीवन की अपूर्णता को भरने का मार्ग है। साधना वहीं सिद्ध होती है जिसके घर में प्रेम का वास है। हमारे जीवन में उत्सव और साधनाएं साथ-साथ चलनी चाहिए। हर साधक दोषों से मुक्त और शक्ति से युक्त होना चाहता है। शक्ति आपके भीतर है। आपको उसे जागृत करना है। जहां शक्ति है वहां शिव है। मन में शौर्य और उत्साह हो तो चाहे हजार बाधाएं आयें राम की तरह बनवास हो, कृष्ण की तरह बाधाएं झेलनी पड़े शौर्य और उत्साह से साथ उसका सामना करना है। भय से मुक्त रहना है तो अपने मन का द्वारपाल भैरव को बना दें। जो शक्ति से युक्त है उसी का जीवन सार्थक है। शिविर का संचालन संयोजक मनोज भारद्वाज ने किया जबकि महेंद्र मानकर के भजनों से पूरा वातावरण संगीतमय बना रहा।

## नहाय खाय के साथ चैती छठ शुरू, खरना आज



**बेरमो।** बेरमो कोयलांचल में चैती छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान चैत्र शुक्ल चतुर्थी तिथि मंगलवार को नहाय-खाय के साथ आरंभ हो गया। छठ व्रतियों ने स्नान कर घरों में गंगाजल लाकर पूजन करने के बाद अरवा चावल, सेंधा नमक, चने की दाल, लौकी की सब्जी, आंवला की चटनी आदि ग्रहण कर चार दिवसीय अनुष्ठान का संकल्प लिया।

## दुग्धा में धूमधाम से मनाया गया प्रकृति पर्व सरहुल



**बेरमो।** आदिवासियों का महत्वपूर्ण पकृति पर्व सरहुल चंद्रपुरा प्रखंड के दुग्दा कोल वाशरी मोड़ स्थित सरहुल पूजा स्थल पर मंगलवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जहां सर्वप्रथम आदिवासियों के इष्ट देवता बाहा बोंगा, मरांग बुरू व सखुवा के फल-फूलों की अपनी परंपरागत रीति रिवाज के साथ पूजा अर्चना की गई। इसके बाद आदिवासी महिलाएं अपनी परंपरागत वेशभूषा में। मांदर की थाप पर जमकर नृत्य किये। इस दौरान सरहुल पूजा स्थल से सिद्धू कान्हू चौक तक झांकी भी निकाली गई। इस प्रकृति पर्व में बेरमो विधायक कुमार जय मंगल सिंह भी शामिल हुए और प्रकृति की पूजा की। रात्रि में अपने नियमानुसार पूजा समिति के द्वारा मनोरंजन स्वरूप संथाली ड्रामा का भी आयोजन किया गया। इस दिन पूजा स्थल पर आसपास के हजारों आदिवासी महिला पुरुष यहां पहुंचते हैं।

## फुसरो में समाजसेवी स्व. बंधन महतो की पांचवीं पुण्यतिथि मनी



**बेरमो।** फुसरो नया रोड स्थित कलावती सदन में मंगलवार को प्रसिद्ध व्यवसायी पुष्पांजलि लॉज के मालिक व समाजसेवी स्व. बंधन महतो की पांचवीं पुण्यतिथि मनाई गई। यहां उपस्थित लोगों ने स्व. बंधन महतो के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनकी आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन धारण किया गया। भाजपा के वरिष्ठ नेता मधुसूदन प्रसाद सिंह ने कहा कि स्व. बंधन महतो सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़ कर भूमिका निभाते थे। बेरमो चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष आर उनेश, जेएमएम नेता जयनारायण महतो और झारखंड कुरमी महासभा के जिला महासचिव लाखेश्वर प्रसाद महतो ने कहा कि स्वर्गीय बंधन महतो एक शांत स्वभाव व मृदभाषी व्यक्ति थे। इस अवसर पर उनके पुत्र महेंद्र महतो व संतोष महतो ने सभी लोगों को प्रसाद ग्रहण कराया। मौके पर नगर अध्यक्ष दीपक महतो, डॉ पीआर महतो, गोविंद रजक, प्रसादी महतो, लालमोहन महतो, राजेश सुपन, जयनंदन महतो, डेगलाल महतो, दीपक गुप्ता आदि मौजूद थे।

# तीन अलग-अलग दुर्घटनाओं में दो की मौत, तीन घायल

- कोठिया में ऑटो पलटा, सब्जी लेकर घर जा रहे बुजुर्ग दंपति की मौत



**खबरमन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** जिले के सरैयाहाट थाना क्षेत्र में हुई तीन अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में बुजुर्ग दंपति की मौत हो गई। जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार सरैयाहाट थाना क्षेत्र के कोठिया गांव के समीप अनियंत्रित ऑटो पलटने से ऑटो सवार थाना क्षेत्र के चिकनिया गांव निवासी 70 वर्षीय जगरनाथ ठाकुर की मौत मौके पर हो गई। जबकि उसकी पत्नी प्रेमलता देवी (62) को गंभीर स्थिति में देवघर रेफर किया गया था। जहां देवघर ले जाने के क्रम में उसने दम तोड़ दिया। घटना के विषय में मिली जानकारी के अनुसार बुजुर्ग दंपति कोठिया हटिया से सब्जी लेकर वापस ऑटो पर सवार होकर वापस घर लौट रहे थे। ऑटो कोठिया चौक से खुला ही था कि कुछ दूरी पर जाकर अनियंत्रित होकर पलट गया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस की मदद से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरैयाहाट पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने बुजुर्ग जगरनाथ को मृत घोषित कर दिया। जबकि उसकी पत्नी प्रेमलता की गंभीर स्थिति को देखते हुए रेफर कर दिया गया था। लेकिन रास्ते में उसने भी दम तोड़ दिया।

वहीं थाना क्षेत्र के कोठिया में ही घटित एक अन्य सड़क दुर्घटना में थाना क्षेत्र के बाबूपुर गांव निवासी मुकेश यादव (27) और कैलाश मांझी (54) गंभीर रूप से घायल हो गये। बताया जाता है कि दोनों हलवाई का काम करते हैं और किसी समारोह के लिए खाना बनाने का ऑर्डर लेकर वापस बाईक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान कोठिया के समीप ऑटो से टकरा गये। घटना के बाद एंबुलेंस से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरैयाहाट पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को रेफर कर दिया गया।

वहीं हंसडीहा थाना क्षेत्र के बढ़ेत गांव के समीप तेज रफ्तार बाईक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट जाने से बाईक सवार अनील सोरेन ग्राम धमसूर थाना पोड़ैयाहाट घायल हो गया।

# कलयुगी पिता ने कुल्हाड़ी से वार कर की पुत्र की हत्या, गिरफ्तार



**दुमका।** कलयुगी पिता ने शराब के नशे में धुत होकर अपने ही पुत्र की कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर जघन्य घटना को अंजाम दिया है। घटना जिले के जामा थाना क्षेत्र के तरबंधा गांव में सोमवार को देर रात घटी। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अजीत कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच घटना का जायजा लिया। मृतक की पहचान 30 वर्षीय रमेश राय के रूप में हुई है। घटना को लेकर मृतक की पत्नी पंचवती देवी ने बताया कि रात में करीब 9 बजे 50 वर्षीय मेरे ससुर मदन राय घर पर आये और पुराना जमीन विवाद को लेकर झगड़ा करने लगे। इसी बीच गांव के लोग आये और समझा बूझा कर चले गये। उसके बाद फिर अचानक आरोपी पिता मदन राय ने घर से कुल्हाड़ी निकाला और ताबड़तोड़ प्रहार कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये। घायल को ईलाज के लिए फूलों झानों मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया। जहां से गंभीर स्थिति को लेकर डॉक्टरों ने इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया। लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गयी। वहीं मामले को लेकर थाना प्रभारी ने बताया कि घटना के बाद मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए दुमका भेजा गया है। घटना जमीन विवाद को लेकर बताया जा रहा है। घटना के बाद आरोपी पिता को हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस मामले को लेकर जांच पड़ताल में जुट गयी है।

# सदर अस्पताल सभागार में आदर्श दंपत्ति सम्मेलन सह सीएचओ सम्मान समारोह आयोजित




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** उपायुक्त विजया जाधव के निदेर्शानुसार सदर अस्पताल सभागार में आदर्श दंपत्ति सम्मेलन सह सीएचओ सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद उपाधीक्षक डॉ अरविंद कुमार डीपीएम दीपक कुमार डीपीसी मनोज कुमार महतो डीएएम अमित कुमार सिन्हा डीडीएम कंचन कुमारी सभी ब्लॉक के बीटीसी सहिया दीदी आदि उपस्थित थे। समारोह में सभी नौ प्रखंडों से योग्य दंपत्ति जिन्होंने दो बच्चों के बाद ऑपरेशन करा लिया है एवं दो बच्चों के बीच में तीन साल का अंतर रखा- उन्हें सम्मानित करने का कार्य किया गया। समारोह में प्रत्येक प्रखंड से आये तीन योग्य दंपत्तियों ने हिस्सा लिया, जिन्हें सम्मान स्वरूप प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। सम्मान पाने वाले दंपतियों में जरीडीह प्रखंड से रेखा कुमारी, सरिता देवी एवं जुगनी देवी, चंदनकियारी प्रखंड से स्मिता व सरिता देवी, बेरमो प्रखंड से पूनम, छोटी देवी एवं पूजा देवी, पेटरवार से ममता देवी, नावाडीह प्रखंड से आशा देवी एवं गायत्री देवी, कसमार प्रखंड से सुनीता देवी सरिता देवी एवं सुषमा देवी शामिल रहीं। वहीं सीएचओ सम्मान समारोह में बेहतर कार्य करने वाले सीएचओ को प्रशस्ति पत्र एवं कार्यालय कार्य हेतु लैपटॉप देकर सम्मानित किया गया। सम्मान पाने वाले सीएचओ में सीएचओ लक्ष्मी कुमारी आयुष्मान आरोग्य मंदिर चांपी, सीएचओ सोनी बंक आयुष्मान आरोग्य मंदिर चांदो, सीएचओ अनुराधा आयुष्मान आरोग्य मंदिर अरजुआ, सीएचओ अजंलीना आयुष्मान आरोग्य मंदिर चिलगड्डा, सीएचओ अनीता आयुष्मान आरोग्य मंदिर घटियाली, सीएचओ विद्या रानी आयुष्मान आरोग्य मंदिर अदखुडी, सीएचओ अजीमुन निशा आयुष्मान आरोग्य मंदिर अंगवाली एवं सीएचओ चदंना कुमारी आयुष्मान आरोग्य मंदिर बलरामपुर शामिल रहीं।

## खबर एक नजर में

### कसमार के भाकपा माले नेता शकुर अंसारी के आवास पर ईद मिलन समारोह आयोजित

**बोकारो/कसमार।** कसमार थाना क्षेत्र के इस्लाम धर्मावलंबी गांव सुरजुडीह गर्री मंजूरा बगियारी बगदा मधुकरपुर हरनाद कूलागूजू खैराचातर करमा बरईकला मोचरो कमलापुर वनकनारी ललमटिया रांगामाटी कुरको आदि गांवों में ईद का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान सुरजुडीह गांव के पूर्व मुखिया रईस कौसर एवं गर्री निवासी सह कसमार अंजुमन कमेटी के सदर मो शेरे आलम ने कहा कि ईद आपसी प्रेम व भाईचारा का त्योहार है। इधर कसमार के भाकपा माले नेता शकुर अंसारी ने अपने आवास पर ईद मिलन समारोह का आयोजन किया। इसमें हिंदू व मुस्लिम धर्म से जुड़े कसमार प्रखंड के विभिन्न राजनीतिक व सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल थे। मौके पर भाजपा नेता संजय चौबे, माले के प्रखंड सचिव गंगाधर महतो, झामुमो नेता सिकंदर कपरदार, वरीय अधिवक्ता उज्जवल मुखर्जी, पंसस प्रतिनिधि राजेश कपरदार, समाजसेवी सूरज जायसवाल, राजू महतो, उमाशंकर महाराज, समुदायिक अस्पताल कसमार के चिकित्सक डॉ राहुल प्रियदर्शी, मो. शेरे आलम, मो. रईस कौसर, साजिद अंसारी उर्फ बब्लू अंसारी, मौलाना रूहुल होदा, मौलाना साबिर, गुलाम हुसैन, मौलवी निशार, रहमगुल अंसारी, नुरुल अंसारी, सुल्तान अंसारी, मोजिन जाकिर, इरफान अंसारी, गर्री के मोबिन अंसारी, बगियारी के हसन अंसारी, बब्लू अंसारी, इब्राहिम अंसारी, मंजूरा के शौकत अंसारी आदि कई लोग मौजूद थे।

### बोकारो में ईस्ट जोन की शूटिंग बॉल चैंपियनशिप में पश्चिम बंगाल ने मारी बाजी




**बोकारो।** झारखंड स्टेट शूटिंग बॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में नगर के सेक्टर-6 स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल के मैदान में आयोजित दो दिवसीय ईस्ट जोन शूटिंग बॉल प्रतियोगिता के बालक वर्ग में पश्चिम बंगाल की टीम ने बाजी मारी। झारखंड द्वितीय तथा असम तृतीय स्थान पर रहा। महिला वर्ग में पश्चिम बंगाल ने बिहार को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। झारखंड तृतीय स्थान पर रहा। समापन समारोह के मुख्य अतिथि धनबाद लोकसभा क्षेत्र के सांसद ढुल्लू महतो ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को कप प्रदान कर पुरस्कृत किया। फाइनल के समापन में भगवान साहू ने धन्यवाद ज्ञापन के द्वारा खेल समारोह का समापन किया। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि एवं अन्य गणमान्य जनों ने फेडरेशन के अधिकारी टिकलू राय, पश्चिम बंगाल के पीके पोद्दार, त्रिपुरा के सचिव ज्योति देवनाथ, पश्चिम बंगाल के पलाश, छत्तीसगढ़ के देव अवतार, झारखंड के सचिव चंदन कुमार सिंह, अशोक कुमार साहू, रविकांत, श्रीकांत सिंह, सुधांशु शेखर, मुकुट, पंकज कुमार बरनवाल, भगवान प्रसाद साहू, रणधीर कुमार, झारखंड शूटिंग बॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष राहुल कुमार, सुरेंद्र कुमार बीएसएल अधिकारी हरि मोहन झा के अलावा समाजसेवी विनोद कुमार, समीर कुमार राय, कन्हैया पांडे, श्याम गुप्ता, मंटू यादव आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### 13वें झारखंड रोप स्किपिंग चैंपियनशिप में डीपीएस चास को 24 स्वर्ण

**बोकारो।** 13वें झारखंड राज्य रोप स्किपिंग चैंपियनशिप में डीपीएस चास के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का परिचय देकर विद्यालय सहित बोकारो जिले का नाम रौशन किया है। विदित हो कि उक्त प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 29 से 30 मार्च 2025 को बीआर इंटरनेशनल स्कूल कोडरमा में किया गया था। उक्त राज्य स्तर पर आयोजित दो दिवसीय प्रतियोगिता में झारखंड के 12 जिलों के विभिन्न स्कूलों से लगभग 150 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया था। डीपीएस चास के विद्यार्थियों ने 24 स्वर्ण पदक एवं तीन रजत पदक सहित कुल 27 पदक हासिल किया है जबकि बोकारो जिले को कुल 40 स्वर्ण पदक 12 रजत पदक तथा 3 कांस्य पदक मिले हैं। पदक जीतने वाले विद्यार्थियों में छठी कक्षा के आशी सिंह ने चार स्वर्ण पदक, कक्षा सातवीं की टियारा अनुश्री जेना तथा चतुर्थ की शिवांशी ने तीन-तीन स्वर्ण पदक कक्षा पांचवी की कार्तिशा शर्मा जया सिद्दीकी तथा वंशिका सुमन ने दो-दो स्वर्ण पदक तथा एक-एक रजत पदक तथा कक्षा आठवीं की मिशिता बर्णवाल ने एक स्वर्ण पदक हासिल किया है। विद्यालय की चीफ मेंटर डॉ हेमलता एस मोहन एवं निदेशिका सह प्राचार्या डॉ मनीषा तिवारी ने सभी शिक्षार्थियों को जीत की बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। साथ ही साथ उन्होंने समग्र विकास हेतु खेल को जीवन में अपनाने का संदेश दिया।

### जमीन के मुआवजे को लेकर अदानी कंपनी के गेट के पास ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**गोड्डा।** मोतिया ग्राम स्थित अदानी पावर प्लांट की मुश्किलें कम होती नहीं दिख रही हैं। एक ओर कंपनी दावा करती है हमने सभी जमीन के मालिकों को मुआवजा दे दिया है वहीं दूसरी ओर जमीन के जोतदार भोलीदार को जो मुआवजे का ऐलान किया गया था वो नहीं मिलने से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। साथ अपनी मांगें रखने पर अपने सुरक्षाकर्मियों से मारपीट कराने के भी आरोप लगाते हैं। आज ग्रामीणों ने अपनी मांगें जोरदार तरीके से रखी हैं लेकिन कंपनी की ओर से अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

# श्री राम कथा में राजन जी महाराज के सुमधुर भजनों पर झूम उठे श्रद्धालु, हुई पुष्प वर्षा




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** श्री राम कथा आयोजन ट्रस्ट की ओर से आयोजित श्री राम कथा में अंतरराष्ट्रीय कथावाचक राजन जी महाराज ने सीता स्वयंवर और प्रभु श्री राम द्वारा शिव-धनुष उठाने वाले दृश्य का जीवंत वर्णन कर सभी को भाव विभोर कर दिया। राजन जी महाराज ने बताया कि बक्सर में ताड़का वध के पश्चात मुनि विश्वामित्र के साथ मिथिला की वाटिका में श्री राम अपने अनुज लक्ष्मण के साथ पहुंचे। वहां मिथिला नरेश राजा जनक द्वारा मुनि विश्वामित्र के आतिथ्य सत्कार सहित श्री राम एवं अनुज लक्ष्मण के मिथिला नगरी भ्रमण के दौरान सखियों की परस्पर वार्ता एवं दोनों राजकुमार के विषय में चर्चा को विस्तार से बताते हुए राजन जी महाराज ने बताया कि अगले दिन पुष्प वाटिका से पुष्प लाने गए राजकुमारों- श्री राम एवं लक्ष्मण को देखकर एक सहेली ने जानकी व अन्य सखियों को किस भाव विह्वलता से चर्चा की। उसी दिन उसी समय माता सुनैना के कहने पर मां जानकी पुष्प वाटिका के प्रांगण में स्थित मां पार्वती के मंदिर में पूजन करने पहुंची थीं। राजन जी महाराज ने आकर्षक एवं मनोहारी अंदाज में सीता स्वयंवर के लिए आयोजित धनुष यज्ञ का विधिवत वर्णन करते हुए बताया कि उपस्थित लगभग दस हजार राजा, राजकुमार, देव, गंधर्व आदि द्वारा शिव धनुष को तोड़ना तो दूर वे टस से मस नहीं कर सकें। तत्पश्चात राजा जनक ने वीरों से खाली धरती का जिक्र करते हुए जब ललकारा तो उनकी ललकार सुनकर लक्ष्मण जी से नहीं रहा गया। उन्होंने शौर्य भरे अंदाज में अपनी भावना प्रकट की। इसके बाद विश्वामित्र की आज्ञा पाकर श्री रामचंद्र उठते हैं और बिजली की चमक की घड़ी में ही शिव धनुष को उठाते हैं और प्रत्यंचा चढ़ाते ही पल भर में शिव धनुष टूट जाता है।

राजन जी महाराज के कथा वाचन के दौरान बीच-बीच में मनोहर अंदाज में भजन गायन से श्रद्धालु अपनी सीट छोड़कर नृत्य की मुद्रा में भाव विभोर हो झूमते रहे। कथा में मिथिला के स्वयंवर स्थल पर आकाश से देवगण पुष्प वर्षा करते हैं तो कथा मंडप में भी कृत्रिम पुष्प वर्षा का चित्रण किया गया।

स्पीड न्यूज

## फिल्म जाट में नजर आयेंगी उर्वशी रौतेला



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री उर्वशी रौतेला फिल्म जाट में सनी देओल के साथ नजर आयेंगी। सनी देओल और रणदीप हुड्डा स्टारर जाट की रिलीज का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म में उर्वशी रौतेला भी नजर आने वाली है। वह इस फिल्म में 'टच किया' गाना पर सनी देओल के साथ डांस करती नजर आयेंगी। उन्होंने कहा, यह गाना जबरदस्त और बोल्ड होने वाला है।

## टाटा मोटर्स के वाहनों की बिक्री 4 फीसदी घटी

नयी दिल्ली । देश की प्रमुख वाहन निर्माता कंपनी टाटा मोटर्स लिमिटेड के 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष में घरेलू बाजार में वाहनों की कुल बिक्री इसके पिछले वित्त वर्ष के नौ लाख 49 हजार 15 इकाई के मुकाबले चार प्रतिशत कम होकर नौ लाख 12 हजार 155 इकाई रह गई। कंपनी ने मंगलवार को बताया कि उसने वित्त वर्ष 2024-25 में घरेलू बाजार में कुल नौ लाख 12 हजार 155 वाहनों की बिक्री की, जो वित्त वर्ष 2023-24 के नौ लाख 49 हजार 015 इकाई के मुकाबले चार प्रतिशत कम है।

## आसाराम ने जोधपुर जेल में किया सरेंडर

जोधपुर। अपने ही आश्रम की नाबालिग छात्रा से रेप करने का दोषी आसाराम ने जमानत अवधि खत्म होने पर मंगलवार को फिर जोधपुर की सेंट्रल जेल में सरेंडर कर दिया है। राजस्थान हाईकोर्ट से मिली अंतरिम जमानत 31 मार्च को समाप्त हो गई है। आसाराम के वकील ने जमानत अवधि बढ़ाने के लिए याचिका दाखिल की है, जिस पर कोर्ट दो अप्रैल को सुनवाई करेगा। कोर्ट में 29 से 31 मार्च तक छुट्टी के बाद मंगलवार को आसाराम के वकील निशांत बोड़ा ने सुनवाई का आग्रह किया था।

## प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. गोयनका का निधन

नयी दिल्ली। हिन्दी के प्रख्यात लेखक और उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद के साहित्य के सर्वोत्तम विद्वान शोधकर्ता डॉ. कमल किशोर गोयनका का मंगलवार को निधन हो गया। उनके बेटे संजय ने बताया कि उन्होंने 87 वर्ष की उम्र में दिल्ली के फोर्टिस अस्पताल में सुबह लगभग 7:30 अंतिम सांस ली। उनके छोटे पुत्र राहुल विदेश में हैं। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को किया जाएगा। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में 11 अक्टूबर 1938 को जन्मे कमल किशोर गोयनका को वर्ष 2014 के लिए 24वें व्यास सम्मान से अलंकृत किया गया था। यह पुरस्कार उन्हें उनकी पुस्तक 'प्रेमचंद की कहानियों का कालक्रमानुसार अध्ययन' के लिए दिया गया था।

## विक्रमशिला विवि में जल्द शुरू होगी पढ़ाई

पटना। नालंदा विश्वविद्यालय के बाद एक और प्राचीन विश्वविद्यालय को जीवंत किया जा रहा है। बिहार के भागलपुर जिले में स्थित प्राचीन विक्रमशिला विश्वविद्यालय के खंडहरों के पास एक नए आधुनिक कैंपस का निर्माण किए जाने की योजना है। विक्रमशिला विश्वविद्यालय बनने के बाद बिहार को एक और सेंट्रल यूनिवर्सिटी मिल जाएगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल के बाद इस पर काम तेजी से किया जा रहा है। हालांकि, नए विक्रमशिला विश्वविद्यालय के लिए अभी जमीन अधिग्रहण का काम चल रहा है, लेकिन इसका शैक्षणिक सत्र जल्द ही शुरू होने की संभावना है।

# रक्षा, खनन व कृषि में एक दूसरे को सहयोग करेगा भारत-चिली

## प्रधानमंत्री मोदी और चिली के राष्ट्रपति बोरिक की मौजूदगी में कई समझौते पर हस्ताक्षर

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत और लैटिन अमेरिकी देश चिली ने समग्र आर्थिक साझीदारी समझौते के लिए बातचीत शुरू करने तथा रक्षा उत्पादन, खनन, कृषि, डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे, नवीकरणीय ऊर्जा, रेलवे, अंतरिक्ष आदि क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने का निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चिली के राष्ट्रपति ग्रेबियल बोरिच फॉन्ट के साथ यहां हैदराबाद हाउस में हुई द्विपक्षीय बैठक में ये फैसले किये। इस मौके पर दोनों पक्षों के बीच चार दस्तावेजों पर हस्ताक्षर के बाद आदान-प्रदान किया गया। इनमें अंटार्कटिका सहयोग पर आशय पत्र, भारत-चिली सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम, आपदा प्रबंधन पर चिली के राष्ट्रीय आपदा रोकथाम और प्रतिक्रिया सेवा और भारत के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के बीच समझौता ज्ञापन तथा बहुमूल्य खनिजों के खनन के क्षेत्र में कोडेल्को और हिंदुस्तान

**▶▶ भारत के लिए महत्वपूर्ण मित्र देश है चिली : मोदी**

कॉपर लिमिटेड (एचसीएल) के बीच समझौता ज्ञापन शामिल है।

मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति बोरिच के भारत के लिए जो मित्रता का भाव और संबंधों को मजबूत करने के लिए उनकी प्रतिबद्धता है, वह अद्भुत है। इसके लिए वह उनका विशेष अभिनन्दन करते हैं।

उन्होंने कहा कि भारत के लिए चिली लैटिन अमेरिका में एक महत्वपूर्ण मित्र और साझीदार देश है। आज की चर्चाओं में हमने आने वाले दशक में सहयोग बढ़ाने के लिए कई नई पहलों की पहचान की। आपसी व्यापार और निवेश में वृद्धि का हम स्वागत करते हैं। हम सहमत हैं, कि इसमें और अधिक सहयोग की अपार क्षमता भी है। आज हमने एक पारस्परिक लाभकारी समग्र आर्थिक साझीदारी समझौते पर चर्चा शुरू करने के लिए अपनी टीमों को निर्देश दिए हैं



मोदी ने कहा कि बहुमूल्य खनिजों के क्षेत्र में साझीदारी को बल दिया जाएगा। सतत आपूर्ति और मूल्यवर्धन श्रृंखलाओं को स्थापित करने के लिए काम किया जाएगा। कृषि के क्षेत्र में, एक दूसरे की क्षमताओं को जोड़ कर, खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सहयोग किया जाएगा। डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे, नवीकरणीय ऊर्जा, रेलवे, अंतरिक्ष तथा अन्य क्षेत्रों में भारत अपना सकारात्मक अनुभव चिली के साथ साझा करने के लिए तैयार है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हम चिली को अंटार्कटिका के गेटवे के रूप में देखते हैं। इस महत्वपूर्ण क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए आज दोनों पक्षों के बीच समझौता पत्र पर बनी सहमति का हम स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत चिली की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में एक विश्वसनीय भागीदार रहा है। हम इस सहयोग को और गहरा करने पर सहमत हुए। यह खुशी का विषय है कि चिली के लोगों ने योग को स्वस्थ जीवनशैली के रूप में अपनाया है। चिली में चार नवंबर को राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया जाना हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। हमने चिली में आयुर्वेद और पारंपरिक चिकित्सा में भी सहयोग बढ़ाने पर विचार किया।

ोदी ने कहा कि रक्षा के क्षेत्र में बढ़ता सहयोग हमारे गहरे आपसी विश्वास का प्रतीक है। हम इस क्षेत्र में, एक दूसरे की जरूरतों के अनुसार रक्षा उद्योग विनिर्माण और आपूर्ति श्रृंखला तैयार करने के लिए आगे बढ़ेंगे। संगठित अपराध, तस्करी, आतंकवाद जैसी साझा चुनौतियों का सामना करने के लिए हम दोनों देशों की एजेंसियों के बीच सहयोग बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर भारत और चिली सहमत हैं, कि सभी तनावों और विवादों का समाधान बातचीत के माध्यम से किया जाना चाहिए। हम एकमत हैं, कि वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद तथा अन्य संस्थानों में सुधार आवश्यक है। विश्व के मानचित्र पर भारत और चिली भले ही अलग छोर पर हों, हमारे बीच भले ही विशाल महासागरों की दूरी हो, किन्तु प्रकृति ने हमें अनोखी समानताओं से जोड़ा है। हम मिलकर वैश्विक शांति और स्थिरता में योगदान देते रहेंगे।

# टैरिफ से सहमा शेयर बाजार

## सेंसेक्स 1390 और निफ्टी 354 अंक लुढ़का

एजेंसी

मुंबई। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनाल्ड ट्रंप के बुधवार से पारस्परिक टैरिफ लागू करने की धमकी से निवेशकों के निवेश के सुरक्षित गंतव्य स्वर्ण और बॉन्ड की ओर रुख करने से हुई भारी चौतरफा बिकवाली से मंगलवार को शेयर बाजार में कोहराम मच गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1390.41 अंक अर्थात 1.80 प्रतिशत का गोता लगाकर दो सप्ताह के निचले स्तर 76,024.51 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 353.65 अंक यानी 1.50 प्रतिशत की गिरावट लेकर 23165.70 अंक पर बंद हुआ। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में मिलाजुला रुख रहा। मिडकैप 1.04 प्रतिशत लुढ़ककर 41,099.88 अंक पर पहुंच गया जबकि स्मॉलकैप 0.07 प्रतिशत की बढ़त लेकर 46,671.93 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई

**▶▶ निवेशकों को तीन लाख करोड़ अधिक का नुकसान**

**▶▶ आइटी सेक्टर में सबसे अधिक गिरावट**

में कुल 4195 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2708 में लिवाली जबकि 1344 में बिकवाली हुई वहीं 143 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कुल 2994 कंपनियों के शेयर कारोबार के लिए रखे गए, जिनमें से 1955 में तेजी जबकि 960 में गिरावट रही वहीं 79 के भाव स्थिर रहे।

शेयर बाजार में आई कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन कारोबार के बाद घट कर 409.48 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन



412.87 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 3.39 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया।

इससे बीएसई में तेल एवं गैस और दूरसंचार की 2.02 प्रतिशत की तेजी को छोड़कर अन्य 19 समूहों में गिरावट रही। इस दौरान कमोडिटीज 0.42, सीडी 0.45, ऊर्जा 0.02, एफएमसीजी 0.75, वित्तीय सेवाएं 1.78, हेल्थकेयर 1.42, इंडस्ट्रियल्स 0.85, आईटी 2.24, यूटिलिटीज 0.84, ऑटो 0.29, बैंकिंग 1.50, कैपिटल गुड्स 1.47, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 2.51, धातु 0.89, पावर 1.28, रियल्टी 3.05, टेक 1.73, सर्विसेज 0.28 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 2.42 प्रतिशत लुढ़क गए। वैश्विक स्तर पर तेजी का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.69, जर्मनी का डैक्स 1.09, जापान का निक्केई 0.02, हांगकांग का हैंगसेंग 0.38 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.38 प्रतिशत उछल गया। इसी तरह निफ्टी भी 178 अंक टूटकर 23,341.10 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 23,565.15 अंक के उच्चतम जबकि 23,136.40 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 23,519.35 अंक की तुलना में 1.50 प्रतिशत कमजोर रहकर 23,165.70 अंक पर बंद हुआ।

जोमैटो और इंडसइंड बैंक की 5.11 प्रतिशत तक की तेजी को छोड़कर सेंसेक्स की अन्य 28 कंपनियों में गिरावट रही। एचसीएल टेक 3.87, बजाज फिनसर्व 3.46, एचडीएफसी बैंक 3.35, बजाज फाइनेंस 2.81, इंफोसिस 2.73, टाइटन 2.52, आईसीआईसीआई बैंक 2.28, सन फार्मा 2.22, रिलायंस 1.77, एलटी 1.58, टेक महिंद्रा 1.55, एनटीपीसी 1.54, टीसीएस 1.50, एक्सिस बैंक 1.50 और कोटक बैंक 1.20 प्रतिशत नुकसान में रही।

# दिल्ली में शुरू हुआ सेना के कमांडरों का सम्मेलन

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय सेना के कमांडरों का सम्मेलन मंगलवार से नई दिल्ली में शुरू हुआ, जो 04 अप्रैल तक चलेगा। सम्मेलन में समग्र सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करने के साथ ही उभरती चुनौतियों से निपटने के लिए प्रमुख परिचालन प्राथमिकताओं पर विचार-विमर्श किया जाएगा। पहले दिन सेना के कमांडरों ने अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में हिस्सा लिया। इस दौरान किसी एक सत्र की अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे और मुख्य भाषण देंगे। इस सत्र में भारतीय सेना में 'सुधारों के वर्ष' पर एक प्रस्तुति दी जाएगी। सेना ने बताया कि भारतीय सेना के कमांडरों का यह शीर्ष-स्तरीय कार्यक्रम है। यह वैचारिक स्तर के विचार-विमर्श के लिए एक संस्थागत मंच है। यह विचार-विमर्श भारतीय सेना के लिए महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय लेने में मददगार होता है। सीडीएस जनरल अनिल चौहान संबोधित करेंगे। सम्मेलन में नीति आयोग के सीईओ सक्षम एवं सशक्त भारत के निर्माण में सशस्त्र बलों की

**समीक्षा के साथ उभरती चुनौतियों पर होगी चर्चा**

परिकल्पित भूमिका पर व्याख्यान देंगे। रक्षा मंत्रालय के अनुसार भारतीय सेना को चुस्त-दुरुस्त बनाने, तकनीकी रूप से सक्षम और भविष्य के लिए तैयार सेना के लक्ष्य के अनुरूप वरिष्ठ पदानुक्रम प्रभावी निर्णय लेने के लिए नई पद्धतियों की शुरूआत के लिए विशेषज्ञों के साथ गहन विचार-विमर्श किया जाएगा। इसके अलावा फील्ड आर्मी की प्रक्रियाओं को आसान बनाने पर ध्यान केंद्रित किया जाना है, ताकि उन्हें अधिक स्थायी और उत्तरदायी बनाया जा सके। सम्मेलन में सैनिकों और उनके परिवारों के जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने के उद्देश्य से कर्मियों के कल्याण संबंधित मुद्दों पर भी चर्चा की जाएगी। रक्षा मंत्रालय ने मौजूदा और भविष्य के सुधारों को गति देने के लिए 2025 को 'सुधारों का वर्ष' के रूप में मनाने का फैसला लिया है। यह वर्ष रक्षा तैयारियों में अभूतपूर्व प्रगति की नींव रखने के साथ ही 21वीं सदी की चुनौतियों के बीच भारत की सुरक्षा और संप्रभुता सुनिश्चित करेगा।



**नहाय-खाय के साथ शुरू हुआ लोक आस्था का महापर्व चैती छठ**

**पटना। लोक आस्था के महापर्व चैती छठ मंगलवार से नहाय-खाय के साथ शुरू हुआ। नहाय-खाय में व्रती स्नान कर नए वस्त्र धारण करते हैं और चने की दाल, कद्दू की सब्जी, और चावल ग्रहण करते हैं। इस दिन घर की साफ-सफाई और शुद्धिकरण पर जोर दिया जाता है। पटना जिला प्रशासन ने 41 गंगा घाट और सात तालाबों को तैयार कियाहै। घाटों की सफाई और एप्रोच रोड के साथ गंगा नदी में बेरीकेडिंग, शुद्ध पेजल, लाइटिंग, शौचालय और चेंजिंग रूम की व्यवस्था की गई है।**

# जोधपुर आईआईटी में ब्रिज इंजीनियरिंग की होगी पढ़ाई

एजेंसी

जोधपुर। आने वाले समय में ड्रोन विशेषज्ञों की जरूरतों को देखते हुए जोधपुर आईआईटी ने पहल की है। यहां देश में पहली बार ब्रिज इंजीनियरिंग में एमटेक व ड्रोन और एंटी-ड्रोन टेक्नोलॉजी में स्पेशलाज्ड एमटेक कोर्स शुरू होने जा रहा है। पुल निर्माण तकनीक में दक्षता बढ़ाने के लिए ब्रिज इंजीनियरिंग में आईआईटी एमटेक पाठ्यक्रम शुरू किया जा रहा है। इसके लिए आईआईटी जोधपुर में 2025-26 के सत्र के लिए एडमिशन शुरू हो गए हैं। आईआईटी जोधपुर के निदेशक प्रो. अविनाश अग्रवाल ने बताया कि संस्थान के मैकेनिकल इंजीनियरिंग

**पुल निर्माण तकनीक में दक्षता बढ़ाने के लिए शुरू होगा कोर्स**

विभाग में ड्रोन और एंटी-ड्रोन टेक्नोलॉजी में विशेष एमटेक कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। ड्रोन रक्षा, निगरानी, आपदा प्रबंधन, रसद, कृषि और शहरी गतिशीलता जैसे क्षेत्रों में तेजी से बदलाव ला रहे हैं, जबकि काउंटर-ड्रोन तकनीक राष्ट्रीय सुरक्षा और रक्षा के लिए तेजी से महत्वपूर्ण होती जा रही है।

अग्रवाल ने बताया कि इस पाठ्यक्रम में एक अनूठी विशेषता है कि छात्र स्क्रैच से ड्रोन को इकट्ठा करेंगे। घटकों का विश्लेषण करेंगे। प्रदर्शन मीट्रिक की गणना करेंगे और उड़ान परीक्षण करेंगे। यह कोर्स बढ़ते उद्योग के लिए काफी लाभदायक होगा। उन्होंने बताया कि पूरी जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध करवाई गई है। इच्छुक उम्मीदवारों के पास इंजीनियरिंग या विज्ञान में स्नातक की डिग्री या संबंधित क्षेत्रों में स्नातकोत्तर डिग्री होनी चाहिए। पंद्रह अप्रेल तक आवेदन किए जा सकते हैं। जोधपुर के सिविल और इंफ्रास्ट्रक्चर इंजीनियरिंग विभाग द्वारा तैयार किया गया यह देश का पहला ब्रिज इंजीनियरिंग का एमटेक कोर्स है। इसे विशेष रूप पुल डिजाइन, निर्माण और रखरखाव में आधुनिक चुनौतियों का समाधान करने के लिए डिजाइन किया गया है। इसमें प्रीस्ट्रेस्ड कंक्रीट, केबल-सपोर्टेड ब्रिज और उन्नत कंक्रीट प्रौद्योगिकी शामिल हैं।

## गुजरात : पटाखा फैक्ट्री में भीषण आग से 17 की मौत

पालनपुर। गुजरात में बनासकांठा जिले के डीसा रूरल क्षेत्र में मंगलवार को एक पटाखा फैक्ट्री में अचानक लगी भीषण आग में 17 लोगों की मौत हो गयी। पुलिस ने बताया कि डीसा जीआईडीसी के निकट एक पटाखा फैक्ट्री में किसी कारण से आज सुबह अचानक भीषण आग लग गयी। इस दौरान झुलसने से 17 लोगों की मौत हो गयी।

अग्निशमन अधिकारी ने सूचना मिलते ही दमकल की छह गाड़ियों के साथ दमकल कर्मी मौके पर पहुंच गए। दमकल कर्मियों ने करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया है।

# कसाइयों को जहन्नुम भेजा, तो सपा को हुई परेशानी

एजेंसी

बरेली। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आठ साल में बरेली समेत सूबे भर में कहीं भी दंगे नहीं हुये। यदि अब किसी ने दंगा करने की हिम्मत की तो दंगाई की संपत्ति जब्त कर गरीबों में बांट दी जाएगी। समाजवादी सरकार ने ने गोवंश को लावारिस छोड़ दिया था। उनके मुखिया कहते हैं कि गोबर से दुर्गंध आती है। ये उनकी असलियत है। वे गौमाता को कसाइयों के हवाले करते थे। हमने कसाइयों को जहन्नुम भेजा, तो सपा को परेशानी हुई। वह बरेली में मंगलवार को स्कूल चलो अभियान और संचारी रोग नियंत्रण अभियान के शुभारंभ के मौके पर संबोधित कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बरेली में 932 करोड़ रुपये की 132 विकास



परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। पूरे प्रदेश के लिए 2500 नई एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बरेली कॉलेज ग्राउंड से मुख्यमंत्री ने बिना नाम लिए अखिलेश यादव पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि गो-तस्करों और कसाइयों के साथ जिनके संबंध थे, वे गौमाता की सेवा क्या जानें। उनको गौमाता के गोबर में तो दुर्गंध ही नजर आएगी। उन्हें अपने कृत्यों में दुर्गंध नजर

**दंगा करने की हिम्मत की तो दंगाई की संपत्ति बांट दी जाएगी गरीबों को : योगी**

नहीं आती है। 2017 से पहले बरेली में हर साल पांच-सात दंगे आम बात थी। अब बरेली में दंगा नहीं, चंगा है। उन्होंने कहा कि जिन एम्बुलेंस को आज हरी झंडी दिखाई गई है, उनसे स्वास्थ्य सेवाएं और अधिक सशक्त होंगी। 2017 से पहले 108 एंबुलेंस सेवा का रिस्पांस टाइम 17 से 19 मिनट था, जिसे अब घटाकर 7 मिनट से कम किया गया है। इन्सेफलाइटिस, डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया जैसी बीमारियों से निपटने के लिए यह अभियान जरूरी है। इस मौके पर लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, टूलकिट और आर्थिक सहायता के चेक वितरित किए गए। योगी ने बताया कि शिक्षक-छात्र अनुपात सुधारने के लिए 1.25 लाख से अधिक शिक्षकों की भर्ती की गई है। अब स्कूलों को इंटीग्रेटेड स्कूल कॉम्प्लेक्स के रूप में विकसित किया जाएगा। प्रदेश में 16 अटल आवासीय विद्यालय शुरू किए गए हैं, जो श्रमिकों के बच्चों के लिए मॉडल स्कूल के रूप में कार्य करेंगे। 2017 से पहले सरकारी स्कूलों की हालत खराब थी। अब 1.91 करोड़ छात्रों के बैंक खातों में 1200 रुपये भेजे जा रहे हैं। सरकार द्वारा दो यूनिफॉर्म और संपूर्ण ड्रेस अनिवार्य रूप से दी जा रही है। इस दौरान कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह, वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार, बेसिक शिक्षा मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह, सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार, विधायक डॉ. राघवेन्द्र शर्मा, डॉ. डीसी वर्मा, डॉ. श्याम बिहारी लाल, संजीव अग्रवाल व कुंवर महाराज सिंह व अन्य मौजूद थे।

## मार्च में जीएसटी 9.9 फीसदी बढ़ा, 1.96 लाख करोड़ के पार

नयी दिल्ली। नए वित्त वर्ष 2025-26 की शुरूआत होने के साथ ही वस्?तु एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व संग्रह से सरकार का खजाना फिर भर गया है। मार्च महीने में जीएसटी राजस्व संग्रह सालाना आधार पर 9.9 फीसदी बढ़कर 1.96 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा, जबकि पिछले महीने फरवरी में यह 1.84 लाख करोड़ रुपये रहा था।

जीएसटी महानिदेशालय ने मंगलवार को जारी आंकड़ों में बताया कि मार्च माह में राजस्व संग्रह 9.9 फीसदी बढ़कर 1.96 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है। इसमें केंद्रीय जीएसटी संग्रह 38,100 करोड़ रहा, जबकि राज्य जीएसटी 49,900 करोड़ रुपये रहा। इसके साथ ही मार्च में एकीकृत संग्रह 95,900 करोड़ रुपये रहा।

